# Hindi Dewey Decimal Classification
&
# Relative Index

# हिंदी ड्यूई दशमलव वर्गीकरण
एवं
# सापेक्षिक अनुक्रमणिका

# Selective
# Hindi Dewey Decimal Classification
# and
# Relative Index

*Devised by*

MELVIL DEWEY

*Translation & Adaptation*
*by*

PRABHU NARAYAN GOUR

*First Hindi Edition*
*(Based on the 18th edition of the original Dewey Decimal Classification)*


FOREST PRESS INC.
OF
LAKE PLACID CLUB FOUNDATION
LAKE PLACID CLUB
NEW YORK 12946 U.S.A.
1976

चयनात्मक

# हिंदी ड्यूई दशमलव वर्गीकरण एवं सापेक्षिक अनुक्रमणिका

मूल प्रणेता

मेल्विल ड्यूई

अनुवादक एवं रूपान्तरकर्त्ता

प्रभुनारायण गौड़

प्रथम संस्करण

(मूल अंग्रेजी ग्रंथ के 18वें संस्करण पर आधारित)

लेक प्लेसिड क्लब एजुकेशन फाउंडेशन से संबद्ध

फ़ारेस्ट प्रेस इन्का० द्वारा प्रकाशित

लेक प्लेसिड क्लब

न्यू यॉर्क 12946 यू०एस०ए०

1976

# विषय-सूची

# अनुवादकीय भूमिका
# Translator's Introduction

पुस्तकालयों में पुस्तकें संग्रहालयों की संचित और संशीत ज्ञान भरी मंजूषाओं के प्रदर्शों की तरह केवल प्रदर्शन के लिए नहीं संगृहीत की जाती। पुस्तकों का संग्रह, विशेष कर आधुनिक काल मे, उनके अधिकतम उपयोग के लिए ही किया जाता है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए पुस्तकालय में पुस्तकों को सुव्यवस्थित क्रम से रखना आवश्यक है। "आयोजन और व्यवस्था प्रकृति का मौलिक गुण-धर्म है" — पुस्तकालय में पुस्तकों की सुव्यवस्था का मानवीय अभीप्ट भी इसी प्राकृतिक प्रवृत्ति का द्योतक है। सभ्यता के आदि काल से, जब से मनुष्यों ने पुस्तकों को संग्रह करना शुरू किया, वे उन्हें सुव्यवस्थित ढंग से रखने की विधियों की खोज में प्रयत्नशील रहे हैं। असीरियाई असुरबनिपाल के प्राचीन पुस्तकालय के मृदापट्ट और प्राचीन भारत में नालन्दा और तक्षशिला के हस्तलिखित ग्रंथ अपने निलयों पर एक सुनियोजित क्रम से ही रखे जाते थे। और जहाँ कहीं भी इन पुस्तकालयों का विवरण मिलता है वहाँ उनमें संगृहीत ग्रंथों को व्यवस्थित ढंग से रखने की पद्धतियों की भी चर्चा पाई जाती है।

यह अनुभव-सिद्ध है कि पुस्तकों का इस प्रकार का सुव्यवस्थित संगठन उनके विषयात्मक वर्गीकरण के आधार पर ही किया जा सकता है। "पुस्तकों की ऐसी व्यवस्था जो उन्हें उनके उपयोक्ताओं के लिए अधिकतम उपयोगी और सुलभ बना सके" — वस्तुत: यही वर्गीकरण का मौलिक उद्देश्य है। पुस्तकों को सुव्यवस्थित वर्गीकरण के द्वारा ही पुस्तकालयों का सक्षम संगठन और संचालन और उनमें पुस्तकों की औपचारिक प्रस्तुती, विन्यास और सेवा-कार्य, ये सभी संभव हो सकते हैं।

सामान्यत: वर्गीकरण का मौलिक सिद्धांत वस्तुओं को उनकी समानता अथवा असमानता के आधार पर अलग-अलग समूहों अथवा वर्गों में विभाजित करना है। पुस्तकों के बारे में इस प्रकार की समानता अथवा असमानता दो ही आधारों पर निर्धारित की जा सकती हैं – उनका वाह्य भौतिक रूप अथवा उनका आंतरिक विषय-वस्तु।

यह निर्विवाद है कि पुस्तकों का उपयोग उनके बाहरी रंगरूप और आकार-प्रकार के आधार पर नही किया जाता बल्कि इस आधार पर कि उनका अंतर्विषय

किन विशिष्ट ज्ञानात्मक जिज्ञासाओं की पूर्ति करता है। इसलिए पुस्तकालयों में पुस्तकों की व्यवस्था के लिए उनका विषयात्मक आधार ही सर्वोत्कृष्ट समझा जाता है। और संसार में जितनी ग्रंथ-वर्गीकरण प्रणालियाँ प्रचलित हैं उन सब का निर्माण प्रायः इसी आधार पर किया गया है।

## मानक वर्गीकरण प्रणालियों की उपयोगिता
## Utility of Standard Classification Systems

इसलिए यदि पुस्तकों का अधिकतम उपयोग ही उनके वर्गीकरण का प्रमुख उद्देश्य है तो पुस्तकाध्यक्ष के लिए यह नितांत अपेक्षित है कि वह अपनी पुस्तकों को सुनिर्धारित विषय-वर्गों के अनुसार उन्हें सुव्यवस्थित क्रम से संगठित करने के लिए कोई ऐसी प्रणाली अपनाए जो कि युक्ति-पूर्ण हो और पाठकों की सेवा के लिए सुबोध और सुसाध्य भी हो। ऐसी प्रणाली के संबंध में पुस्तकाध्यक्ष के सामने दो विकल्प हैं: या तो वह किसी स्वनिर्मित, स्वतंत्र वर्गीकरण प्रणाली को अपनाए अथवा किसी मान्यता-प्राप्त, मानक, मुद्रित और व्यापक रूप से व्यवहृत प्रणाली का आश्रय ले। आगे इस पुस्तक के संपादकीय भूमिका में इन दोनों विकल्पां का मूल्यांकन करके यह निश्चित मत व्यक्त किया गया है कि सामान्यत: पुस्तकाध्यक्ष किसी एक मान्यता-प्राप्त पुस्तक-वर्गीकरण प्रणाली को ही अपनाना अधिक उपादेय और हितकर समझते हैं। ऐसी परिस्थिति में पुस्तकाध्यक्ष के सामने यह समस्या खड़ी होती है कि वह ऐसी मान्यता-प्राप्त, मानक वर्गीकरण प्रणालियों में कौन सी प्रणाली अपनाए।

## मानक ग्रंथ-वर्गीकरण प्रणालियों के प्रमुख उपादान
## Main Components of Standard Classification Systems

सभी मानक प्रणालियों में ग्रंथ-वर्गीकरण के तीन प्रमुख उपादान माने गए हैं: (1) समस्त ज्ञान-क्षेत्र के क्रमिक विषय-विभाग और उनके आधार पर आयोजित **तालिकाएं**, (2) विषय-विभागों का क्रम-निर्देशन और विषय-वर्गों के अभिज्ञान के लिए उनके प्रतीकात्मक **वर्गांकों** का निर्धारण और (3) विषय-तालिकाओं में प्रयुक्त विषय-शीर्षकों की एक **अनुक्रमणिका**।

(1) **तालिकाएं (Schedules)** – ये तालिकाएं वर्गाचार्य द्वारा संपादित सम्यक् ज्ञान-क्षेत्र के विभाजन-क्रम को दर्शाती हैं। तालिकाओं की उपादेयता के लिए विषय-विभाजन का इतना पर्याप्त होना अपेक्षित है कि उनमें सभी ज्ञानात्मक विषयों का अंतर्संबंध और उनका सापेक्षिक महत्त्व स्पष्ट व्यक्त हो और उनसे उन विषयों का आशय और उद्देश्य, उनकी आयति, उनके विभिन्न पक्ष, उनका वर्गात्मक

अनुक्रम इत्यादि सभी बातें जानी जा सकें। इसीलिए वर्गीकरण-तालिकाओं को ज्ञान-क्षेत्र का एक "विषयात्मक मानचित्र" कहते हैं।

(2) **वर्गांक Notation** – पुस्तकों की वर्गीकरण-योजना केवल तालिकाओं में व्यवस्थित विषयों के विभाजन और अनुक्रमण से पूर्ण नहीं हो जाती। उनमें समाविष्ट विषय-शीर्षकों के लिए प्रतीक-स्वरूप सुनिश्चित् और संक्षिप्त वर्गांकों के निर्धारण की भी आवश्यकता होती है। वर्विक सायर्स ने वर्गांकों की उपमा आशु-लिपि-चिन्हों से दी है। जिस प्रकार आशुलिपि-चिन्हों से शब्दों, पदों और वाक्यांशों का बोध होता है उसी प्रकार वर्गांकों से वर्गीकरण तालिकाओं में प्रयुक्त विषय-शीर्षकों का बोध होता है।

वर्गांकों द्वारा वर्गीकरण प्रणाली में विषय-वर्गों के क्रम का निर्देश, उन्हें स्मरण रखने में सुविधा, प्रणाली में प्रत्येक विषय का निश्चित् स्थान-निर्धारण, अनुक्रमणिका से तालिकाओं में दिए गए विषयों का निर्देश और तालमेल, निलयों पर व्यवस्थित पुस्तकों के अंतर्विषय के लिए निर्धारित प्रतीक का समन्वय, पुस्तक-संचालन में सुविधा इत्यादि गुणों के कारण किसी भी वर्गीकरण प्रणाली में वर्गांकों के समावेश की अनिवार्यता सर्वमान्य है।

वर्गांको का सही, सुगम और सफल उपयोग किया जा सके इसके लिए उनमें चार 'सकार' गुण अत्यंत अपेक्षित हैं: (1) सरलता, (2) संक्षिप्तता, (3) सुग्राह्यता (नमनीयता) और (4) स्मरणीयता (स्मृति-सुलभता)

(3) **अनुक्रमणिका (Index)** – किसी भी ज्ञानात्मक वर्गीकरण प्रणाली में उसकी अनुक्रमणिका उसका एक बहुमूल्य और लाभप्रद उपादान मानी जाती है। अनुक्रमणिका म तालिकाओं में प्रयुक्त सभी शीर्षकों की अकारादि क्रम से सूची दी जाती है और इसमें प्रायः सभी विषय, उपविषय और उनके सूक्ष्म अंश जिनका तालिकाओं मे उल्लेख होता है, समाविष्ट होते हैं।

अनुक्रमणिकाएँ दो प्रकार से निर्माण की जाती हैं – (1) एक में प्रत्येक विषय के लिए केवल एक-एक संदर्भ-संलेख रहता है। इसे **विशिष्ट (specific)** अनुक्रमणिका कहते हैं, और (2) दूसरे में एक विषय से उससे संबद्ध सभी विषयों अथवा विषय-पक्षों का संदर्भ-संलेख उसी विषय के अंतर्गत एक ही स्थान पर दे दिया जाता है। इसे **सापेक्षिक (relative)** अनुक्रमणिका कहते हैं। यह स्पष्ट है कि वर्गीकरण प्रक्रिया में सापेक्षिक अनुक्रमणिका ही अधिक उपयोगी होती है।

किसी वर्गीकरण प्रणाली की पर्याप्तता और उपयोगिता में इन तीनों उपादानों (तालिका, वर्गांक, अनुक्रमणिका) के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए यह निर्विवाद है कि अन्य प्रणालियों की अपेक्षा मेल्विल ड्यूई की दशमलव-प्रणाली में इनका सबसे उत्कृष्ट और यथेष्ट प्रयोग किया गया है।

दशमलव-प्रणाली की तालिकाएँ ज्ञान के सम्यक् क्षेत्र को एक सुव्यवस्थित और क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत करती हैं और इनमें किसी भी विषय का विशिष्ट स्थान वर्ग-

क्रमानुसार सुगमता से मिल सकता है। ज्ञान के निरंतर विस्तार के परिणामस्वरूप इसमें नए विषयों के समावेश की भी पर्याप्त गुंजायश है। अतएव यह प्रणाली विस्तार-संकीर्णता के कारण कभी अपर्याप्त नहीं सिद्ध हो सकती।

इस प्रणाली मे वर्गाकों के लिए 1, 2, 3 जैसे साधारण अंकों का प्रयोग किया गया है जो अन्य किसी भी प्रतीक की अपेक्षा सार्वभौम, सरल, बोधगम्य और स्मरणोपकारी हैं। इसकी वर्गांकन प्रणाली इतनी नमनीय है कि इसका उपयोग किसी भी परिस्थिति अथवा पुस्तकालय के किसी भी विभाग के लिए अनुकूल और पुस्तकालय में किसी भी प्रक्रिया के लिए उपादेय और अनुयोज्य बनाया जा सकता है। इस प्रणाली के मौलिक अंकन न केवल काफ़ी सरल और संक्षिप्त हैं बल्कि उनमें बिना कोई परिवर्तन किए हुए दशमलव प्रविधि के द्वारा विषयों की सूक्ष्म से सूक्ष्म विशिष्टता इसके वर्गाकों के द्वारा अभिव्यक्त की जा सकती है।

दशमलव प्रणाली की सापेक्षिक अनुक्रमणिका इस वर्गीकरण प्रणाली का सबसे महत्त्वपूर्ण अंश है। इस अनुक्रमणिका में तालिकाओं के सभी शीर्षकों का या तो उन्हीं शब्दों मे या उनके पर्यायवाची शब्दों में उनके वर्गाकों के साथ उल्लेख किया गया है। और प्रत्येक शीर्षक के अंतर्गत उन विभिन्न संदर्भों का भी उल्लेख किया गया है जिनमें उनका प्रयोग किया जाता है। इस अनुक्रमणिका के द्वारा वर्गकारों के लिए पुस्तकों के उपयुक्त वर्गांक निर्धारित करने और उन पुस्तकों को सुविधा-सहित खोजकर पाठकों के लिए उपलब्ध करने, इन दोनों उपक्रमों मे यथोचित सहायता मिलती है।

## दशमलव वर्गीकरण प्रणाली
## Decimal Classification System

ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का आविष्कार लगभग सौ वर्ष पहले हुआ और उस समय से इसके प्रयोग में लगातार वृद्धि होती रही है। इस कालांतर में इसके आलोचक इस प्रणाली के अनेक दोषों और न्यूनताओं पर भी इसके प्रयोक्ताओं का ध्यान आकृष्ट करते रहे हैं। किंतु जैसा कि पुस्तकालय-विज्ञान के सुविख्यात विद्वान बर्विक सेयर्स ने कहा है, "कोई भी व्यक्ति दशमलव वर्गीकरण का इसके विषय-विन्यसन और वर्ग-क्रम की आधुनिकता अथवा उसके अंकनों की पर्याप्त लघुता का समर्थन नहीं करता। किंतु इनके बावजूद यह एक विलक्षण बात है कि आधुनिक संसार में अधिकाधिक संख्या में पुस्तकालय इस प्रणाली को प्रयोग में ला रहे हैं। कुछ ने तो अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इसमें संशोधन भी कर लिया है। किंतु सभी परिस्थितियों में यह प्रणाली व्यवहार्य सिद्ध हुई है। यदि हम यह स्वीकार न करें कि एक प्राविधिक प्रणाली जिसके प्रयोग में इसकी तथाकथित त्रुटियों के बावजूद, अस्सी वर्षों से न केवल इसकी उपादेयता और सक्रियता बनी रही है, इसके प्रयोग में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही है क्योंकि इसमें कतिपय सैद्धांतिक त्रुटियों की अपेक्षा

व्यावहारिक गुण अधिक हैं, तो हम अपने को इसकी सेवाओं के समुचित और यथार्थ मूल्यांकन करने के मामले में अयोग्य प्रमाणित करेंगे। इसके गुण से हमारा तात्पर्य इसकी उस ग्रहणशीलता और सुगम अनुकूलनीयता से है जिसके द्वारा पुस्तकों एवं अन्य पाठ्य-सामग्री के किसी भी छोटे या बड़े संग्रह को सूक्ष्म अथवा स्थूल रूप से वर्गीकृत करने और जैसे-जैसे उस संग्रह में वृद्धि होती जाय इसके वर्ग-विभाजन का भी समन्वित विस्तार करने में इस प्रणाली का सुगमतापूर्वक प्रयोग किया जा सकता है"।*

## मेल्विल ड्यूई का संक्षिप्त जीवन-परिचय

## A Brief Life-sketch of Melvil Dewey

यहाँ मेल्विल ड्यूई की जीवनी और उनके द्वारा दशमलव-वर्गीकरण-प्रणाली के आविष्कार और विकास का एक संक्षिप्त विवरण असंगत नहीं होगा।

दशमलव वर्गीकरण के प्रणेता और अमरीकी पुस्तकालय आंदोलन के प्रवर्तक मेल्विल लुई कोसुथ ड्यूई (मेल्विल ड्यूई) का जन्म १० दिसंबर, १८५१ को न्यूयॉर्क नगर के जेफ़रसन काउंटी में आडम्स सेंटर नामक स्थान में हुआ था। इनके पिता एक साधारण आर्थिक स्थिति के दुकानदार थे और साथ-साथ जूता बनाने का काम भी करते थे। घर में कोई नौकर न होने के कारण सभी घरेलू और दुकान की सफ़ाई इत्यादि का काम मेल्विल को ही करना पड़ता था।

घर और दुकान में चीज़ों को साफ़ और सुव्यवस्थित ढंग से रखने की प्रवृत्ति इनमें बचपन से ही थी। जब ये केवल पाँच वर्ष के थे उसी समय इन्होंने अपनी मां के भंडार और रसोई घर में रखे हुए सामान को हटाकर उन्हें फिर से सुघरता-पूर्वक संजोया क्योंकि जिस बेतरतीबी से वहाँ चीज़ें रखी हुई थीं वह इन्हें पसन्द न थीं। किंचित् कालोपरांत इन्होंने एमहर्स्ट कॉलेज के पुस्तकालय को जिस ढंग से व्यवस्थित किया उसका यह पहला प्रयोग था। घर के कामधाम के साथ वह अपने पिता से जूता बनाने की कला भी सीखते थे। और इसमें जब थोड़ी बहुत कुशलता प्राप्त कर ली तो सबसे पहले स्वयं अपने उपयोग के लिए एक जोड़ा जूता तैयार किया। इससे इनमें अपने अर्जित ज्ञान को व्यावहारिक रूप देने की जन्मजात प्रवृत्ति का परिचय मिलता है।

घर के कामों से जब कभी थोड़ा अवकाश मिल जाता तो वे स्वाध्याय में लग जाते थे। जब वे केवल पन्द्रह वर्ष के थे तो छोटे-मोटे मजदूरों के काम करके धीरे-धीरे इन्होंने दस डालर जमा किया और अपने निवास-स्थान से ११ मील दूर वाटरटाउन जाकर इस रक़म से इन्होंने वेब्सटर डिक्शनरी की एक प्रति खरीदी। अंग्रेजी भाषा में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए ये इस उपयोगी कोश को खरीदने के

*W. C. Berwick Sayers: A Manual of Classification, 3rd ed., p. 125.

लिए बहुत अर्से से लालायित थे। बचपन से ही अपने विद्यानुराग के कारण इन्होंने अपनी पहली कमाई का इस प्रकार सद्व्यय किया। इस प्रकार स्वभाव से ही ज्ञानोपार्जन में श्रद्धा और अध्यवसाय-प्रिय होने के कारण इनका स्वशिक्षण-क्रम निरंतर जारी रहा और धीरे-धीरे इन्होंने इतनी शिक्षा प्राप्त कर ली कि सत्रह वर्ष की अवस्था में ही वे डेढ़ डालर प्रतिदिन के वेतन पर एक छोटे-से विद्यालय में शिक्षक के रूप में काम करने लगे। कुछ दिनों तक शिक्षक का काम करने के पश्चात् ये ऐल्फ्रेड यूनिवर्सिटी की ओनीडा सेमिनरी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रवेश हुए। कुछ ही दिनों बाद वे ऐमहर्स्ट कॉलेज में उसी उद्देश्य से दाखिल हुए। गणित के अध्ययन में इनकी विशेष अभिरुचि थी। अध्ययन काल में ही वे अपने कॉलेज के पुस्तकालय में अंशकालिक सहायक के रूप में भी कार्य करते थे। जुलाई 1874 में 23 वर्ष की अवस्था में इन्होंने बी०ए० की परीक्षा में सफलता प्राप्त की और उसके बाद ही वे ऐमहर्स्ट कॉलेज के सहायक पुस्तकाध्यक्ष नियुक्त किये गए।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है मेल्विल ड्यूई में शुरू से ही सभी चीज़ों में सु-व्यवस्था और सुघरता लाने की प्रवृत्ति देखी जाती थी। समय का सदुपयोग उनके जीवन का निश्चित् सिद्धांत था। इसी लिए 20 वर्ष की अवस्था में ही ये संसार के सभी पुस्तकालयों को व्यवस्था-संपन्न करने की योजना की महान कल्पना कर सके। ऐमहर्स्ट कॉलेज के पुस्तकालय में कार्य करने की अवधि में ही उन्होंने दशमलव वर्गीकरण-प्रणाली की परिकल्पना की और ऐसा कहना चाहिए कि उसी समय संसार के पुस्तकालयों की संगठित सुव्यवस्था का सूत्रपात भी हुआ। उसके उपरांत अपने जीवन के अंतकाल तक वे दशमलव-प्रणाली के प्रचार और प्रसार में बराबर व्यस्त रहे।

ड्यूई की कर्मठता केवल दशमलव-प्रणाली के प्रणयन और प्रवर्तन तक ही सीमित नही थी। उन्होंने अनेकों पुस्तकालयी और शैक्षणिक संस्थाओं के संस्थापन और संचालन में योगदान दिया। वे अपने समय के पुस्तकालय व्यवसाय के प्रमुख पक्षपोषक और संगठनकर्त्ता थे, और अपने लेखों और वक्तृताओं के द्वारा उसकी उन्नति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहे। अपने दीर्घ जीवन-काल में वे पुस्तकाध्यक्ष-वृत्ति के समृद्धि के लिए बहुमुखी और अनवरत सेवा करते रहे। अनेक स्थानों में पुस्तकाध्यक्षों का संगठन स्थापित करना, सार्वजनिक सभाओं में उनके विषय में बराबर भाषण देना, पैम्फ्लेटों और लेखों द्वारा उनके हित के लिए निरंतर प्रचार करना, पुस्तकालय-विज्ञान-प्रशिक्षण का सूत्रपात करना, पुस्तकालय-विज्ञान संबंधी पत्रिका का स्थापन और संपादन करना – इनकी ये सब सेवाएँ यह प्रमाणित करती हैं कि ड्यूई निःसंदेह अपने समय के पुस्तकालय व्यवसाय के सबसे कर्मठ और प्रतिभान्वित व्यक्ति थे।

पुस्तकालय जगत में ड्यूई का जो सम्मानित स्थान है उसके विषय में चर्चा करते हुए लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस के इनके समसामयिक सुविख्यात, पुस्तकाध्यक्ष हर्बर्ट पुट्नम कहते हैं :

"मि० ड्यूई दिन और रात, चौबीस घंटे, सप्ताह के सभी दिन, मास के हर एक सप्ताह और वर्ष के सभी मास केवल पुस्तकालय और पुस्तकालय-सेवा संबंधी बातें ही खाते, पीते, सोते और उन्हीं के बारे में बातचीत करते हैं। उनका पार्थिव शरीर किस समय किस जगह है यह बात उनके लिए महत्त्वहीन है। मनसा वह पुस्तकालय को प्रतिदिन अपने साथ घर लिए जाते हैं और फिर साँझ-सबेरे उसे अपने साथ अपने कार्यालय में लेते आते हैं। वे पुस्तकालय के मामलों में अपने को लेक प्लेसिड क्लब में उतना ही व्यस्त रखते हैं जितना आल्बनी में। पुस्तकालय उनके जीवन-कार्य का केवल केंद्र ही नहीं, बल्कि उनके मनोरंजन का साधन भी है। हमलोगों के व्यवसाय में ड्यूई उन व्यक्तियों के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं जो अपने जीवन को अपने इष्ट व्यवसाय से पृथक् नहीं कर सकते। पिछले पचीस वर्षों में पुस्तकालयों की प्रगति के लिए जो ज़बर्दस्त अभियान जारी रहा है, और जनसाधारण में पुस्तकालयों के प्रति जो अभिरुचि उत्पन्न की गई है उसका श्रय जितना ड्यूई को है उतना और किसी व्यक्ति को नही। योग्य व्यक्तियों को पुस्तकालयी सेवाकार्य के प्रति आकर्षित और प्रोत्साहित करने और उनमें इस सेवा-वृत्ति के लिए अभिरुचि पैदा करने के प्रयास में जितनी सफलता ड्यूई को मिली उतनी और किसी को नहीं। अन्य देशों के लिए भी पुस्तकालय-प्रविधियों के निर्माण में योगदान के लिए जितनी ख्याति ड्यूई को मिली उतनी और किसी भी पुस्तकाध्यक्ष को नहीं मिली।"

इनकी अन्य बहुमुखी शैक्षणिक सेवाओं के बावजूद, ड्यूई के कीर्ति को अमरत्व देने का श्रेय इनका पुस्तक-वर्गीकरण संबंधी आविष्कार "दशमलव-वर्गीकरण-प्रणाली" ही है। इन्होंने इस प्रणाली को कैसे योजनाबद्ध किया इसकी भी एक अद्भुत कहानी है। कहानी इस प्रकार है:

गणित विद्या और भारतीय-अरबी हिन्दसों के प्रयोग में ड्यूई की अभिरुचि बचपन से ही देखी जाती थी। सन् 1868 में जब वह केवल सत्रह वर्ष के थे, अर्थात् एमहर्स्ट कॉलेज में प्रवेश करने के पहले ही इन्होंने इन हिंदसों पर आधारित पुस्तकों के वर्गीकरण की एक योजना की कल्पना की और इस विषय पर एक लेख लिखा जिसमें इन्होंने अरबी हिंदसे (1, 2, 3 इत्यादि) के पक्ष में और रोमन अंकों के (I, II, III इत्यादि), जो उस समय पुस्तक-वर्गांकों के रूप में प्रायः प्रयोग किए जाते थे, विरोध में अपने विचार इन शब्दों में व्यक्त किया—

"रोमन अंक-प्रतीक बनावट में बड़े भोंडे लगते हैं और गिन्ती का काम इनसे जल्दी नहीं हो सकता। इसके प्रतिकूल अरबी अर्थात् भारतीय अंकन प्रणाली के अनुसार अंकों का लिखना इतना सरल, शुद्ध और सर्वथा उपयोगी है जितना कि मानव बुद्धि द्वारा किसी भी अंक-प्रणाली के बारे में कल्पना की जा सकती है। रोमन अंक आकार में जितने बेडौल, आशय में अस्पष्ट और प्रयोग म दुष्कर होते हैं, भारतीय-अरबी अंक गणना और प्रयोग में उतने ही सरल और शुद्ध होते हैं।

इसीलिए उनका प्रयोग सार्वभौम रूप से किया जाता है। तो हम एकमात्र इन्हीं अंकों का प्रयोग क्यों न करें?"

ड्यूई ने दशमलव प्रणाली का आरंभिक प्रारूप बाईस वर्ष की उम्र में जबकि वे ऐमहर्स्ट कॉलेज में केवल एक विद्यार्थी थे, सन् 1873 में प्रस्तुत किया। इस प्रसंग में एक उल्लेखनीय बात यह है कि उस समय यूनाइटेड स्टेट्स के पुस्तकालय भी उसी प्रकार अव्यवस्थित दशा में थे जिसमें आज हम अपने देश के पुस्तकालयों को पाते हैं। कुछ पुस्तकालयों में पुस्तकें उनके आकार के अनुसार, कुछ में उनके अनुवर्ण आख्या के आधार पर, और कुछ में तो उनके जिल्द के रंग के अनुसार व्यवस्थित की जाती थीं। बिरले ही किसी पुस्तकालय में पुस्तकें अपने अंतर्विषय अथवा विषयों के अंतर्संबंध के आधार पर विन्यसित की जाती थीं। यदि किसी पुस्तकालय में पुस्तकों के वर्गीकरण अथवा विन्यसन के लिए कोई वैज्ञानिक पद्धति अपनाई भी जाती थी तो वह पद्धति केवल उसी पुस्तकालय तक सीमित रहती थी, अन्य पुस्तकालयों में उसका कोई व्यापक प्रयोग नहीं होता था।

15 फरवरी, 1920 के लाइब्रेरी जर्नल के अंक में ड्यूई ने अपना एक लेख प्रकाशित किया जिसके द्वारा हमलोगों को यह ठीक-ठीक पता चलता है कि उन्होंने 1870 के बाद दशमलव-प्रणाली का अन्वेषण कब, क्यों और कैसे किया। वे लिखते हैं – "मैंने लगभग पचास पुस्तकालयों का निरीक्षण किया और मैं यह देखकर हैरान हो गया कि उनमें पुस्तकों को कमरे, अलमारियों और निलयों के, अर्थात् जहाँ वे रखी जाती थीं, उन्हीं स्थानों के आधार पर अंकित किया जाता था, न कि उनके अंतर्विषय के आधार पर जो कि उनके अंकन का चिरस्थायी रूप हो सकता है। पुस्तकों को उनकी तत्कालिक स्थिति के अनुसार अंकित करने मे संग्रह में वृद्धि अथवा पुस्तकों के स्थानांतरण के कारण बारंबार सूचीकरण और अंक-परिवर्त्तन करना आवश्यक होता था जिससे कि पुस्तकालय की व्यवस्था में निरंतर गड़बड़ी होती रहती थी और इस तरह निरंतर फेर-बदल करते रहने मे समय और धन का अपव्यय भी होता था। और फिर स्पष्टत: एक ही पुस्तक के वर्गीकरण के लिए किसी सामूहिक और केंद्रित प्रयास पर निर्धारित एक ही मानक प्रणाली का अनुसरण करने के बजाय उन हज़ारों पुस्तकालयों में हज़ार बार अलग-अलग वर्गकारों के श्रम का कितना असंयत और विवेकहीन अपव्यय होता था! महीनों-महीनों मैं दिन-रात यह स्वप्न देखता रहा कि इस समस्या का कहीं सन्तोषप्रद समाधान अवश्य मिलेगा। भविष्य में हज़ारों इस तरह के पुस्तकालय होंगे जिनमें अधिकतर ऐसे ही व्यक्ति काम करेंगे जिन्हें किसी प्रकार की प्राविधिक कुशलता अथवा प्रशिक्षण नहीं ही के बराबर होगा। इसलिए इस काल्पनिक प्रणाली का पहला गुण होना चाहिए उसकी अधिकतम सरलता। यानी 'इतना सरल जितना कि वर्णाक्षर 'a, b, c'। किंतु उससे भी सरल है गणित के अंक, '1, 2, 3'। महीनों तक मैं इस सिद्धांत पर चिंतन और अध्ययन करता रहा। अंततोगत्वा एक रविवार को कॉलेज में प्रेसिडेंट स्तर्न्स प्रवचन दे रहे थे। मैं उनकी ओर टकटकी लगाए

देख रहा था। किंतु उनके शब्द मेरे कान में प्रवेश नहीं कर रहे थे क्योंकि मेरा ध्यान केंद्रित था इस रोचक किंतु महत्त्वपूर्ण समस्या के सुलझाने में। यकायक इसका समाधान मेरे मस्तिष्क में बिजली की तरह कौंध गया। मैं अपनी कुर्सी से उछल पड़ा और हर्षोल्लास में चिल्लाना चाहा 'यूरेका' * (मैंने पा लिया)। इस समाधान का सूत्र था: "मानव के सम्यक् मुद्रित ज्ञान को अरबी हिंदसों जैसे सरलतम प्रतीक के आधार पर दशमलव और शून्य के सहयोग से वर्गीकृत करो।"

ड्यूई ने ऐम्हर्स्ट कॉलेज के पुस्तकालय-समिति के सामने तीन लेख प्रस्तुत किए जिनमें न केवल उन्होंने उनके पुस्तकालय के लिए एक क्रांतिकारी वर्गीकरण प्रणाली की रूपरेखा का दिग्दर्शन कराया बल्कि उसके गुणों और उसकी उपादेयता पर भी काफी प्रकाश डाला। समिति ने उनके इस प्रस्तावित योजना को स्वीकार कर लिया और उन्हें कॉलेज के पुस्तकालय को इस योजना के आधार पर संगठित करने की अनुमति दे दी।

उसके उपरांत ड्यूई तीन वर्ष तक अपने मित्र डब्ल्यू० एस० बिस्को और ऐम्हर्स्ट कॉलेज के प्राध्यापकों की सहायता से इस प्रणाली के संशोधन और परिवर्द्धन में अनवरत लगे रहे और अंत में इसे सन् 1876 में केवल 42 पृष्ठों के एक छोटे से पैम्फ़लेट के रूप में अनामक प्रकाशित किया। इसके दूसरे संस्करण के साथ, जो परिवर्धित रूप में 1885 ई० में Decimal Classification and Relative Index के नाम से प्रकाशित किया गया, मेल्विल ड्यूई का नाम भी दिया गया। इसके पश्चात् इस वर्गीकरण प्रणाली की लोकप्रियता उत्तरोत्तर बढ़ती गई। परिणामत: उस समय से इसका बराबर पुनरीक्षण, संशोधन और विस्तार होता रहा और इसकी सारणियों और अनुक्रमणिका के संलेखों की संख्या में भी अप्रत्याशित रूप से वृद्धि होती गई। इसलिए इस प्रणाली के अद्यतन प्रकाशन के लिए अनेकों नए-नए संस्करणों को प्रकाशित करने की आवश्यकता हुई। हाल ही में इसका अठारहवाँ संस्करण प्रकाशित हुआ है जिसके आधार पर दशमलव-प्रणाली का यह हिंदी संस्करण प्रस्तुत किया गया है।

ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली में उत्तरोत्तर कितना विस्तार हुआ है वह इसके अधोलिखित सापेक्षिक आँकड़े से स्पष्ट होगा:

| | | पृष्ठ संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | वर्ष | भूमिका | सारणियाँ | अनुक्रमणिका | टोटल |
| प्रथम संस्करण | 1876 | 12 | 12 | 18 | 42 |
| 18वाँ संस्करण | 1972 | 113 | 1516 | 1063 | 2692 |

* कहते हैं कि आर्किमिडीज़ को सोचते-सोचते जब यकायक स्वर्ण के सापेक्षिक घनत्व के आधार पर उसकी शुद्धता को पहचानने का नुस्खा मिल गया था तो वह 'यूरेका' चिल्ला कर उछल पड़ा था।

## दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण
## International Viewpoint of Decimal Classification System

दशमलव-प्रणाली के आलोचकों का इसके प्रति एक आरोप, जो किसी हद तक न्यायसंगत है, यह है कि इसमें पाश्चात्य, विशेषतया अमरीकी ज्ञानात्मक विषयों के अतिरिक्त संसार के अन्य भागों से संबंधित वाङमय के वर्गीकरण की पर्याप्त सुविधा नहीं है क्योंकि उनके लिए उपयुक्त वर्गांकों का इस प्रणाली में समुचित प्रावधान नहीं किया गया है। किंतु यथार्थतः न केवल मेल्विल ड्यूई बल्कि दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की संपादन-नीति-निर्धारक समिति भी प्रणाली के अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण में उदार नीति बरतने का न केवल विश्वास देते रहे हैं बल्कि इस नीति को कार्यान्वित भी करते रहे हैं।

मेल्विल ड्यूई ने दशमलव वर्गीकरण के बारहवें संस्करण की अपनी सुविख्यात भूमिका में दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण के महत्त्व पर इन शब्दों में जोर दिया था : "दशमलव वर्गीकरण प्रणाली सभी पुस्तकालयों में श्रम की बचत के लिए एक सक्षम अंतर्राष्ट्रीय साधन सिद्ध हुई है। इसलिए इसे अपने समस्त उपयोक्ता-समुदाय की संपत्ति समझना चाहिए। उन सभी वर्गकारों को जो निरंतर इसके भावी संस्करणों के सुधार और संशोधन में अपने सुझावों द्वारा योगदान देते रहते हैं, यह समझना चाहिए कि वे एक ऐसे प्रणाली को जो कि सारे सभ्य संसार के उत्तरोत्तर बढ़ती हुई संख्या में पुस्तकाध्यक्षों के लिए उनके कार्य संपन्न करने में लाभप्रद और उपयोगी सिद्ध हो रही है, उसे और अधिक उपादेय बनाने में हाथ बंटा रहे हैं।"

दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की संपादन-नीति-निर्धारक समिति भी इस प्रणाली के विषयात्मक विश्लेषण की गहनता और विषय-विस्तार और इसके अनुप्रयोगात्मक रूपांतरण-क्षमता दोनों प्रवृत्तियों को अनवरत और अधिकाधिक उदारता के साथ प्रोत्साहित करती रही है। समिति ने इस उद्देश्य की पूर्ति दो प्रकार से की है: (1) एक ही वर्ग के ऐसे विषयों के लिए जिनके लिए स्थानीय महत्त्व देना अथवा लघुतर वर्गांक-निर्माण अपेक्षित हो उन्हें पूर्व-निर्धारित वर्गांक से भिन्न, रूपांतरित वर्गांकों के प्रयोग की अनुमति देती रही है (इस प्रकार की छूट दशमलव वर्गीकरण के 18वें संस्करण में मुद्रित 100, 200, 400, 800 और 900 मुख्य वर्गांकों के अंतर्गत स्पष्ट रूप से व्यक्त है); और (2) संसार के अन्य भागों में इस प्रणाली के प्रयोग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में इसके अनुवाद की अनुमति और/या अनुवाद के लिए प्रवर्तन और प्रोत्साहन भी देती रही है।

## प्रस्तुत हिंदी संस्करण
## Present Hindi Version

प्रस्तुत हिंदी संस्करण उपर्युक्त दोनों नीतियों की पूर्ति की दिशा में ही एक प्रायोजित प्रयास है। दशमलव वर्गीकरण के नीति-निर्णायिकों ने एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी का महत्त्व स्वीकार किया है। जनसंख्या के आधार पर भारत का संसार के देशों में दूसरा स्थान है और यहाँ के लगभग बीस करोड़ नागरिक हिंदी भाषा-भाषी हैं और संविधान द्वारा हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा होने की भी मान्यता प्राप्त है। सार्वजनिक और शैक्षिक पुस्तकालयों की प्रगति में भी संसार के अन्य विकासशील और प्रगतिशील राष्ट्रों की अपेक्षा भारत की उपलब्धियाँ अधिक उत्कृष्ट और संतोषप्रद रही हैं। और यह भी निर्विवाद है कि इस देश के अधिकांश पुस्तकालयों में दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का ही प्रयोग होता है। इन सभी कारणों से नीति-निर्धारक समिति ने इसके हिंदी संस्करण के प्रायोजन के औचित्य को महसूस किया और इसके प्रकाशन-योजना की कार्यान्विति के संपूर्ण उत्तरदायित्व को स्वीकारा।

इस संस्करण को भारतीय पुस्तकालयों में अधिक उपयोगी बनाने के लिए इसके संभाव्य उपयोक्ताओं की आवश्यकताओं को भी विशेष तौर से ध्यान में रखा गया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नीति-निर्धारक समिति ने न केवल भारत से संबद्ध विभिन्न विषयों को स्थानीय महत्त्व प्रदान करने और उनके वर्गांकों के आकार और आयाम को सीमित करने के लिए पूर्व-निर्धारित वर्गांकों के रूपांतरण की अनुमति दी है बल्कि भारतीय विषयों से संबंधित (जैसे, दर्शन, धर्म, भाषा, कला, साहित्य, भूगोल, इतिहास इत्यादि से संबंधित) वर्गांकों को क्रमबद्ध और ब्योरे सहित विस्तार करने और उन्हें इस संस्करण में समाविष्ट करने की भी उदार और निःसंकोच भाव से स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकार प्रस्तुत हिंदी संस्करण के द्वारा दशमलव-प्रणाली में भारतीय विषयों के लिए सविस्तार वर्गांक अधिकृत रूप में प्रथम बार भारतीय पुस्तकाध्यक्षों को उपलब्ध हो सकेंगे। यह कहना किंचित अनावश्यक होगा कि इन विषयों का अभिनिर्धारण, क्रमण एवं वर्गांकन अभी अनन्तिम और प्रयोगात्मक रूप में ही किया गया है। इनका अन्तिम, स्थायी और निश्चित् रूप तो इनके प्रयोक्ताओं की स्वीकृति पर ही निर्भर करेगा।

प्रस्तुत चयनात्मक अनुवाद मूल ड्यूई दशमलव वर्गीकरण के अंतिम (18वें) संस्करण के आधार पर सम्पन्न किया गया है, उसके १०वें संक्षिप्त संस्करण Abridged Edition के आधार पर नहीं। मूल संस्करण के शीर्षकों और वर्गांकों में फेर-बदल भारतीय पुस्तकालयों और भारतीय वाङ्मय को ध्यान में रख कर किया गया है। परिणामतः प्रस्तुत संस्करण में मूल संस्करण से तीन प्रकार की भिन्नताएँ आवश्यक समझी गई हैं :

(1) कुछ अनावश्यक और अत्यंत सूक्ष्म विषय-विभाजनों से संबंधित शीर्षकों और वर्गांकों का निरसन;

(2) विशिष्ट भारतीय विषयों Indic subjects जैसे, दर्शन, धर्म, भाषा विज्ञान, कलाएँ, साहित्य, भूगोल और इतिहास संबंधी विषयों का विस्तृत विभाजन और तत्संबंधी नवनिर्मित वर्गांकों का समावेश; और

(3) कुछ भारतीय विषयों को स्थानीय महत्त्व प्रदान करने और उनके वर्गांकों के लघूकरण के लिए, उनसे संबंधित वर्गांकों का स्थानांतरण।

इन रूपांतरों के विषय में यह कह देना आवश्यक है कि इन सभी के लिए डयई दशमलव वर्गीकरण के मुख्य संपादक और अधिकृत प्रकाशन-संस्था की अनुमति ले ली गई है और अब उनका प्रयोग अधिकृत प्रयोग समझा जायगा।

## आभार-स्वीकृति

जेसा कि ऊपर कहा जा चुका है भारतीय पुस्तकालयों में दशमलव वर्गीकरण के व्यापक उपयोग के कारण इस महत्त्वपूर्ण संदर्भ-ग्रंथ का भारत की राष्ट्र-भाषा हिंदी में इसका रूपांतरण न केवल परम आवश्यक बल्कि कालातिदेय था। इसलिए इसके मूल अमरीकी प्रकाशक फ़ॉरेस्ट प्रेस ने मूल ग्रंथ का हिंदी रूपांतरण करने में योगदान और उनके समस्त आर्थिक उत्तरदायित्व का भार वहन करने का निर्णय करने की उदारता दिखलाई इसके लिए वे हमारे विशेष आभार के अधिकारी हैं।

फ़ॉरेस्ट प्रेस के इस उदार नीति की कार्यान्विति में जो महानुभाव विशेष प्रयत्नशील रहे वे हैं इसके अध्यक्ष श्री जान ए० हम्फ़्री और इसके कार्यकारी निर्देशक श्री रिचर्ड बी० सीलाक। इन दोनों व्यक्तियों ने इस योजना को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में जो तत्परता और अभिरुचि दिखलाई उसके लिए हम इनके विशेष रूप से आभारी हैं। प्रणाली के रूपांतरण में जिन दो व्यक्तियों का परामर्श और सहयोग हमें बराबर उपलब्ध रहा उनमें एक हैं मूल सस्करण के संपादक श्री बेंजमिन कस्टर और दूसरी व्यक्ति थीं स्वर्गीय मिस पालिन सीली जिनके साथ हमें इस योजना के अंतिम प्रारूप की प्रस्तुती में पाँच मास काम करने का सुअवसर मिला। फॉरेस्ट प्रेस की ओर से प्रस्तुत पुस्तक के संपादन के निरीक्षण का उत्तरदायित्व स्वर्गीय मिस सीली को ही सौंपा गया था। उनमें दशमलव-प्रणाली के तात्त्विक और प्रयोगात्मक सिद्धांतों की विलक्षण प्रवीणता थी और उनका सहयोग हमारे लिए इस ग्रंथ के संपादन में अनेक अर्थों में लाभप्रद रहा। हमें अत्यंत खेद है कि वे हमलोगों के सहप्रयास (दशमलव वर्गीकरण के हिंदी संस्करण) को अंतिम अर्थात् मुद्रित रूप में न देख सकीं क्योंकि उनका कुछ ही मास पहले अकाल निधन हो गया। हम इस अवसर पर उनकी दिवंगत आत्मा को अपनी स्नेह और आभार पूर्ण श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं।

दशमलव-वर्गीकरण-प्रणाली के सोपानक्रमिक वर्ग-क्रमण और वर्ग-विभाजन में सम्यक् ज्ञानसमष्टि समाविष्ट है। इसके प्रायः सभी विषय-शीर्षकों एवं पदावलियों का उनके पारिभाषिक रूप में प्रयोग करना आवश्यक था। अमरीका में सामान्यतया

इस प्रकार के व्यापक संदर्भ-ग्रंथ के संकलन और संपादन के लिए एक संपादक-मंडल का गठन किया जाता है और ग्रंथ-रचना का कार्य एक सामूहिक और सहकारी आधार पर सम्पन्न किया जाता है। परिस्थितिवश यह सुविधा हमें उपलब्ध न हो सकी। इसलिए इस संपूर्ण ग्रंथ का अनुवादन और संपादन हमें अकेले ही संपन्न करना पड़ा। हम इस तथ्य का कथन दंभोक्ति के रूप में अथवा आत्मश्लाघा के लिए नहीं बल्कि प्रस्तुत ग्रंथ के दोषों और न्यूनताओं के लिए क्षमायाचना के आशय से कर रहे हैं।

स्पष्ट है कि समस्त ज्ञान-क्षेत्र संबंधी पारिभाषिक पदों का निर्माण हमारे लिए क्षमतातीत था। सौभाग्यवश इसकी आवश्यकता भी नहीं थी क्योंकि अपेक्षित पारिभाषिक शब्दों के निर्माण की महान योजना भारतीय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के वैज्ञानिक और तकनीकी आयोग द्वारा सम्पन्न की जा चुकी थी जिस शुभ कार्य में हमें भी आंशिक रूप से योगदान का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। ड्यूई के प्रस्तुत संस्करण में अधिकांशत: आयोग द्वारा निर्मित पदों का ही प्रयोग किया गया है। हमें इस बात की विशेष प्रसन्नता है कि अपने इस अनूदित संदर्भ ग्रंथ के माध्यम से हमें आयोग द्वारा निर्मित समष्ट पदावली को एक सुसंगठित, सोपानक्रमिक और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर मिला। हमें पूर्ण आशा है कि विद्वत् और शैक्षणिक संस्थाओं से संबंधित पुस्तकालयों में इस ग्रंथ के प्रयोग से उपर्युक्त पदावली के व्यापक प्रचलन में भी सहायता मिलेगी। हम वै० तक० आ० के आभारी हैं जिसके सुयोजित कार्यक्रम और सत्प्रयास के परिणाम-स्वरूप हमें समस्त पारिभाषिक पद-भांडार एकत्र उपलब्ध हो सके।

हमें कहीं-कही आयोग द्वारा प्रस्तुत पारिभाषिक पदावलियों के कोश प्रस्तुत अनुवाद के लिए अपर्याप्त महसूस हुए। इसलिए अन्य मानक हिंदी कोशों की भी सहायता लेनी पड़ी। इन कोशों में ज्ञान-मण्डल प्रेस (वाराणसी) द्वारा प्रकाशित डा० हरदेव बाहरी का बृहत् अंग्रेज़ी-हिंदी-कोश, हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित और डा० सत्यप्रकाश द्वारा संपादित अंग्रेज़ी-हिन्दी कोश और पद्मश्री डा० कामिल बुल्के के अंग्रेज़ी-हिंदी कोश विशेष उल्लेखनीय हैं। मैं इन विद्वान् कोशकारों के प्रति भी अपना आभार प्रदर्शन करता हूँ।

जैसा कि ऊपर कहा गया है, प्रस्तुत हिंदी संस्करण की एक विशेषता यह है कि इसमें विशिष्ट भारतीय विषयों के विषयात्मक विभाजन और उनसे संबंधित वर्गांकों का विस्तरण मूल संस्करण से कहीं अधिक उदारतापूर्वक किया गया है। स्पष्ट है कि इस प्रकार का विस्तरण हमारे लिए ऊर्णातंतुवत् करना संभव नहीं था। इस दिशा में यदा-कदा भारतीय पुस्तकाध्यक्षों का प्रयास होता रहा है और उनके द्वारा परियोजित विषय-विस्तार की रूपरेखाएँ पुस्तकालय-विज्ञान संबंधी पत्रिकाओं में प्रकाशित भी होती रही हैं। इन पुस्तकाध्यक्षों में सर्वश्री प्रभात मुखोपाध्याय, सुबोध मुखर्जी, अशोककुमार, धनीराम, बालकृष्ण, आर० पी० हिंगोरानी, टी० एन० रैना और लालसिंह बाबेल के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। मैं इन सब का

आभारी हूँ। स्वर्गीय डा० एस० आर० रंगनाथन के कोलन वर्गीकरण में दी गई भारतीय विषयों की तालिकाएँ भी इस प्रसंग में उपयोगी सिद्ध हुई। भारतीय विषयों के वर्गीकरण में हमें अपने मित्र श्री कृष्णाचार्य, डिप्टी लाइब्रेरियन, नेशनल लाइब्रेरी, कलकत्ता और नेशनल लाइब्रेरी और सेन्ट्रल रिफ्रेंस लाइब्रेरी के अन्य पुस्तकाध्यक्षों से जो सुझाव मिले उनके लिए हम उनके भी आभारी हैं।

प्रेस के लिए इस पाण्डुलिपि की स्तुति में हमें जो निरपेक्ष और कुशल सहयोग हमारे शिष्य श्री मो० मोईज़ से प्राप्त हुआ उसके लिए हम उनके विशेष रूप से कृतज्ञ हैं।

## अंतिम शब्द

मेल्विल ड्यूई ने लगभग सौ वर्ष पहले, 1876 ई० में, ही कहा था: "इस विषय का एक लंबे अवधि तक अध्ययन करने के बाद मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि किसी वर्गीकरण प्रणाली को पूर्णतया संतोषप्रद बनाना असंभव और असाध्य है। इसलिए उसमें सुधार की बराबर गुंजायश बनी रहती है और इसके लिए प्रणाली-प्रवर्तकों और प्रयोक्ताओं दोनों को निरंतर प्रयत्नशील रहना नितांत अपेक्षित है।"

जैसा कि ऊपर कहा गया है इस हिंदी संस्करण को प्रस्तुत करने में इसके अनुवादक को हिंदी पारिभाषिक शब्दों की खोज-बीन, और कहीं-कही उनके नव-निर्माण के अतिरिक्त जिस एक विशेष दुःसाध्य समस्या के समाधान का प्रयास करना पड़ा वह था भारतीय विषयों (Indic subjects) का सोपान-क्रमिक नव-नियोजन और उनके लिए ड्यूई की परंपरित तालिकाओं का रूपांतरण और उनका उन तालिकाओं में उपयुक्त स्थान पर समावेश। और यह सब हमारे जैसे एक ऐसे अक्षम व्यक्ति को सम्पन्न करना पड़ा जो न एक कुशल भाषाविद् और न विषय-विशेषज्ञ। इसलिए इस पुस्तक में यदि पद-दोष, अर्थ-हीनता, विषय-असंगतता आदि दोष और त्रुटियाँ प्रचुर मात्रा में पाई जायँ तो इसमें आश्चर्य ही क्या? मेरा उन सभी विद्वज्जन, शिक्षकगण और पुस्तकाध्यक्षों से, जो इस संस्करण को अपने उपयोग में लाएँ, यह विनम्र निवेदन है कि

"यदर्कं पदं भ्रष्टं, वर्गहीनं च यद्भवेत् तत्सर्वं क्षम्यताम्"

और उनसे यह भी अपेक्षा है कि अपने संशोधनात्मक, समीक्षात्मक और सुविज्ञ सुझावों से अनुवादक अथवा प्रकाशकों को बराबर अवगत कराते रहें ताकि भविष्य में दशमलव-वर्गीकरण-प्रणाली का एक परिशुद्ध तथा पूर्णतर हिंदी संस्करण प्रकाशित करना संभव हो सके।

# मेल्विल ड्यूई और ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली

# Melvil Dewey and Dewey Decimal Classification System

दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के आविष्कारक और प्रवर्तक, मेल्विल ड्यूई, एक बहुमुखी अभिरुचि-सम्पन्न व्यक्ति थे। प्रत्येक कार्य को सुघरता से करने और उसमें श्रम के अपव्यय को रोकने के साधनों के निर्माण का तो उन्हें उन्माद जैसा था। व्यावहारिकता और सर्जन-शीलता तो मानों उनका जीवन-प्राण था।

पच्चीस वर्ष की अवस्था के पहले ही उन्होंने दशमलव वर्गीकरण योजना का निर्माण किया और उसका प्रथम संस्करण अनामक प्रकाशित किया। इसके अतिरिक्त लाइब्रेरी जर्नल (Library Journal) नामक पुस्तकालय-विज्ञान संबंधी पत्रिका के संपादन-प्रकाशन का समारंभ किया, और तीन राष्ट्रीय संस्थाओं — (1) अमरीकी पुस्तकालय-संघ (American Library Association), (2) वर्तनी सुधार संघ (Spelling Reform Association) और (3) मीटरी ब्यूरो (Metric Bureau) — की स्थापना करने में सक्रिय और महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। जब वे लगभग चालीस वर्ष के हुए तो उन्होंने लाइब्रेरी ब्यूरो (Library Bureau) नाम की एक ऐसी संस्था की स्थापना की जिसका उद्देश्य पुस्तकालय संबंधी मानक उपकरणों और श्रम-मितव्ययी साधनों के उपयोग का प्रचार और प्रसार करना था।

इसी कालावधि में इन्होंने न्यूयार्क नगर स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में पहलेपहल एक पुस्तकालय-विज्ञान-विद्यालय की स्थापना की। और कालोपरांत इस संस्था को आल्बनी (न्यूयार्क) में स्थानांतरित किया जहाँ इसे न्यूयार्क स्टेट लाइब्रेरी स्कूल के नाम से ख्याति मिली। उसी समय ड्यूई न्यूयार्क राज्य पुस्तकालय (New York State Library) के निदेशक भी नियुक्त हुए। इसके पश्चात् ये न्यूयार्क राज्य के सभी शैक्षिक कार्यकलापों में सक्रिय रूप से बराबर भाग लेते रहे। कुछ ही वर्षों के बाद, सन् 1900 ई० के पेरिस प्रदर्शनी में ये तीन ग्रैण्ड प्रिक्स पुरस्कारों के विजेता घोषित हुए। इसके पूर्व यूनाइटेड स्टेट्स को एक साथ इतने पुरस्कार कभी नहीं प्राप्त हुए थे। इन्हीं दिनों इन्होंने न्यूयार्क राज्य के उत्तरी

भाग के पर्वतीय प्रदेश में स्थित लेक प्लेसिड नामक स्थान में लेक प्लेसिड क्लब Lake Placid Club नाम की विश्वविख्यात संस्था की भी स्थापना की।

दशमलव वर्गीकरण संबंधी इनकी कल्पना का सूत्रपात सन् 1873 में हुआ जिस समय वह ऐमहर्स्ट कॉलेज के एक विद्यार्थी मात्र थे और वहीं कॉलेज के पुस्तकालय में सहायक कर्मचारी के रूप में कार्य भी करते थे। पुस्तकालय में काम करने के सिलसिले में पुस्तकों को सुव्यवस्थित और सेवोपयोगी ढंग से रखने की समस्या के प्रति इनमें विशेष अभिरुचि उत्पन्न हुई और अपनी जिज्ञासा की पूर्ति के लिए इस विषय से संबंधित उस समय जो कुछ साहित्य उपलब्ध था इन्होंने उसका गहन अध्ययन किया। इस अध्ययन के परिणामस्वरूप इन्होंने पुस्तकों को उनके विषय के अनुसार संगठित करने के लिए अरबी हिंदसों का दशमलव आधारित अंकनों के रूप में प्रयोग करने की एक योजना बनाई। पहले तो इस प्रकार के अंकनों पर क्रमानुसार वर्गीकरण तालिकाएँ बनाईं और फिर उन तालिकाओं में प्रयुक्त शीर्षकों की एक अनुक्रमणिका जोड़ देने की एक नवीन युक्ति की संकल्पना की। इस प्रकार इन्होंने दशमलव वर्गीकरण की तालिकाओं और उनके साथ-साथ उनकी अनुक्रमणिका की आरंभिक रूपरेखा तैयार की।

ऐमहर्स्ट कॉलेज की पुस्तकालय-समिति से इस वर्गीकरण योजना के प्रयोग की अनुमति मिल जाने पर ड्यूई ने अपनी वर्ग-तालिकाओं का कॉलेज के पुस्तकालय-संग्रह पर प्रयोग शुरू किया और धीरे-धीरे अपने प्रयोग-क्रम में तालिकाओं में परिवर्धन भी करते गए। सन् 1876 में दशमलव वर्गीकरण का बयालीस पृष्ठीय प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ। उस समय से पाँच-पाँच वर्षों पर इसके परिवर्धित और संशोधित संस्करण बराबर नियमित रूप से प्रकाशित होते रहे हैं।

1924 में ड्यूई ने इन प्रकाशनों के समस्त स्वत्वाधिकार को एक दान-पत्र के द्वारा लेक प्लेसिड क्लब एजुकेशन फ़ाउंडेशन Lake Placid Club Education Foundation नामक संस्था को समर्पित कर दिया। इस दान-पत्र की सबसे महत्त्वपूर्ण शर्त यह है कि दशमलव वर्गीकरण संबंधी सभी पुस्तकों की बिक्री के सारे मुनाफ़े का उपयोग इस वर्गीकरण प्रणाली को अधिकाधिक उपयोगी बनाने के लिए और उसके आवश्यक विशिष्ट संस्करणों के संशोधन, संपादन, प्रकाशन और प्रचार के लिए ही किया जाय और उसे किसी व्यक्तिविशेष के निजी लाभ का साधन न बनाया जाय।

मेल्विल ड्यूई ने दशमलव वर्गीकरण के संपादन के कार्य से सन् 1931 तक अर्थात् अपने मृत्युकाल तक घनिष्ट संपर्क बनाए रखा। सन् 1927 में वाशिंग्टन स्थित लाइब्रेरी आफ़ कांग्रेस के अधिकारियों ने लाइब्रेरी भवन में इसके संपादकीय कार्यालय के लिए स्थान की सुविधा देने का निश्चय किया और सन् 1954 से एक संविदा के आधार पर इसका संपादकीय कार्य लाइब्रेरी आफ़ कांग्रेस के तत्वावधान में ही सम्पन्न किया जाने लगा। इस प्रणाली के संपादन-कार्य को लाइब्रेरी आफ़ कांग्रेस के प्रयोगात्मक संसर्ग के कारण अत्यंत लाभ हुआ है।

इस कालावधि में दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के संपादन व्यवस्था में कई समितियों ने हाथ बँटाया। वर्तमान दशमलव-वर्गीकरण-सपादकीय नीति-समिति Decimal Classification Editorial Policy Committee जो कि अमरीकी पुस्तकालय संघ और लेक प्लेसिड क्लब एजुकेशन फ़ाउंडेशन की एक संयुक्त समिति है, फ़ॉरेस्ट प्रेस Forest Press को सभी सपादकीय मामलों में सलाह देती है। फ़ॉरेस्ट प्रेस एक कार्यकारी संस्था है जो वर्गीकरण प्रणाली संबधी सभी कार्यकारी मामलों की देखरेख करती है। इसका निगमन 1933 में किया गया था। किंतु 1972 में इस निगम के पृथक् अस्तित्व को विघटित कर दिया गया और उस समय से इसका संचालन लेक प्लेसिड क्लब एजकेशन फाउंडेशन के एक विभाग के रूप में ही किया जाता है। फॉरेस्ट प्रेस शासी समिति के सदस्य अनेक पुस्तकालय संबंधी संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और वे सभी अवैतनिक सेवा प्रदान करते हैं।

**फ़ॉरेस्ट प्रेस**

# मेल्विल ड्यूई द्वारा लिखित भूमिका* के कुछ उद्धरण
# Extracts from Melvil Dewey's Introduction to the 12th Edition

## उद्भव और विकास Origin and Growth

दशमलव-वर्गीकरण-प्रणाली और इसकी अनुक्रमणिका की योजना का प्रादुर्भाव सन् 1873 के आरंभ में हुआ और इसका विकास पुस्तकालयों में संगृहीत सैकड़ों पुस्तकों और पुस्तिकाओं के दीर्घ काल तक के मेरे निजी अध्ययन और अनेकानेक पुस्तकालयों से संपर्क के आधार पर किया गया। इस लंबे अनुभव के कारण हमें यह विश्वास हो गया था कि पुस्तकालयों की उपयोगिता बिना उन पर और अधिक खर्च किए हुए ही बढ़ाई जा सकती है। उस समय पुस्तकालयों में उनके संग्रह के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए उनमें प्रचलित वर्गीकरण और सूचीकरण प्रणालियाँ और दूसरे साधनों की अपर्याप्तता के कारण उनकी सेवाओं से केवल आंशिक लाभ उठाया जा सकता था। और पूर्ण और सफल सेवा केवल वही पुस्तकालय संपन्न कर सकते थे जो समृद्ध थे और ऐसी सेवा प्रदान करने के लिए काफ़ी धन खर्च कर सकने की क्षमता रखते थे। उस समय पुस्तकालयों के संग्रह में दिनोदिन तेज़ी से वृद्धि हो रही थी। उनकी सूचियाँ, जो शुरू में काफ़ी खर्च करके बनवाई जाती थीं, जल्द ही पुरानी पड़ जाती थीं। उनको व्यवस्थित करने के लिए जो पद्धतियाँ अपनायी जाती थीं उनमें बारंबार फेर-बदल करना पड़ता था और इसलिए कि पुस्तकों के उपयोग में अनावश्यक गड़बड़ी और कठिनाई न हो उनके अंकों और चिन्हों को बदलने की और उनकी सूचियों और अनुक्रमणिकाओं के पुर्ननिर्माण की आवश्यकता पड़ती रहती थी। इसलिए हमें एक ऐसी वर्गीकरण प्रणाली की आवश्यकता महसूस हुई जिसका उत्तरोत्तर विस्तार अपनी पूर्व वर्गीकृत व्यवस्था के आधार पर ही आसानी से किया जा सके।

दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के 54 वर्षों के दीर्घकालीन प्रयोग से यह प्रमाणित हो गया है कि इस पद्धति के द्वारा उपर्युक्त उद्देश्य को सफल बनाया जा सकता है

* ड्यूई डेसिमल क्लासिफिकेशन के बारहवें संस्करण (1926) की भूमिका।

क्योंकि इसकी सहायता से पुस्तकालयी सूचियाँ, अनुक्रमणिकाएँ, संदर्भ सूचियाँ इत्यादि अन्य किसी प्रणाली की अपेक्षा शीघ्र और अल्प व्यय में प्रस्तुत की जा सकती हैं। और यह बात भी अनुभव-सिद्ध हुई कि इसके आधार पर प्रस्तुत की गई सूचियों की व्यवस्था कहीं अधिक चिरस्थायी होती है। व्यावहारिक उपयोगिता और कम खर्च इस प्रणाली के मौलिक गुण हैं। और इसी लिए किसी ऐसे सैद्धांतिक बारीकी का इस प्रणाली में प्रयोग करने का प्रयास नहीं किया गया है जिससे कि इसकी उपयोगिता और मितव्ययिता में किसी प्रकार का ह्रास हो।

वस्तुतः वर्गकारों के सामने समस्या यह थी कि किसी एक ऐसे साधन का निर्माण किया जाय जो निलयस्थित पुस्तकों, उनके सूची-पत्रकों और अन्य प्रकार की पाठ्य-सामग्री को पुस्तकालयों में सुचारु ढंग से वर्गीकृत, विन्यमित और सुनियोजित कर सकें जिससे कि उनमें संगृहीत सामग्री का उतनी ही सुगमता से पता लगाया जा सके जितना कि साधारण पुस्तकों में दी गई अनुक्रमणिका से उनके पृष्ठों का। इस कठिन समस्या के समाधान के लिए संदर्भ-संकेत के रूप में साधारण हिंदसों का व्यवहार किया गया जो किसी भी प्रकार के अंकन के लिए एक अत्यंत सुगम और सुबोध साधन समझे जाते हैं और जिनका प्रयोग सार्वभौम है। इन अंकों के साथ कुछ अन्य स्मरणोपकारी प्रतीकों और युक्तियों का भी प्रयोग किया जाना अपेक्षित समझा गया।

पुस्तकालयों में दशमलव-प्रणाली के प्रणयन के पूर्व भी पुस्तकों के वर्गीकरण का महत्त्व महसूस किया जाता था। किंतु इसे सम्पन्न करने के लिए जिन दार्शनिक प्रणालियों का निर्माण किया गया वे इतनी दुरूह थीं कि उनका प्रयोग विरले ही वर्गकार कर सकते थे। दशमलव-वर्गीकरण-प्रणाली की सुगमता और विशेष कर इसके अन्योन्याश्रित अनुक्रमणिका ने इस प्रक्रिया को कई गुना सरल बना दिया। कुछ ही वर्षों में इस वर्गीकरण प्रणाली का व्यवहार संसार के सभी देशों में फैल गया और विभिन्न प्रकार के प्रयोगों में भी इसकी उपादेयता सफल सिद्ध हुई। यह प्रणाली इतनी सरल और बोधगम्य है कि एक स्कूली विद्यार्थी भी बिना किसी कठिनाई के इसके प्रयोग में प्रवीणता प्राप्त कर सकता है और इसकी सहायता से अपने निजी पुस्तकों और अन्य पाठ्य-सामग्री को भी सुव्यवस्थित रूप से रख सकता है। सभी वृत्ति और व्यवसाय के लोग इस प्रणाली के आश्चर्यजनक मित-श्रमी गुणों से परिचित हो गए हैं और अब ऐसे बहुसंख्यक व्यापारी और वृत्तिधारी इसको अपने दैनंदिन प्रयोग में ला रहे हैं जिन्होंने कि इससे पूर्व आविष्कृत प्रणालियों को समझने या प्रयोग करने का कभी प्रयास तक नहीं किया था।

इस प्रणाली के मौलिक अंकन काफ़ी सरल और संक्षिप्त हैं और उनमें बिना कोई परिवर्तन किये हुए केवल कुछ और अंकों को जोड़ देने से ही विषयों की सूक्ष्म से सूक्ष्म विशिष्टता उनके वर्गांकों द्वारा अभिव्यक्त की जा सकती है। और इसकी सारणियों से संबद्ध अनुक्रमणिका के द्वारा, जो साधारण वर्णमाला की भाँति सुगम है, किसी विशिष्ट विषय संबंधी वर्गांक को खोज निकाला जा सकता है।

इस प्रणाली में प्रयुक्त कुछ एक संयोजक प्रतीकों के द्वारा किसी भी विषय के भाषात्मक, कालात्मक, स्थानात्मक और अन्य विशिष्टताओं को भी एक संक्षिप्त वर्गांक द्वारा अभिव्यक्त किया जा सकता है। किंतु इसके वर्ग-प्रतीकों के संक्षिप्त रूप से अधिक महत्त्वपूर्ण इसकी वह सुगमता है जिससे अंकों और दशमलव विन्दुओं के सामान्य गणितीय संबोध के आधार पर पाठ्य-सामग्री को सुसंबद्धक्रम से व्यवस्थित किया जा सकता है और उनको न्यूनतम समय में फिर ढूंढ़ निकाला जा सकता है।

यह वर्गीकरण प्रणाली एक पुस्तिका के रूप में सर्वप्रथम सन् 1876 में प्रकाशित की गई। इसकी तालिकाओं में कुल 12 पृष्ठ थे जिनमें लगभग 1,000 विषय-विभाग थे। इसका इतना संक्षिप्त रूप भी उस समय बड़े पुस्तकालयों तक के उपयोग के लिए अत्यधिक विस्तारपूर्ण समझा गया। किंतु जैसे-जैसे इस प्रणाली में प्रयुक्त तालिकाओं और इससे संबंधित अनुक्रमणिका से लोग परिचित होने लगे, विषयों के सूक्ष्मतर विभाजन की माँग बराबर बढ़ती गई। यहाँ तक कि 12वें संस्करण की अनुक्रमणिका में संलेखों की संख्या 2,600 से बढ़कर 43,000 हो गई। इन संलेखों में इस प्रकार की वृद्धि इस प्रणाली की बढ़ती हुई उपयोगिता और लोकप्रियता का स्पष्ट द्योतक है।

## दशमलव प्रणाली क्या है? What is the system?

इस प्रणाली के दो विशिष्ट अंग हैं: (1) **विषय-वर्गों की तालिकाएँ** और (2) **सापेक्षिक अनुक्रमणिका**। यह अनुक्रमणिका इस प्रकार व्यवस्थित की गई है कि सारणियों में इसका पारस्परिक सामंजस्य अत्यंत सुसम्बद्ध और नितांत सुनिश्चित है और इसके द्वारा विषय वर्गांकों का पता अविलंब लगाया जा सकता है। इन दोनों के अतिरिक्त अन्य सभी साधन जो इस प्रणाली के पूरक हैं उन्हें गौण समझना चाहिए।

**अंकन Notations** – विषय-वर्ग तालिकाओं के निर्माण के लिए आरंभ में विविध प्रकार के अंकनों के विन्यास और विश्लेषण का प्रयोग किया गया। उनमें अंकों और उनके विभाजन के लिए 25 से लेकर 150 तक के अंकन-आधार इत्यादि साधनों का परीक्षण किया गया। किंतु इनमें से कोई भी पर्याप्त या सफल प्रमाणित न हुआ। अंत में दशमलव-गुण-युक्त साधारण 1 से 10 तक अरबी हिंदसों* का प्रयोग करना ही निश्चय किया गया। इसके पहले अन्य वर्गीकरण

---

* मेल्विल ड्यूई ने इन अंको को 'अरबी हिंदसों' की संज्ञा दी है। वस्तुत ये अंक भारतवर्ष की देन है। अरबों ने इन्हे भारत से ही सीख कर इनका प्रयोग करना आरंभ किया और वहीं से इनका सारे विश्व में प्रचार हुआ। अधोलिखित अवतरण इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं·

"It is India that gave us the ingenious method of expressing all numbers by means of ten symbols, each symbol receiving a value of position, as well as of absolute value"

"दस प्रतीकों के माध्यम से सारे अंकों को व्यक्त करने की सुकल्पित और विलक्षण प्रणाली भारतवर्ष की ही देन हैं। और इन प्रतीकों में हर एक का निश्चित् क्रम और उनका निरपेक्ष मूल्य भी उन्हीं की कल्पना है।"

पद्धतियों के विषय में प्राय: यह आलोचना की जाती थी कि वे सभी जटिल और दु:साध्य थे। किंतु दशमलव वर्गीकरण की सरलता ने उन सभी आरोपों को निराधार प्रमाणित कर दिया और अब ऐसा प्राय: स्वीकार किया जाता है कि विषय-वर्गीकरण के लिए दशमलव वर्गीकरण ही सबसे उपयोगी, सुगम और सुसाध्य प्रणाली है।

* * *

**विषयों का समन्वय (Co-ordination of subjects)** – सिद्धांतत: प्रत्येक विषय का केवल नौ भागों में ही विभाजन किया जाना एक विसंगत, युक्तिहीन और बेढंगी बात मालूम होती है। किंतु अब यह अनुभवसिद्ध है कि प्रस्तुत वर्गीकरण प्रणाली के मूल उपादान अर्थात् दशमलव के प्रयोग से विषयों का, बिना अत्यधिक संख्या में अंकों को जोड़े हुए, सूक्ष्मातिसूक्ष्म और सविस्तार विभाजन किया जा सकता है। व्यावहारिक रूप से ऐसी व्यवस्था पूर्णतया संतोषप्रद भी प्रमाणित हुई है। हाँ, कहीं-कहीं इससे विषयों के तालमेल और एकसूत्रता में थोड़ी-बहुत, उथल-पुथल अवश्य हो जाती है और विषय-विभाजन सभी स्थानों में पूर्णतया युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होते।

जहाँ कहीं किसी विषय के नौ से अधिक विभागों की आवश्यकता होती है वहाँ इस समस्या के समाधान के लिए कई संबद्ध विषयों को एक ही वर्गांक के अंतर्गत समाहित कर दिया गया है। वैकल्पिक रूप से अधिक महत्त्वपूर्ण विषयों के लिए 1 से 8 तक वर्गांक निर्धारित करके गौण और कम महत्त्वपूर्ण विषय-समूह को "अन्य" जैसा एक प्रकीर्णक शीर्षक देकर उनके लिए वर्गांक 9 लगा देते हैं। इस प्रकार इस प्रणाली के अंतर्गत असीमित संख्या में विषयों के वर्गीकरण का विस्तार किया जा सकता है।

**नए विषय (New subjects)** – ज्ञान के निरंतर और सतत् विस्तार के परिणामस्वरूप नए-नए विषयों का आविर्भाव बराबर हुआ करता है। दशमलव प्रणाली में ऐसे विषयों के समावेश की भी काफ़ी गुंजायश रखी गई है। यह स्पष्ट है कि कोई भी नया ज्ञानात्मक विषय किसी-न-किसी पूर्ववर्ती विषय से अवश्य संबद्ध होता है। यदि उस पूर्ववर्ती विषय के समीप कोई रिक्त वर्गांक उपलब्ध न हो तो नए विषय को उसमे निकटतम पूर्ववर्ती विषय में ही समाविष्ट कर दिया जा सकता है।

---

"The invention of sunya or '0' liberated the human intellect from the prison bars of the counting frame."

–Hogben's *Mathematics for Millions* p. 285

"भारतीयों द्वारा शून्य (0) के आविष्कार ने मानव बुद्धि को गिनती के चौखटे की कैद से मुक्त कर दिया।"

'The Jewish & Arabic scholars were set to the task of making calendars They improved on the astronomical tables of the Alexandrians & Hindus, and they brought to their task the advantage of the simple number script which the Hindus had invented."

Ibid, p. 287

"यहूदी और अरब ज्योतिषियों को पंचांग प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अलेक्जेंड्रिया निवासियों और हिंदुओं के गणित-ज्योतिष विषयक सारणियों का ही कुछ सुधार करके उनको अपने पंचांग का आधार बनाया और अपने इस कार्य के लिए हिंदुओं द्वारा आविष्कृत उनके सरल अंक प्रणाली का भी लाभप्रद प्रयोग किया"

**– अनुवादक**

यदि नया विषय स्वतंत्र रूप मे महत्त्वपूर्ण है तो उसके लिए दशमलव जोड़कर एक नए वर्गांक का निर्माण करना ही अपेक्षित होगा। इस प्रकार इस प्रणाली में विषय-प्रसार की निःसीम क्षमता है और इसलिए यह प्रणाली विस्तार-संकीर्णता अथवा अवकाशाभाव के कारण कभी अपर्याप्त अथवा असाध्य नहीं सिद्ध हो सकती।

**विषय-शीर्षकों का चयन और विन्यास (Choice and arrangement of heads)** – प्रस्तुत प्रणाली में विषय-शीर्षकों के चुनने और उनको क्रमबद्ध करने में दार्शनिक सिद्धांतों की अनुकूलता और परिशुद्धता की अपेक्षा व्यावहारिक उपादेयता को अधिक महत्त्व दिया गया है। ग्रंथों में परिरक्षित ज्ञान-समष्टि का सम्यक् एवं पूर्णतया निर्णयात्मक वर्गीकरण करना असंभव है। इसलिए इस प्रणाली में सैद्धांतिक सामंजस्य और युक्तिपूर्णता को कई स्थानों में अनिवार्यतः व्यावहारिकता की वेदी पर बलि देना पड़ा है।

**संबंधित विषयों का अनुक्रम (Sequence of allied subjects)** – जहाँ तक व्यवहार्य था, विषय-शीर्षकों का विन्यसन इस प्रकार किया गया है कि पूर्ववर्ती विषय अनुवर्ती विषयों से निकटतम रूप से संबद्ध हों। और इसी क्रम के आधार पर पुस्तकों का वर्गीकृत सूची-निर्माण और उनकी निलग-व्यवस्था दोनों ही प्रक्रियाएँ समुविध संपन्न की जा सकती हैं। शीर्षकों के पद-निर्माण में उनकी संक्षिप्तता और लोकप्रियता जैसे गुणों को अधिक महत्त्व दिया गया है न कि उनकी प्राविधिकता अथवा शास्त्रीयता को। क्योंकि संक्षिप्त और सुपरिचित शीर्षक ऐसे प्रयोजन के लिए कहीं अधिक उपयोगी होते हैं। बहुतेरे ऐसे विषय जो तालिकाओं में छूटे हुए प्रतीत होंगे, अनुक्रमणिका में अपने सबसे निकट-संबद्ध और सुपरिचित विषय-शीर्षक के अंतर्गत मिल जाएँगे। अनुक्रमणिका के निर्देश में इस प्रकार के अन्य संदिग्ध समस्याओं का भी समाधान हो जायगा।

*　　　　*　　　　*

**दशमलववाद (Decimalism)** – इस प्रणाली में विषयों को दशमलव के शिकंजे में कसने* के उद्देश्य से इसकी उपयोगिता का हनन नहीं किया गया है। **दशमलव का प्रयोग सेवक की तरह किया गया है न कि स्वामी की तरह।** विषयों के विभाजन अथवा समन्वयन को दशमलव के केवल दस अंकों से सीमित करने की अवधारणा केवल उसकी गणितीय क्षमता पर ही आधारित नहीं थी। बल्कि वर्गीकरण के अन्य कारकों के विचार से भी यही प्रविधि सबसे अधिक उपयोगी प्रतीत हुई। कई विषयों के विभाजन के लिए शुरू में केवल तीन से सात शीर्षकों को ही पर्याप्त समझा गया। किंतु आगे चलकर इनके और अधिक विभाजन की

* मेल्विल ड्यूई ने इस स्थान पर दशमलव को प्रोक्रस्टियन बेड (procrustean bed) पदोचित की संज्ञा दी है। उसका आशय ग्रीक पौराणिक कथा के विख्यात दानव, प्रोक्रस्तीज़ की एक तथा-कथित खाट से था। प्रोक्रस्तीज एटिका का एक दानव था जो भूले भटके यात्रियों को गुमराह करके उन्हें अपने निवास-स्थान पर ले जाता था और वहाँ उन्हें पकड़ कर बरजोरी एक विशेष प्रकार की खाट पर लिटा देता था। यदि यात्री खाट से अधिक लंबा होता तो उसकी टाँग काट देता था और यदि नाटा होता था तो उसके शरीर को इतना खींचकर लंबा कर देने का प्रयास करता था कि वह खाट की आकार का हो जाय। दोनों ही परिस्थितियों में यात्री की मृत्यु अवश्यंभावी थी। – अनुवादक

आवश्यकता महसूस हुई और यह सुगमता से किया जा सका क्योंकि उसके लिए पर्याप्त अवकाश था। इसके प्रतिकूल कई विषयों को दस से अधिक भागों में विभाजित करना सुसंगत मालूम हुआ। और चूंकि दशमलव विदु के बाद केवल एक ही अंक जोड़कर 100 शीर्षकों तक का प्रावधान किया जा सकता है, इस युक्ति के माध्यम से विषय-वर्गांकों का विस्तार आसानी से किया जा सका। पहले कहीं-कहीं दो या अधिक संबंधित अथवा समकक्षी विषयों को एक ही वर्गांक के अंतर्गत विभाजित करने की आवश्यकता पड़ी। किंतु पचासों वर्ष के इस प्रणाली के प्रयोग के क्रम में विषयों के विभागों की संख्या उत्तरोत्तर बढ़ती गई और अब तो तालिकाओं में प्रायः सभी विषयों के लिए अलग-अलग वर्गांकों का प्रावधान कर दिया गया है।

आलोचकों द्वारा दशमलव पद्धति के इस दशमिक प्रविधि का प्रायः भ्रान्ति और पूर्वाग्रह के कारण छिद्रान्वेषण होता रहता है। किंतु वस्तुतः यह इस पद्धति की उपादेयता का प्रमुख कारक है, न कि इसका दोष। रेलगाड़ी भी अपने मार्ग और समय-सारणी से प्रतिबद्ध रहती है। मोटरकार की तरह यह न तो हर एक दरवाजे तक जा सकती है, न हि हर एक के सुविधानुसार जिसतिस समय पर चल सकती है और न आपके खेत पर जाकर आपका ग़ल्ला ही ढो सकती है। किंतु चूंकि यह अपने सीमित पथ पर और निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चलती है, यह अपना कार्य विस्तृत परिमाण में, इतनी कुशलतापूर्वक, इतने कम खर्च और इतनी शीघ्रता से कर सकती है।

कोई भी विवेकपूर्ण वर्गकार जो इस वर्गीकरण पद्धति का व्यवहार करता है, इस बात से सहमत होगा कि इस पद्धति की सरलता और किफ़ायत दोनों मुख्यतया "दशक-जकड़बद" पर ही आधारित है। इसकी सापेक्षिक अनुक्रमणिका, अनेक स्मरणोपकारी तालमेल, परमोपयोगी शून्य चिह्न (0) जो किसी विषय के रूप अथवा काल-विभाजन को व्यक्त करता है, ऐतिहासिक विषयों का देश और काल विभाजन, भाषा और साहित्य के रूपात्मक विभाजन के रोचक सयोजन-विभेदन की प्रविधियाँ – ये सभी इस परिसीमन की ही देन हैं।

* * *

## दशमलव प्रणाली के लाभ Advantages of Decimal System

(1) **निलय-व्यवस्था और निलय-सूची (Shelf-arrangement and shelf-list)** – दशमलव प्रणाली पुस्तकों को निलयों पर सापेक्षिक, संगठित और व्यवस्थित ढंग से रखने का सबसे सीधा और सरल तरीक़ा है।

दशमलव प्रणाली के अनुसार निर्माण की गई निलय-सूची से किसी भी विषय की पुस्तकों की एक अलग सूची बड़े अच्छे और सुगम ढंग से बनाई जा सकती है। यों तो निलय-सूची का प्रमुख उपयोग खोई हुई अथवा निलयों पर बेठिकाने रखी हुई

पुस्तकों का पता लगाना है। लेकिन यह प्रयोजन भी दशमलव निलय-सूची के द्वारा बहुत अच्छी तरह सम्पन्न किया जा सकता है।

(2) **परिग्रहण-पंजिका (Accession Book)** – यदि परिग्रहण-पंजिकाओं में प्रविष्ट पुस्तकों के साथ वर्गांकों का भी उल्लेख किया जाय तो उसके किसी भी पृष्ठ पर दृष्टि दौड़ाने से यह तुरत पता चल जायगा कि कौन सी पंजीकृत पुस्तक किस विषय की है और एक निश्चित अवधि में उस विषय की कितनी पुस्तकें पुस्तकालय में मँगाई गई और कौन-सी पुस्तक निलयों पर किस स्थान में मिल सकती है।

(3) **पैंफ़्लेटों की व्यवस्था (Pamphlets)** – पुस्तकालय में पैंफ़्लेटों को व्यवस्थित ढंग से इस प्रकार रखना कि उनका समय पर समुचित उपयोग किया जा सके एक कठिन कार्य है। किंतु यदि पुस्तकों की तरह पैंफ़्लेटों को भी वर्गीकृत करके, चाहे उनकी औपचारिक रूप से सूची बनाएँ या न बनाएँ, उन्हें पैंफ़्लेट मंजूषाओं में उनके वर्गक्रम से अलग या पुस्तकों के साथ रख दें, तो इस प्रकार की सारी समविषयी सामग्री आवश्यकता पड़ने पर तुरत उपलब्ध की जा सकती हैं।

(4) **पुस्तक-निर्गम-प्रणालियाँ Charging systems** – पुस्तकों के निर्गम-प्रक्रिया में दशमलव वर्गांकों के प्रयोग से अधोलिखित फायदे हैं :–

(अ) वर्गांकों के द्वारा दैनंदिन पुस्तक-परिचालन का विषयात्मक व्योरेवार आँकड़ा आसानी से प्रस्तुत किया जा सकता है। १ दिन भर में निर्गमित पुस्तकों की संख्या और उनके वर्गांकों द्वारा अनुमानित विषयों के आधार पर यह गिन कर कि किस विषय की कितनी पुस्तकें निर्गमित हुई इसका दैनिक प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है।

(आ) यदि निर्गमित पुस्तकों के पुस्तक-पत्रक वर्गांकों के क्रम से निर्गम-ट्रे में व्यवस्थित किए जाएं, तो किसी निर्गमित पुस्तक का अता-पता और उस पुस्तक के उपयोग का परिमाण दोनों बातें तुरत मालूम की जा सकती हैं।

(इ) निर्गम-संचिका से इस बात का भी अविलंब पता लग सकता है कि पुस्तकालय में किस विषय की कितनी पुस्तकों का उपयोग किया जा रहा है। और यदि निर्गमन के लिए पाठक-पत्रक का भी प्रयोग किया जाता है तो उससे यह भी पता चल जाता है कि किस प्रकार के और किस शैक्षिक-स्तर के पाठक कौन-सी पुस्तकों को पढ़ रहे हैं। पुस्तकों के निर्गमन के इस पक्ष का अध्ययन करने से यह पता लग सकता है कि पाठकों की अध्ययन-अभिरुचि कैसी है और उसमें किस प्रकार उन्नयन या परिवर्तन किया जा सकता है। यह समस्या तथा इसका समाधान आजकल दोनों बड़े महत्त्वपूर्ण समझे जाते हैं।

(5) **विषय-निर्देशन (Subject references)** – विषय-निर्देशन के लिए दशमलव-वर्गांक असाधारण रूप से लाभप्रद हैं। पुस्तकालय के प्रयोगकर्ता अब विषय-विश्लेषण और विषयों के प्रतिनिर्देशन आदि प्रविधियों से काफ़ी परिचित हो

गए हैं और उनका अधिकाधिक प्रयोग कर रहे हैं। दशमलव वर्गांक अपने संक्षिप्त आकारवाले प्रतीकों में ही उन संदर्भों का निर्देशन करने की उतनी ही क्षमता रखते है जितना कि लंबे-लंबे विषय-शीर्षक। और उनके उपयोग में भी उतनी ही सुगमता और समय की बचत होती है जितना उनके संलेख में। दशमलव वर्गांकों द्वारा विषय-निर्देशन अत्यंत स्पष्ट और बिलकुल सीधा होता है।

(6) **पुस्तकालयों का पुनर्वर्गीकरण और पुनर्सूचीकरण (Recataloging and reclassifying)** – इस उपक्रम के लिए भी दशमलव प्रणाली अत्यंत उपयुक्त है और ग्रंथ-संग्रह का इस प्रकार का पुनर्संगठन बिना पुस्तकों के दैनिक परिचालन अथवा पुस्कालय के अन्य संचालन क्रियाओं में कोई बाधा डाले ही सुगमता से सम्पन्न किया जा सकता है।

(7) **प्रणाली की अनुयोज्यता (Adaptability)** – दशमलव प्रणाली इतनी नमनीय है कि इसका उपयोग किसी भी परिस्थिति के अनुकूल बनाया जा सकता है। इसका पुस्तकालय-व्यवस्था के किसी भी विभाग में आंशिक प्रयोग किया जा सकता है और उससे उसी अनुपात में लाभ उठाया जा सकता है, चाहे वह पेंफ्लेटों के वर्गीकरण और उपयोग के लिए हो, अथवा निलय-विन्यसन में बिना कोई परिवर्तन लाए हुए केवल सूचीकरण के लिए हो, अथवा सूची-निरपेक्ष केवल निलय-विन्यसन के लिए ही हो। इस प्रकार दशमलव प्रणाली पुस्तकालयों में वर्गीकरण, निलय-विन्यसन, सूचीकरण, पुस्तक-परिचालन – इनमें से किसी भी प्रक्रिया या सभी प्रक्रियाओं के लिए उपादेय और अनुयोज्य है।

(8) **अरबी हिंदसों का प्रयोग (Arabic numerals)** – वर्गीकरण के लिए 1, 2, 3 जैसे साधारण अंकों का लेखन और प्रयोग अन्य किसी भी प्रतीक की अपेक्षा सरल, समय बचानेवाला और स्पष्ट अर्थयुक्त है। इसलिए दशमलव प्रणाली में रोमन अंक और अँग्रेजी के बड़े और छोटे अक्षर, जिनका प्रयोग अन्य वर्गीकरण प्रणालियों में प्रचलित है, बिल्कुल वर्जित हैं। और शुद्ध गणितीय अंकों का ही निलयों, अनुक्रमणिकाओं, सूचियों और अन्य सभी पुस्तकालयी अभिलेखों में सार्वत्रिक प्रयोग करके इसमें निहित वर्ग-शुद्धता, मितव्ययिता और अन्य सुविधाओं से लाभ उठाया गया है।

**संक्षेप में यह कह सकते हैं कि इस प्रणाली के अधोलिखित गुण हैं:–**

**(1) इसका प्रयोग सबसे अधिक मितव्ययी है।**

**(2) यह अत्यंत बोधगम्य, स्मरणीय और प्रयोग-सुलभ है।**

**(3) यह व्यावहारिक और प्रयोगात्मक है, काल्पनिक और सैद्धांतिक नहीं।**

**(4) इसके शीर्षक-पद संक्षिप्त और बोधगम्य हैं।**

**(5) इसमें बिना किसी अव्यवस्था के आंशिक तथा क्रमिक प्रयोग किए जाने की क्षमता है।**

(6) यह पैंफ्लेटों और अन्य सभी प्रकार की पाठ्यसामग्री के सुविन्यसन, अनुक्रमणिका-प्रस्तुति, आँकड़ा-संकलन, निलयों से हटाई गई पुस्तकों की खोज-ढूंढ़ इत्यादि, सभी के लिए सुविधाजनक है।

(7) इसके द्वारा पत्रक-सूची और निलय-व्यवस्था का एक संतोषप्रद सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है।

(8) इसके द्वारा पुस्तकों का निलय-विन्यसन सघन और सुसंबद्ध रूप से किया जा सकता है।

(9) इसमें वर्गीकरण के लिए अंक-प्रतीकों का बहुत थोड़ी संख्या और अत्यंत सरल रूप में प्रयोग किया गया है।

(10) सूचियों में और निलय-विन्यास में बिना किसी गड़बड़ी अथवा श्रम-अपव्यय के इसका निःसीम विस्तार किया जा सकता है।

(11) इसके प्रयोग में अशुद्धियों का आसानी से पता लग जाता है।

(12) इसमें शीर्षकों और वर्गांकों के अंतर्निर्देशन का सुगमता से समावेश किया जा सकता है।

(13) इस प्रणाली पर आधारित पुस्तकों के याचनांक स्थायी और अपरिवर्तनीय होते हैं। इसलिए उनके द्वारा पुस्तकालय में पुस्तकों का निश्चित रूप से पता लगा कर पाठकों को निर्गमित करना सुसाध्य होता है।

(14) इसकी सापेक्षिक अनुक्रमणिका के प्रयोग के द्वारा वर्गीकृत सूचियों के बारे में की गई सभी आपत्तियां निराधार हो जाती हैं। और

(15) यह पहली वर्गीकरण प्रणाली है जिसमें अनुवर्ग और अनुवर्ण दोनों प्रकार की सूचियों के लाभों का समन्वय सन्तोषप्रद मात्रा में पाया जाता है।

* * *

## विशेष स्थानीय आवश्यकताओं के लिए वर्गांकों का व्यावहारिक रूपांतरण
## Practical Variations

यह समझना भ्रांतिपूर्ण है कि दशमलव वर्गांक नितांत अपरिवर्तनीय हैं। किन्तु दशमलव प्रणाली के प्रयोग में प्रत्येक पुस्तकालय को स्थानीय विविधता, विशिष्ट परिस्थिति और उपलब्ध साधनों को ध्यान में रखते हुए कौन-से परिवर्तन व्यवहार्य और उपयोगी होंगे इसका निर्णय करने के पश्चात् ही पूर्वनिर्धारित वर्गांकों का रूपांतरण करना अपेक्षित होगा। और इस प्रकार का निर्णय करने के वे ही वर्गकार अधिकारी हो सकते हैं जो कि न केवल अपने पुस्तकालय-संग्रह और उनकी सेवा-संबंधी आवश्यकताओं से सुपरिचित हों बल्कि जिन्हें इस प्रकार के रूपांतरण

की प्रविधियो और उन्हे अपने पुस्तकालय के लिए अपेक्षतया व्यवहार-सुगम बनाने के तरीको की भी पर्याप्त जानकारी हो।

इस सबध मे एक चेतावनी आवश्यक है। प्रस्तुत दशमलव वर्गीकरण प्रणाली मे रूपातर के विषय में निर्णय करने के पूर्व इस बात पर अच्छी तरह विचार कर लेना चाहिए कि किस प्रकार के रूपातर का प्रयोग करना व्यवहार्य, उपादेय अथवा अपेक्षित होगा। प्राय अनुभवहीन वर्गकार बिना इस प्रणाली के व्यावहारिक नियमो, इसके प्रणेता की विशदकारी व्याख्याओ और इसम समाविष्ट वर्ग-निरूपण के अतर्सबध से पूरी तरह परिचय प्राप्त किए ही अपने को इसे सँवारने-सुधारने के लिए सक्षम समझने लगते है। किंतु इस प्रकार की अनधिकार चेष्टा उनके पुस्तकालय की वर्गीकरण-व्यवस्था के लिए अनर्थकारी सिद्ध हो सकती है। किसी नए अथवा रूपातरित विषय-वर्ग को थोडा ऊपर-नीचे करके लगा दना तो प्रत्यक्षत एक साधारण बात मालूम होती है। किंतु किसी-किसी प्रसग मे उस एक ही वर्गाक से किंचित् अनुक्रमणिका के सेकडो सबद्ध सलेख प्रभावित होते है और उन सब का शोधन-सशोधन एक दु साध्य कार्य हो जाता है।

कभी-कभी अनुभवी वर्गकार भी गलतफहमी के कारण प्रणाली का अधिक उपयोगी बनाने के भ्रामक प्रयास म गुमराह हो जाते ह और जिधर-तिधर निर्धारित वर्गाको म रूपातर कर बेठते है। किंतु कुछ दिनो के आजमाइश के पश्चात् उन्ह अपनी गलती महसूस होती हे और फिर उन्हे पूर्वनिर्धारित वर्गाको के प्रयोग पर ही लौटना पडता है। जिन वर्गाको का स्थान तालिकाओ मे रिक्त रखा गया है उन्ह भी बिना पूरा विचार किए हुए विषय-विभागो से भर कर प्रयोग मे लाने से इसी प्रकार की गडबडी की सभावना होती है। इसलिए सबसे निरापद और क्षेमकारी नियम यही है कि निर्धारित वर्गाको मे कोई भी अतिरिक्त विभाजन या परिवर्तन इस प्रणाली के अधिकृत सपादक से जॉच करवाए बिना न करे।

छपे हुए वर्गाको के जैसे का तैसा प्रयोग करने मे एक लाभ यह भी है कि यदि उनमे से कोई गलत निकला तो वर्गकार उसका सारा उत्तरदायित्व सम्पादक के सिर मढ सकता है। किंतु यदि उसने उसके सशोधन का स्वय प्रयास किया और वह अनुपयुक्त ठहरा तो सारी सफाई उसी को देनी पडती है। सपादक-मडल इस प्रणाली के सभी उपयोगकर्त्ताओ के हित के लिए उसे अधिक उत्कृष्ट बनाने, विषयो के आवश्यक अतिरिक्त उपविभाजन करने और तालिकाओ और अनुक्रमणिका मे त्रुटियो के निरसन मे सतत् प्रयत्नशील रहता है और इस कार्य म प्रणाली के सभी उपयोग-कर्त्ताओ से सहयोग की अपेक्षा करता है।

सभव है कि दशमलव प्रणाली का यह सक्षिप्त विवरण उन सभी आपत्तियों का समाधान न कर सका हो जो समय-समय पर इसके प्रतिकूल किए जाते रह है। किंतु यद्यपि इस वर्गीकरण योजना की मौलिक विशिष्टता अपरिवर्तित रखी गई है, लेकिन इसके पुनरीक्षण, सुधार और विस्तरण का क्रम बराबर जारी रहा हे। इसके

व्यावहारिक प्रयोग से भी इसकी अव्यक्त त्रुटियाँ व्यक्त होती रही हैं। इसलिए वर्गकारों से यह अनुरोध है कि तालिकाओं के हर नए संस्करण का वे समालोचनात्मक दृष्टि से व्यवहार करें और उसकी त्रुटियों और उनके प्रतिसमाधान की सूचना दें। मुख्य विषयों के अतिरिक्त उनके उपविभाजनों और अनुक्रमणिका में अतिरिक्त शीर्षकों के सुझावों का भी स्वागत किया जायगा क्योंकि ऐसी सभी आलोचनाएँ और सुझाव लाभप्रद होंगे और संपादक-मंडल को साभार स्वीकार्य होंगे।

**—मेल्विल ड्यूई**

# संपादकीय भूमिका
# Editor's Introduction

## दशमलव-वर्गीकरण-प्रणाली के मौलिक तत्त्व, संरचना और प्रयोग की समीक्षा
## Comments on Philosophy, Structure, Use

---

### 1. ग्रंथ-वर्गीकरण Book Classification

पुस्तकालयों का एक प्रमुख उद्देश्य यह है कि वे अपनी संगृहीत सामग्री को इस प्रकार व्यवस्थित करें कि उनका अधिकतम उपयोग किया जा सके। इसके लिये यह आवश्यक है कि वह ऐसे साधनों को काम में लाएँ जिनसे कि पाठक अपनी इच्छित पाठ्य-सामग्री तक सुगमता, सुविधापूर्वक और अविलंब पहुँच सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बहुत-सी युक्तियों का प्रयोग किया जाता है। उनमें से एक युक्ति पुस्तकों और अन्य पाठ्य-सामग्री का समुचित वर्गीकरण है।

वस्तुत: किसी तरह के संगृहीत पदार्थों का वर्गीकरण किया जा सकता है क्योंकि वर्गीकरण का यथार्थ तात्पर्य समानधर्मी पदार्थों को एक साथ रखना और उन्हें भिन्न-धर्मी पदार्थों से पृथक करना है।

वर्गीकरण केवल भौतिक पदार्थों के लिए ही नहीं बल्कि प्रक्रियाओं, क्रियाओं, संबंधों और मानसिक अवधारणाओं के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। अर्थात् किसी भी प्रकार के विषय अथवा विषय-समूह का जिनकी इकाइयों में एकरूपता तथा विभिन्नता पाई जाय, वर्गीकरण किया जा सकता है।

पुस्तकालय-सामग्री (पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ, फ़िल्म, ध्वनि-पट्ट और अन्य अध्ययन-माध्यम) के वर्गीकरण से तात्पर्य यह है कि पुस्तकालय में संपूर्ण संगृहीत सामग्री इस प्रकार सुव्यवस्थित ढंग से रखी जाय कि प्रत्येक विषय से संबंधित सामग्री एक ही निश्चित स्थान और क्रम में पाई जा सके। डयूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली और अन्य सभी वर्गीकरण प्रणालियों का मुख्य उद्देश्य सभी ज्ञानात्मक विषयों को एक सुव्यवस्थित क्रम में सूचीबद्ध करना है।

पुस्तकों के इस प्रकार की क्रमबद्ध व्यवस्था में अंकनों (notations) का प्रयोग विशेष सुविधाप्रद होता है। इन अंकनों अथवा प्रतीक-चिन्हों (symbols) को पुस्तकों के पीछे उनके पुट्ठे पर अंकित कर देने से उनके क्रमिक व्यवस्था में सहूलियत होती है। इस प्रकार की अंकन-प्रणाली, वर्गीकरण-प्रणाली का एक अनिवार्य अंग न होते हुए भी, अधोलिखित सुविधाएँ प्रदान करती है –

(1) प्रत्येक विषयवर्ग और उपवर्ग को एक निश्चित पद-संज्ञा देती है;

(2) विभिन्न वर्गों में समाविष्ट विषयों की जानकारी कराती है; और

(3) उनके अपेक्षित और सुव्यवस्थित क्रमण के लिए उनका समुचित विषय-विभाजन और उपयुक्त व्यवस्था निर्धारित करती है।

पुस्तकाध्यक्ष अपनी पुस्तकों का वर्गीकरण उनकी विभिन्न विशिष्टताओं के आधार पर करते है, जैसे, उनके भौतिक आकार-प्रकार, उनके प्रकाशन की तिथि और स्थान, उनके विशिष्ट प्रयोग (जैसे, संदर्भ-ग्रंथ, बाल-साहित्य इत्यादि) अथवा पाठकों की अभिरुचि के आधार पर। किंतु अधिकतर पुस्तकाध्यक्ष अपनी पुस्तकों का वर्गीकरण उनमें प्रतिपादित विषयों के आधार पर ही करते हैं क्योंकि इस प्रकार की व्यवस्था ही अधिकांश पाठकों और उनकी सेवा करनेवाले पुस्तकालय कर्मचारियों के लिए उनकी अभीप्सित सामग्री अथवा ज्ञानात्मक जानकारी के उपयोजन का सबसे उपयोगी साधन प्रमाणित हुई है।

कभी-कभी पुस्तकाध्यक्ष अपने पाठकों की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने ग्रंथ-संग्रह की एक स्वतंत्र विषय-वर्गीकरण प्रणाली का निर्माण कर लेते हैं। किंतु इस प्रकार की निजी उपयोग के लिए निर्माण की गई प्रणालियाँ अथवा विशिष्ट अध्येता अभिरुचि के अनुसार पुस्तकों का समूहीकरण आधुनिक ज्ञानात्मक विविधता और विशिष्टता के लिए जिनमें सैकड़ों हज़ारों विषय संबंधी पाठ्य-सामग्री और अनगिनत ज्ञान की शाखाएँ-प्रशाखाएँ अंतर्ग्रस्त हैं, नितांत अपर्याप्त और अनुपयुक्त होती हैं। इसलिए-अधिकतर पुस्तकाध्यक्ष किसी एक मान्यता-प्राप्त वर्गीकरण-प्रणाली को ही अपनाना अधिक उपादेय और श्रेयस्कर समझते हैं। इनमें सबसे अधिक परिचित और प्रयुक्त मेल्विल ड्यूई की दशमलव वर्गीकरण, ब्लिस की बिब्लिओग्रैफ़िक वर्गीकरण, रंगनाथन की कोलन वर्गीकरण, कटर की एक्सपैन्सिव वर्गीकरण, लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस वर्गीकरण, ब्राउन की सब्जेक्ट वर्गीकरण और यूनिवर्सल डेसिमल वर्गीकरण प्रणालियाँ हैं।

इन मान्यता-प्राप्त वर्गीकरण प्रणालियों में किसी को अपनाने से एक और लाभ यह है कि उनके विषय-विन्यास और अंकनों से अन्य पुस्तकाध्यक्ष भी परिचित होते हैं और उन्हें समझ सकते हैं और उनका प्रयोग भी अनेकों पुस्तकालयों में होता है और इसलिए उनके क्रमिक विकास की देखरेख पुस्तकालय-विज्ञान और विषय-वर्गीकरण के विशेषज्ञों द्वारा बराबर होती रहती है और उनके निरंतर प्रयास से ये समन्वित और अद्यतन बनी रहती हैं।

## 2. ड्यूई दशमलव वर्गीकरण Dewey Decimal Classification

2.1 **वर्तमान प्रयोग (Current use)** – उपर्युक्त सभी पुस्तक-वर्गीकरण-प्रणालियों में सबसे अधिक व्यापक रूप में प्रयुक्त और सबसे प्राचीन ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली है। अँग्रेज़ी भाषा-भाषी देशों के अधिकांश सार्वजनिक और शैक्षणिक पुस्तकालयों में इसी प्रणाली का प्रयोग किया जाता है और संसार के प्रायः अन्य देशों के पुस्तकालयों में भी इसके प्रयोग-कर्त्ता पाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त संसार के अनेक राष्ट्रीय भाषाओं में पूर्ण अथवा संक्षिप्त रूप में इस प्रणाली का अनुवाद किया गया है और अनेक केंद्रित सूचीकरण और संदर्भ-सेवी संगठनों द्वारा भी इनका प्रयोग किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय प्रलेखन-संघ (International Federation of Documentation) के सहयोग से आविष्कृत दशमलव वर्गीकरण के एक रूपांतर, जिसे युनिवर्सल डेसिमल क्लासीफिकेशन (Universal Decimal Classification) की संज्ञा दी गई है, के द्वारा इसका प्रयोग आधुनिक वैज्ञानिक और औद्योगिक विषयों के संदर्भात्मक वर्गीकरण की जटिल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी किया जा रहा है।

2.2 **मौलिक योजना और अनुप्रयोग (Basic plan and application)** – ड्यूई दशमलव वर्गीकरण एक सोपानक्रमिक (hierarchical) प्रणाली है और इसमें ज्ञान के उपविभाजन के लिए दशमलव सिद्धांत का प्रयोग किया जाता है अर्थात् ज्ञान के प्रत्येक आनुक्रमिक वर्गों के समूह का क्रमण दस अंकों 0-9 के आधार पर किया जाता है।

इस प्रणाली में प्रथम वर्ग-विभाजन दस मुख्य वर्गों (main classes) में किया गया है जिसमें सम्यक् मानवीय ज्ञान समाविष्ट है। ये मुख्य वर्ग 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, अंकनों से व्यक्त किए जाते हैं। मुख्य वर्ग 0 का प्रयोग विभिन्न विषयों के विभिन्न दृष्टिकोण से लिखी गई सामान्य पुस्तकों के लिए किया जाता है, जैसे सामान्य विश्वकोश, सामान्य पत्र-पत्रिकाएँ इत्यादि और इनके अतिरिक्त इनका प्रयोग कुछ ऐसे विशिष्ट विषयों के लिए भी किया जाता है जिनका संबंध ज्ञान के सभी विषयों से है, जैसे, सूचना और संचार, पुस्तकालय-विज्ञान, पत्रकारिता इत्यादि। मुख्य वर्ग-समूह 1-9 के प्रत्येक वर्ग के अंतर्गत ज्ञान संबंधी कोई विशिष्ट विषय-क्षेत्र अथवा संश्रित विषय-समूह समाविष्ट हैं।

ये दस मुख्य वर्ग (और उनमें निहित विषय-अवधारणाएँ) अधोलिखित क्रम से व्यवस्थित किए गए हैं: –

**0 सामान्य वर्ग**
**1 दर्शन और संबंधित विषय-क्षेत्र**
**2 धर्म**
**3 सामाजिक विज्ञान**
**4 भाषा विज्ञान**
**5 शुद्ध विज्ञान**
**6 प्रौद्योगिकी (अनुप्रयुक्त विज्ञान)**
**7 ललित कलाएँ**
**8 साहित्य (उदात्त साहित्य)**
**9 सामान्य भूगोल, इतिहास और उनके उपविषय**

साधारणतया प्रत्येक पूर्ण अंकन के लिए कम-से-कम तीन अंकों का प्रयोग किया जाता है। इन तीनों अंकों को पूरा करने के लिए आवश्यकतानुसार शून्य 0 का, उसके यथार्थ गणितीय अर्थ में प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार मुख्य वर्ग 6 (प्रौद्योगिकी) का पूर्ण दशमलव वर्गांक 600 है।

इस सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक मुख्य वर्ग के पूर्ण विस्तार को व्यक्त करने के लिए पूरे प्रणाली में एक सौ त्रयांकी अंकनों का निर्माण किया गया है, जैसे सामान्य विषयों के लिए 000-099, भाषा विज्ञान के लिए 400-499, अनप्रयुक्त विज्ञान के लिए 600-699 इत्यादि।

उपर्युक्त प्रत्येक दस मुख्य विषय-वर्गों को सर्वप्रथम दश विभागों (divisions) म बाँटा गया है और उन विभागों को भी 0-9 अंकों मे अंकित किया गया है। इन विभागांकों का वर्गांकों में दूसरा स्थान दिया गया है। विभागांक 0 का प्रयोग सम्पूर्ण मुख्य-वर्ग संबंधित सामान्य पुस्तकों के लिए और विभागांक 1-9 उस मुख्य वर्ग के उपवर्गों के लिए किया जाता है। इस प्रकार वर्गांक 60 से आशय प्रौद्योगिकी की सामान्य पुस्तकों का और 61 से आयुर्विज्ञान, 62 से इंजीनियरी और संबंधित विषय, 63 से कृषि और संबंधी क्रियाएँ अभिहित होती हैं। इन विषय-विभागों के पूर्णांकन उनके अन्त में 0 जोडकर इस प्रकार होंगे: मुख्य वर्ग 6 (प्रौद्योगिकी) की सामान्य पुस्तकों के लिए 600, आयुर्विज्ञान के लिए 610, इंजीनियरी के लिए 620 और कृषि के लिए 630 इत्यादि।

इसके उपरांत प्रत्येक वर्ग-विभाग के दस अनुभाग (sections) किए गए हैं और वे सब भी 0-9 अंकों मे ही अंकित किए गये हैं। वर्गांकन-क्रम मे अनुभाग-अंकनों को तीसरा स्थान दिया गया है। इस प्रकार उपर्युक्त विभागों के पूर्ण अनुभाग-अंकन इस प्रकार हैं: 600-609, 610-619, 620-629, 630-639 इत्यादि। पूर्वानुसार अनुभागों में तीसरे स्थान में शून्य 0 से आशय उस सारे अनुभाग की सामान्य कृतियों से है और 1-9 का प्रयोग अनुभाग के उपवर्गों से। इसके अनुसार, कृषि की सामान्य कृतियों के लिए वर्गांक 630, कृषि संबंधी प्रविधियों और उपकरणों के लिए 631, पौधों की क्षति, रोग, कृषि-नाशक कीट और उनके नियंत्रण के लिए 632, फ़स्लों के लिए 633, पशुपालन के लिए 633 वर्गांक निर्धारित किए गए हैं। इस प्रकार ड्यूई दशमलव प्रणाली के अंतर्गत आवश्यकतानुसार किसी भी विषय का सूक्ष्मतम विभाजन लगातार दशमिक वर्गांकन-प्रविधि के आधार पर किया जा सकता है। वर्गांकन को सुव्यवस्थित ढंग से और अधिक व्यापक बनाने के लिए इस प्रणाली में एक अनिवार्य नियम का समावेश किया गया है जिसके अनुसार प्रत्येक 000-999 त्रयांकी वर्गांकों में से प्रयोग किए गए किन्ही तीन अंकों के बाद एक दशमलव बिंदु लगा कर उस विषय-वर्गांक के सूक्ष्मतर उपविभाजन के लिए जितने अंकों की आवश्यकता हो लगाता जाय। इस प्रकार, उदाहरण के लिए "कृषि संबंधी प्रविधि और उपकरण" सूचक वर्गांक के 631 के सूक्ष्मतर विभाजन के लिए वर्गांकों का क्रमण इस प्रकार किया गया है: 'कृषि-

संरचनाएँ' 631.2, 'कृषि-यंत्र और उपकरण' 631.3, 'जोताई और कटाई' 631.5 इत्यादि ।

तालिकाओं के पूर्ण विवरण के पहले उनके तीन क्रमिक सारांश दिए गए हैं। इनमें क्रमशः पहले सारांश में 10 मुख्य वर्गों का, दूसरे सारांश में उनके 100 विभागों का और तीसरे सारांश मे उनके लगभग 1,000 अनुभागों का उल्लेख किया गया है।

सामान्यत. ड्यूई के प्रत्येक वर्गांक से केवल एक ही विषय-विशेष का बोध होता है। जैसे, 669.5, से केवल सीसा (धातु) का बोध होगा। किंतु यह नियम अपवादरहित नही है। कही-कही अनेक विशिष्ट विषय-समूहों के लिए सामूहिक रूप से एक ही वर्गांक का प्रयोग भी किया गया है, जैसे सभी निम्नवर्गीय धातुओं (नियोबियम, हैफ्नियम, जेर्मेनियम इत्यादि) के लिए एक ही वर्गांक 669.79 निर्धारित किया गया है।

2.21 **अनुप्रयोग (Applications)** – पुस्तकालय में प्राप्त प्रत्येक पुस्तक ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली मे निर्धारित किसी एक मुख्य वर्ग, वर्ग-विभाग, वर्ग-अनुभाग अथवा वर्ग-उपानुभाग के अंतर्गत वर्गीकृत की जा सकती है और उस विशिष्ट विषय-वर्ग मे उसका संबंध उस वर्ग के लिए निर्धारित अंकन के प्रयोग के द्वारा पूर्णत: स्थापित किया जा सकता है। ('वर्ग' शब्द मे तात्पर्य किसी भी मुख्य वर्ग, वर्ग-विभाग, वर्ग-अनुभाग अथवा वर्ग-उपानुभाग से है चाहे उसका अंकन 600 हो या 620, या 621, या 621.384 8)। किसी भी पुस्तक का विषय-वर्ग उसके वर्गांक से व्यक्त होता है और जब वह वर्गांक उस पुस्तक पर अथवा किसी ऐसे सूची-पत्रक अथवा अन्य पत्रको पर जिनपर उस पुस्तक का विवरण लिखा जाता है, अंकित किया जाता है तो वह उस पुस्तक के अंतर्विषय को व्यक्त करने के लिए एक आशुलिपि-प्रतीक के रूप में काम देता है और पुस्तकालय के समस्त संग्रह और उसके उपयुक्त ज्ञान-क्षेत्र में उस पुस्तक का सापेक्षिक स्थान निर्धारित करता है।

किसी वर्ग विशेष में उसके प्रत्येक पुस्तक के अभिज्ञान, उसके विन्यसन और उसे खोज निकालने को सुगम और सुविधापूर्ण बनाने के लिए अनेक बड़े पुस्तकालयों और कुछ छोटे पुस्तकालयों में भी उसके वर्गांक के साथ एक पुस्तक-अंक (book number) भी जोड़ देते हैं। इन दोनों के संयुक्तांक को पुस्तक का बोध-अंक अथवा याचन-अंक (call number) कहते हैं। पुस्तक-अंक प्राय: लेखक के नाम पर आधारित होता है। इसके निर्माण और प्रयोग की बहुत-सी पद्धतियाँ प्रचलित हैं। उनमें से एक सरल पद्धति लेखक के उपनाम के एक या अधिक अग्राक्षरो को पुस्तक-अंक के रूप में प्रयोग करना है।

2.22 **विशिष्ट ज्ञान-शाखाएँ (Disciplines)** – ज्ञानात्मक अनुशासनों अर्थात् विशिष्ट ज्ञान-शाखाओं (disciplines) की मौलिक संकल्पना ड्यूई प्रणाली को समझने के लिए नितांत आवश्यक है। इस प्रणाली मे विषयों के विन्यास और विकास के मौलिक आधार वे ज्ञान-शाखाएँ है जो मुख्य वर्गों और उपवर्गों द्वारा

परिभाषित होती हैं। वस्तुतः इस प्रणाली में 'विषयों' (subjects) की संकल्पना गौण है। ड्यूई प्रणाली का निर्माण विभिन्न विषयों के आधार पर नहीं बल्कि ज्ञान के विभिन्न शाखाओं के आधार पर किया गया है । अतएव इस वर्गीकरण-प्रणाली में किसी एक विषय के लिए केवल एक ही स्थान नहीं निर्धारित किया गया है क्योंकि एक ही विषय कई ज्ञान-शाखाओं से संबंध रख सकते हैं। उदाहरण के लिए, 'विवाह', 'जल', 'धातु', 'भारत' सूचक विषय किसी एक ही विषय-वर्ग में सीमित नहीं हैं। 'विवाह' के सामाजिक पक्ष संबंधी किसी पुस्तक का वर्गीकरण 301 वर्गांक, उसके मनोवैज्ञानिक पक्ष संबंधित पुस्तक का 155 वर्गांक, उसके नैतिक पक्ष संबंधी पुस्तक का 663 वर्गांक, वैवाहिक रीति-रिवाज संबंधी पुस्तक का 390 वर्गांक, वैवाहिक स्वास्थिकी संबंधी पुस्तक का 613 वर्गांक के अंतर्गत किया गया है। इसी प्रकार 'जल' संबंधी किसी भी पुस्तक का वर्गीकरण विभिन्न ज्ञान-शाखाओं के अंतर्गत किया जा सकता है जैसे तत्त्व-ज्ञान, अर्थशास्त्र, व्यापार, भौतिकी, रासायनिकी, भू-विज्ञान, समुद्र-विज्ञान, मौसम-विज्ञान, भूगोल इत्यादि।

ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की कोई अन्य विशिष्टता इतनी मौलिक नहीं है जितनी यह कि यह प्रणाली विषयों को विभिन्न अनुशासनों अर्थात् ज्ञान-क्षेत्रों के अनुसार बिखेरती है। इसकी अनुक्रमणिका के अनुशीलन से इस बात का स्पष्ट पता चल जाता है। इस अनुक्रमणिका में प्रत्येक विषय के अंतर्गत उन सभी वर्गांकों का निर्देश मिलेगा जहाँ उनके विभिन्न अनुशासनों अर्थात् ज्ञान-शाखाओं के संदर्भ में उनका वर्गीकरण किया जा सकता है। उदाहरण के लिए,

| | |
|---|---|
| धातु | 669 |
| उत्पाद | |
| व्यापारिक निर्माण | 671-673 |
| कलाएँ | 739 |
| कलात्मक धातुशिल्प | |
| मूर्त्तिकला | 731 |
| हस्त-शिल्प | 745.56 |
| खनिजीय पक्ष | |
| आर्थिक भू-विज्ञान | 553 |
| खनन | 622 |
| खनिज-विज्ञान | 549 |
| धातु-रचना | 669 |
| धातु-कर्म | 669 |
| निर्माण | |
| भवन | 693.7 |
| स्थापत्य | 721 |
| भैषजिकी | 615 |

| | |
|---|---|
| रासायनिकी | |
| अकार्बनिक | 546 |
| कार्बनिक | 547 |
| प्रौद्योगिकी | 661 |
| विष-विज्ञान | 615.9 |
| सामग्री | |
| इंजीनियरी | 620 1 |
| भवन-निर्माण | 691 |

2.23 **क्रम-परंपरित युक्ति (Hierarchical device)** – ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की एक दूसरी मौलिक विशिष्टता यह है कि इसके वर्गांकन का और विषयों और ज्ञान-क्षेत्रों के अंतर्संबंध का नियोजन दोनों क्रम-परंपरित (hierarchical) युक्ति से अधोलिखित प्रकार से किया गया है :–

2.231 **अंकन-विन्यास (In notation)** – वर्गांकों के क्रम-परंपरित संगठन से तात्पर्य यह है कि इस प्रणाली में विषयों अथवा ज्ञान-क्षेत्रों के प्रत्येक आनुक्रमिक विभाजन को व्यक्त करने के लिए उसके पूर्ववर्ती अंकन में एक अंक और जोड़ कर उसे दीर्घतर बना देते हैं। तालिकाओं में इस परंपरित क्रम को स्पष्ट रूप से दिखाने के लिए प्रत्येक आनुक्रमिक विभाग के शीर्षक को अनुच्छेदित (indented) भी कर देते हैं ताकि यह साफ़ पता लग जाय कि अनुवर्ती विषय-शीर्षक पूर्ववर्ती शीर्षक के अधीन है, अर्थात् वह एक स्थूलतर विषय की सूक्ष्मतर संकल्पना है। जैसे,

| | |
|---|---|
| 621 | अनुप्रयुक्त भौतिकी |
| 621.3 | वैद्युत्, इलेक्ट्रानिक और विद्युत्-चुम्बकीय भौतिकी |
| 621.36 | इलेक्ट्रानिक और संचार इंजीनियरी |
| 621.381 | इलेक्ट्रानिक इंजीनियरी |
| 621.381 3 | सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रानिकी |

पढ़ने की सुविधा के लिए दशमलव विन्दु के बाद तीन अंकों के उपरांत तीसरे और उसके आगे के अंक के बीच कुछ जगह छोड़ देते हैं, जैसे 621.381 3 में १ और 3 के बीच।

कभी-कभी किसी विषय के आनुक्रमिक विभाजन में ऐसी स्थिति आ जाती है कि किसी विशिष्ट उपविभाग अथवा उसके समवर्गी विभागों के लिए उपयुक्त स्थान केवल अंकनों को दीर्घतर बना देने से संभव नहीं होता। ऐसी दशा में तालिकाओं में इन वर्गांकों को एक सामूहिक वर्गांकन के द्वारा व्यक्त किया जाता है। इन सामूहिक वर्गांकनों को "केंद्रित शीर्षक" (centered heading) कहते हैं। जैसे वाणिज्य वर्ग (380) के अंतर्गत परिवहन सेवाओं के लिए 385-388 वर्गांकों से संबंधित केंद्रित शीर्षक का तालिकाओं में अधोलिखित ढंग से उल्लेख किया गया है :–

**385-388 परिवहन सेवाएँ**

| | |
|---|---|
| 385 रेलमार्ग परिवहन | 387 समुद्रमार्ग, वायुमार्ग, अंतरिक्ष-मार्ग परिवहन |
| 386 अंतरस्थलीय जलमार्ग परिवहन | 388 स्थल-परिवहन |

कहीं-कहीं अंकनों को अत्यधिक लंबा न करने के उद्देश्य से किसी विषय या ज्ञान-शाखा के उपविभागों के अंकन उस विषय के अधीन न देकर उनके वर्गांकों को उनके समवर्गी विषयों के अधीन दिया गया है। उदाहरण के लिए, जीव-विज्ञान Biology के लिए निर्धारित वर्गांक 574 है, किंतु इसकी शाखाएँ वनस्पति-विज्ञान और प्राणि-विज्ञान Botanical & Zoological Sciences का वर्गीकरण 580 और 590 वर्गांकों के अंतर्गत किया है, न कि 574 के अनुवर्ती अंकों के अंतर्गत।

2.232 **ज्ञान-शाखाओं और विषयों में सोपान-क्रम (In disciplines & subjects)** – ड्यूई के दशमलव प्रणाली में ज्ञान-शाखाओं अथवा विषयों के अंतर्संबंध की सोपान-क्रमिक व्यवस्था से तात्पर्य यह है कि किसी मुख्य वर्ग में समाविष्ट प्रत्येक सूक्ष्मतर अंकन की संकल्पना अपने से स्थूलतर संकल्पनाओं के अधीन समझी जाती है और जो विषयात्मक अर्थ किसी स्थूल अंकन में निहित होता है वही उनके आनुक्रमिक सूक्ष्मतर अंकनों में भी निहित होता है। उदाहरण के लिए, प्रौद्योगिकी सूचक वर्गांक 600 में अंतर्निहित आशय उसके सभी उपविभागों के लिए भी लागू है, 631 वर्गांक संबंधी आशय उसके उपविभागों में अंतर्निहित है और इसी प्रकार उस वर्ग के सूक्ष्मतम उपविभाग तक इसी सिद्धांत की प्रयोज्यता बनी रहती है।

2.3 **स्मरणोपकारी साधन (Memory aids)** – दशमलव वर्गीकरण प्रणाली में विषयों का आयोजन अत्यंत सुगम रीति से किया गया है और इसमें अनेक स्मृति-सुलभ साधनों का समावेश भी किया गया है। इन स्मृति-सुलभ साधनों को मेल्विल ड्यूई ने "स्मरणोपकारी युक्तियाँ mnemonic devices" की पद-संज्ञा दी है। इस पुस्तक में कई सहायक सारणियों auxiliary tables का इसी उद्देश्य से समावेश किया गया है कि उनकी सहायता से उनमें दिए गए विषय-सूचक अंकनों को विभिन्न संदर्भों में संयुक्त रूप से प्रयोग किए जाने पर उनके आशय में एकरूपता बनी रहे।

2.31 **क्षेत्रीय अंक (Area numbers)** – इन स्मृति-सुलभ साधनों में सबसे महत्त्वपूर्ण साधन क्षेत्रीय अंकों की एक मानक सूची है जो वर्गीकरण सारणियों में उपयुक्त प्रसंगों में बार-बार प्रयोग में आती है। उदाहरण के लिए, जहाँ कहीं भौगोलिक निरूपण की आवश्यकता होती है वहाँ –44 से फ्रांस, –45 से इटली, –52 से जापान, –54 से भारत, –73 से यूनाइटेड स्टेट्स इत्यादि का बोध होता है। अतएव सामान्य इतिहास विषयक आधार अंक 9 में उपर्युक्त अंकों के जोड़ने

से, 944 से फ़्रांस के इतिहास, 945 से इटली के इतिहास, 952 से जापान के इतिहास, 954 से भारत के इतिहास और 973 से यूनाइटेड स्टेट्स के इतिहास का बोध होगा। इस प्रकार के सभी क्षेत्रांक "क्षेत्रीय" सारणी 2 में दिए गए हैं।

2.32 **भाषाएँ (Languages)** – वर्ग-तालिकाओं का एक और अंकन जो बराबर प्रयोग में आता है वह भाषा संबंधित अंकन है। उदाहरण के लिए, भाषात्मक अंकनों के लिए आयोजित अंकन 1 का प्रयोग हिंदी भाषा के लिए और 3 का जर्मन भाषा के लिए किया जाता है। अधिकांशतः मुख्य वर्ग 400 (भाषा-विज्ञान) और मुख्य वर्ग 800 (साहित्य) में भाषा-संबंधी अंकन एक से ही होते हैं। उदाहरण के लिए, वर्गांक 410 हिंदी भाषा-विज्ञान और 810 हिंदी साहित्य, 430 जर्मन भाषा-विज्ञान और 830 जर्मन साहित्य के लिए प्रयोग किया जाता है। अन्य विषयों में, जहाँ उपविभाजन का आधार भाषात्मक होता है, भाषा-अंकन-क्रम 400 और 800 मुख्य वर्गो के ही समानांतर होते हैं। सारणी 6 ("भाषा" सारणी) में, जो सारे वर्गीकरण प्रणाली में विषयों के भाषात्मक उपविभाग का आधार है, दिए गए अंकों का वही निहित आशय है जो मुख्य वर्ग 400 (भाषा-विज्ञान) के अंकों का है।

2.33 **अन्य स्मरणोपकारी साधन (Other mnemonic aids)** – इस प्रकार कुछ विषयों के समानांतर विकास के कारण तालिकाओं में अन्य स्थानों पर भी स्मृति-सुलभ साधनों के प्रतिमानों का समावेश किया गया है, जिनके आधार पर तालिकाओं में दिए गए किसी एक विषय का पूरा विस्तार उन्हीं साधनों के द्वारा अन्य विषयों में भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, वनस्पति-विज्ञान के 581 और प्राणि-विज्ञान के 591 अंकनों का विस्तार क्रम वही है जो जीव-विज्ञान के अंकन 574 का। मुख्य भाषाओं के उपविभाजन का भी विस्तार-क्रम समानांतर है। कृषि के अंतर्गत 633-635 वर्गांकों में विभिन्न फ़स्लों से संबंधित कृषि का भी विभाजन-क्रम वही है जो वर्गांक 631-632 में दिए गए कृषि संबंधी सामान्य सिद्धांतों का।

2.34 **मानक उपविभाग (Standard subdivisions)** – अंकनों की एक विशिष्ट आवृत्ति मानक उपविभागों के रूप में सारणी 1 के अंतर्गत प्रस्तुत की गई है। प्रायः कोई भी विषय अनेक रूपों में प्रस्तुत किया जा सकता है। जैसे, सारांश या प्रारूप के रूप में, कोश के रूप में, पत्रिका के रूप में, तत्संबंधी लेखों के संग्रह के रूप में, सारणी के रूप में इत्यादि। इसी प्रकार बहुत-से विषयों का विवेचन विभिन्न ढंग से किया जा सकता है, जैसे, उस विषय का सैद्धांतिक, शैक्षिक, ऐतिहासिक विवेचन इत्यादि। विषयों के निरूपण के इन सामान्य रूपों और विधियों को सामूहिक रूप से "मानक उपविभाग" (standard subdivision) कहते हैं और इनका प्रयोग व्यापक रूप से उपयुक्त स्थानों पर किया जा सकता है। मानक उपविभागों के पूर्ण अंकनों में दो या तीन अंक होते हैं और प्रत्येक का प्रथम अंक 0 होता है। उदाहरण के

लिए, 05 से क्रमिक प्रकाशनों (पत्र-पत्रिकाओं) का बोध होता है। ये तालिकाओं के किसी भी विषयात्मक अंकन में जोड़े जा सकते हैं, जैसे, अनुप्रयुक्त विज्ञान (प्रौद्योगिकी) के क्रमिक प्रकाशनों के लिए 605 (मुख्य वर्ग '6' और मानक उपविभाग 05), कृषि संबंधी क्रमिक प्रकाशनों के लिए 630.5 (कृषि वर्गांक 63 में जोड़कर, तीसरे अंक के पश्चात् दशमलव विंदु के साथ), सामान्य कृषि-प्रविधि संबंधी क्रमिक प्रकाशनों के लिए 613.05 इत्यादि।

2.4 **सर्वतोमुखी उपयोगिता और नमनीयता (Versatility & flexibility)**– ड्यूई प्रणाली का एक वहुमूल्य गुण जो अन्य सामान्य वर्गीकरण प्रणालियों में नहीं पाया जाता वह है सभी आकार और प्रकार के पुस्तकालयों की आवश्यकता के अनुसार इसके अंकनों की सुगम अनुकूलता और उपयुक्तता। दशमलव प्रणाली स्थूल तथा सूक्ष्म वर्गीकरण दोनों के लिए प्रयोग की जा सकती है। उदाहरण के लिए, एक छोटा पुस्तकालय जिसमें कृषि विषयक थोड़ी-सी ही पुस्तकें हों, सभी कृषि फ़स्लों की पैदावार संबंधित पुस्तकों का वर्गीकरण सामूहिक रूप से 633 वर्गांक के अंतर्गत कर सकता है। उससे कुछ बड़ा पुस्तकालय इस विषय की सामान्य पुस्तकों का 633, अनाज की फ़स्लों का 633.1, चारा फ़स्लों का 633.2 वर्गांकों में वर्गीकृत कर सकता है। इससे भी वड़ा पुस्तकालय अपनी पुस्तकों का वर्गीकरण इससे भी अधिक जितना विस्तारपूर्ण रूप से चाहे कर सकता है। जैसे-जैसे किसी पुस्तकालय के संग्रह में वृद्धि होती जाती है वह अपनी पुस्तकों के विषय-वैशिष्ट्य को उनके वर्ग-परिचायक अंकनों में एक-एक अंक जोड़ता हुआ उन्हें उत्तरोत्तर सूक्ष्मतर बना सकता है।

## 3. ड्यूई प्रणाली का कैसे प्रयोग करें
## How to Use Dewey System

3.1 **विषय-प्रवेश (Preliminaries)** – ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली को व्यवहार में लाने के पूर्व वर्गकार को एक बार संपूर्ण प्रणाली से परिचय प्राप्त कर लेना अपेक्षित है। विशेषकर उसे तालिकाओं से पहले दिए गए तीनों क्रमिक तालिका-साराशों का अनुशीलन करना आवश्यक है। और प्रथम सारांश में दिए गए दस मुख्य वर्गों और उनके वर्गांकों को तो अच्छी तरह स्मरण कर लेना चाहिए। उसके पश्चात् वह सारी तालिकाओं पर एक विहंगम दृष्टि डाल ले। इस प्रकार तालिकाओं के दैनंदिन प्रयोग के क्रम में दशमलव प्रणाली की संरचना और व्योरा दोनों का उसे शीघ्र ही ज्ञान हो जायगा। वर्गकार को यह वात ध्यान में रखना चाहिए कि पुस्तकों के वर्गीकरण के लिए वह पहले तालिकाओं में ही उसके लिए उपयुक्त वर्गांक की खोज करे, अनुक्रमणिका का आश्रय न ले। उसे तालिकाओं में क्रम-परंपरा-सिद्धांत के प्रयोग को ध्यानपूर्वक देखना चाहिए कि किस तरह प्रत्येक विषय-शीर्षक अपने पूर्ववर्ती शीर्षक के न केवल अधीनस्थ है बल्कि उसका एक आंशिक विभाग भी है। जैसे वर्गांक 621.381 3 के पूरे आशय और उपयुक्तता को

समझने के लिए उसे इस वर्गांक को 621.381 के अंश के रूप में समझना चाहिए, जो स्वयं 621.38 का एक अंश है, और वह 621.3 का अंश है।

वर्गकार को तालिकाओं के तीनों सारांशों के साथ तालिकाओं से पूर्व दी गई छः सहायक सारणियों को भी देख-समझ लेना नहीं भूलना चाहिए।

उसे मुख्य वर्ग 8 और 0 के विशिष्ट तत्त्वों को भी ध्यानपूर्वक समझना चाहिए। वर्ग 8 में शुद्ध साहित्य संबंधी पुस्तकों के वर्गीकरण के लिए उनके अंतर्विषय को कोई महत्त्व नहीं दिया जाता। जैसे, एक ऐतिहासिक नाटक को एक कल्पनात्मक साहित्यिक रचना के रूप में ही वर्गीकृत किया जायगा, इतिहास के रूप मे नहीं। इसलिए उसके लिए उपयुक्त स्थान साहित्य (वर्ग 8) में होगा न कि इतिहास (वर्ग 9) में। साहित्य (वर्ग 8) के अंकन-विन्यास में पहले साहित्य (उदात्त साहित्य) का सामान्य निरूपण किया गया है, उसके पश्चात् विभिन्न भाषाओं के मौलिक साहित्य (हिंदी साहित्य, अंग्रेज़ी साहित्य इत्यादि), और फिर प्रत्येक भाषा के साहित्य को उनके विभिन्न साहित्यिक रूपों (कविता, नाटक इत्यादि) में विभाजित किया गया है।

0 वर्ग के अंकन, जैसे, 030 (सामान्य विश्वकोश), 050 (क्रमिक प्रकाशन), 080 (संग्रह और संकलन) किसी विशिष्ट विषय के लिए सीमित नहीं हैं और नहीं किसी एक ज्ञान-शाखा से संश्रित हैं। उनका प्रयोग सभी विषयों के साथ किया जा सकता है।

मुख्य वर्ग (0) की सामान्यता के अतिरिक्त सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस वर्ग का विन्यास मुख्यतः पुस्तकों के रचना-रूप के अनुसार किया गया है। अन्य वर्गों का विन्यास इससे भिन्न है और उनके वर्गीकरण-क्रम का प्रयोग सामान्यतया इस प्रकार होता है: पहले विशिष्ट ज्ञान-क्षेत्र, उसके पश्चात् उसके अधीन विशिष्ट विषय, तब उनका भौगोलिक और कालात्मक निरूपण और अंत में उनकी रूपात्मक प्रस्तुति। उदाहरण के लिए, समाज विज्ञान (300), राजनीति विज्ञान (320), विधानसभा (328), भारतीय विधानसभा (328.54), भारतीय विधानसभा संबंधी सचित्र पुस्तकें 328.540 22

3.2 **ग्रंथ-अंतर्विषय-विश्लेषण (Analysis of a work)**—इसके पहले कि एक वर्गकार किसी पुस्तक को वर्गीकरण प्रणाली मे निर्धारित उसके उपयुक्ततम स्थान में रखने का प्रयास करे या उसका वर्गीकरण करे, उसे यह ठीक-ठीक जान लेना आवश्यक है कि उस पुस्तक में प्रतिपादित विषय क्या है, और उस विषय का किस दृष्टिकोण से और उसे किस रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह कार्य इतना सुगम नहीं है। विषय-निर्धारण में कठिनाई के कई कारण हो सकते हैं :—

(1) प्रायः पुस्तक की आख्या **title** से ही यह संकेत मिल जाता है कि उसका अंतर्विषय क्या है। किंतु आख्या के आधार पर ही पुस्तक के अंतर्विषय के बारे में कोई धारणा निश्चित् करना कभी-कभी भ्रामक

होता है। इसलिए अंतर्विषय को ठीक-ठीक जान लेने के लिए कुछ अन्य तत्त्वों को भी जाँच लेना अपेक्षित है।

(2) पुस्तक की विषय-सूची उसके अंतर्विषय के निर्धारण के लिए एक उपादेय निर्देशक समझी जाती है।

(3) यदि पुस्तक में विषय-सूची न दी गई हो तो उसके विभिन्न अध्यायों के शीर्षकों और पार्श्व-टिप्पणियों से भी उसके अंतर्विषय का पता चल सकता है।

लेखक द्वारा दी गई ग्रंथ-संदर्भ-सूचियों और स्रोत-सामग्री की सूचियों से भी पुस्तक के अंतर्विषय का अतापता मिल सकता है।

(4) लेखक के दृष्टिकोण का पता लगाने के लिए पुस्तक का प्राक्कथन अथवा उसकी भूमिका का पढ़ लेना एक उपादेय युक्ति है।

पुस्तक के अंतर्विषय के सामान्य विवरण के लिए पुस्तक के आवरण पर छपे हुए प्रकाशकीय अतिशंसा (blurb) से भी कुछ संकेत मिल सकता है। लेकिन यह प्राय: भ्रामक होता है।

(5) यदि इनमें कोई भी कारक पुस्तक के अंतर्विषय को समझने के लिए संतोषप्रद न समझा जाय तो पुस्तक के मूलपाठ का ध्यानपूर्वक अध्ययन अपेक्षित होगा।

(6) यदि पुस्तक का अंतर्विषय जटिल और दुर्बोध हो और वर्गकार उससे परिचित न हो तो संभव है कि उस पुस्तक के अतिरिक्त अन्य संदर्भ-स्रोत टटोलने की आवश्यकता पड़े। क्योंकि प्राय: किसी पुस्तक के विषय की जानकारी ग्रंथ-संदर्भ सूचियों, पुस्तकालयी सूचियों, जीवन-चरित्र-कोशों, साहित्यिक इतिहासों, विश्वकोशों, पुस्तक-समीक्षाओं और अन्य संदर्भ-ग्रंथों से भी प्राप्त की जा सकती है।

(7) यदि अन्य सभी साधन असफल सावित हों तो विषय-विशेषज्ञों से पूछ-ताछ करना अपेक्षित होगा। पुस्तक के विषय के संबंध में यदि तनिक भी संदेह हो तो वर्गकार अंतिम निर्णय के पहले यदि किसी विषय-विशेषज्ञ से भी परामर्श कर ले तो अच्छा हो। किंतु वर्गीकरण-तालिकाओं में घटाव-बढ़ाव के लिए विषय-विशेषज्ञों का सुझाव स्वीकार करना अपेक्षित नहीं। उनसे केवल किसी अनजाने विषय से संबंधित कोई पुस्तक प्रयुक्त प्रणाली के किस वर्गांक के अंतर्गत वर्गीकृत की जाय इसी के बारे में उनके परामर्श की अपेक्षा की जाय।

वर्गकार के लिए कभी-कभी ऐसी पुस्तकों के वर्गीकरण की समस्या आ जाती है जिनमें दो-तीन अथवा अनेक विषयों का प्रतिपादन रहता है, और लेखक उन विषयों का पृथक्-पृथक् अथवा मिश्रित रूप से निरूपण करता है। बहुत-सी पुस्तकें ऐसी भी होती हैं जिनका अंतर्विषय एक या अनेक विषयों के विभिन्न पक्षों से अथवा

अनेक ज्ञान-क्षेत्रों के अंतर्गत एक या अधिक विषय-आधार से संबंधित होता है। जैसे, ऐसी पुस्तकें जो वस्त्र-निर्माण-उद्योग के आर्थिक और प्रौद्योगिक दोनों पक्षों के बारे में लिखी गई हों, अथवा जो नाभिकीय भौतिकी और नाभिकीय इंजीनियरी दोनों विषयों का निरूपण करती हों, अथवा जो विवाह के सामाजिक, नैतिक और धार्मिक सभी पक्षों से संबंधित हों। वर्गकार को यह बात भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि आजकल ज्ञानात्मक विषयों की, विशेषकर समाज-वैज्ञानिक विषयों की, गंभीर अंतरा-विषयात्मक अध्ययन की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वर्गकारिता में दक्षता प्राप्त करने के लिए यह ध्यान में रखना महत्त्वपूर्ण होगा कि वर्गकार के लिए किसी पुस्तक के अंतर्विषय के विश्लेषण का उद्देश्य केवल उसका विषय-निर्धारण करना ही नहीं बल्कि निश्चित् रूप से यह भी जान लेना है कि क्या उस पुस्तक का विषय-निरूपण परंपरागत ज्ञान-क्षेत्रों में ही सीमित है अथवा उनका कहीं अति-क्रमण भी हुआ है।

3.3 **वर्गांक-चयन के मौलिक नियम (Basic rules for selection of class numbers)** – उपर्युक्त प्रकार की मिश्र और संश्लिष्टात्मक विषय संबंधी पुस्तकों के लिए दशमलव वर्गीकरण तालिकाओं के प्रयोग में क्या समस्याएँ उभरती हैं उनपर विचार करने के पहले यह अपेक्षित है एक विषयी या एक ही ज्ञान-शाखा संबंधी पुस्तकों के वर्गीकरण की प्रक्रिया ब्योरे सहित बता दी जाय।

3.31 **प्रक्रियात्मक अभिगम (Approach)** – पुस्तक के विषय अथवा उसके विषय-निरूपण के दृष्टिकोण को निश्चित् रूप से समझ लेने के बाद वर्गकार उस पुस्तक के वर्गीकरण के लिए तैयार हो जाता है। वर्गांक-निर्धारण के दो मौलिक माध्यम हैं – एक तो सीधे तालिकाओं के द्वारा और दूसरा अनुक्रमणिका के द्वारा। नौसिखुए वर्गकार दूसरे माध्यम को प्रायः सरल और समय बचानेवाला साधन समझते हैं। किंतु यह युक्ति अनुशंसित नहीं है क्योंकि इस युक्ति को अपनाने से वर्गकार को सम्यक् प्रणाली से भली भाँति परिचित होने में अनावश्यक विलंब होने की संभावना होती है। उसे यह समझ लेना आवश्यक है कि चाहे वह नौसिखुआ वर्गकार हो अथवा अभ्यस्त, उसे केवल अनुक्रमणिका की सहायता से वर्गीकरण करने का प्रयास करना एक अनपेक्षित तरीका अपनाना होगा। अनुक्रमणिका तालिकाओं के लिए केवल एक संदर्भ-माध्यम है। वह न तो सर्वांगीण होती है और न तालिकाओं में दिए गए सभी विषयात्मक सूचनाओं को प्रस्तुत करने में सक्षम अथवा पर्याप्त ही होती है।

यदि किसी अनिवार्य परिस्थितिवश वर्गकार को अनुक्रमणिका के द्वारा ही वर्गीकरण करना सुगम जान पड़े तो पहले पुस्तक संबंधी विषय-शीर्षक संलेख को अनुक्रमणिका में ढूंढ़ ले फिर उस शीर्षक के अंतर्गत उस विषय के विशिष्ट पक्ष के बारे में उपशीर्षकों को जाँच ले। उदाहरण के लिए, यदि उसकी पुस्तक 'धातु' विषयक है तो उसे 'धातु' शीर्षक के अंतर्गत अनेक विषय-पक्ष, उपपक्ष, उपानुपक्ष मिलेंगे। उनमें से यदि कोई पक्ष उस पुस्तक के लिए विशिष्ट रूप से अनुकूल

जान पड़े तो अनुक्रमणिका में दिए गए उस संलेख के सामने दिए गए अंकन की उपयुक्तता के संबंध में तालिकाओं के प्रसंगोचित अंश को देखकर भली प्रकार विश्लेषण करके जाँच ले। फिर भी वर्गकार के लिए सब से विश्वसनीय युक्ति सीधे तालिकाओं की खोज-बीन ही है। हां, यदि पुस्तक के विषय-क्षेत्र के निर्धारण में उसे संदेह मालूम हो तो वह अनुक्रमणिका की शरण ले। (अनुक्रमणिका के प्रयोग के विषय में अतिरिक्त व्योरे के लिए देखिए अनुच्छेद 3.6)

यदि किसी पुस्तक के वर्गीकरण के सिलसिले में वर्गकार सीधे तालिकाओं में ही छान-बीन शुरू करता है तो उसे पहले यह निश्चय करना चाहिए कि वह पुस्तक दस मुख्य वर्गों में से किस वर्ग में रखी जा सकती है। यदि उसका विषय 'धातु' है, तो उसे यह निर्णय करना होगा कि क्या वह धातु के वैज्ञानिक पक्ष (वर्ग 5) से संबंधित है, या प्रौद्योगिक पक्ष (वर्ग 6) से, या धात्विक उद्योग के आर्थिक पक्ष (वर्ग 3) से, या कलात्मक पक्ष (वर्ग 7) से। उसके लिए उपयुक्त मुख्य वर्ग चुन लेने के पश्चात् अन्य वर्गों से ध्यान हटाकर उसे इस निर्णय पर पहुँचना होगा कि उस उपयुक्त वर्ग के किस विभाग में वह वर्गीकृत की जा सकती है। यदि उसका विषय, 'धातु-प्रौद्योगिकी' है तो वर्गकार को यह निश्चय करना होगा कि वह इंजीनियरी-सामग्री (वर्ग-विभाग 62), अथवा धातु-कर्म (वर्ग-विभाग 66), अथवा धात्विक निर्माण (वर्ग-विभाग 67), अथवा लौह पदार्थ-निर्माण (वर्ग-विभाग 68), अथवा गृह-निर्माण सामग्री (वर्ग-विभाग 69) में से किस विशिष्ट विभाग से संबंधित है। इस प्रकार उसे पुस्तक के विषय के अनुभाग, उपानुभाग इत्यादि की भी छानबीन करने का क्रम तब तक जारी रखना होगा जब तक कि उस पुस्तक के विषय के लिए उस विशिष्ट शीर्षक को निश्चित् न कर ले जो उसके लिए सब से उपयुक्त हो अथवा जिस शीर्षक का उसके पुस्तकालय में उस विषय-विशेष के लिए उपयोग किया जाता हो। यदि ऐसे शीर्षक में उतनी अपेक्षित विशिष्टता न भी हो जितनी कि पुस्तक के अंतर्विषय में, फिर भी वह उस पुस्तक का वर्गीकरण ठीक अंकन के अंतर्गत करने में सफल होगा। उदाहरण के लिए, अंधों की शिक्षा संबंधी पुस्तक का वर्गीकरण 371.91 के अंतर्गत किया जायगा। हालाँ कि इस अंक का विषय-विस्तार अंधों की शिक्षा से अधिक व्यापक है और इसका संबंध सभी प्रकार के शरीर-अक्षम विद्यार्थियों की शिक्षा से है।

वर्गीकरण-प्रक्रिया की प्रगति के पग-पग पर वर्गकार को तालिकाओं में दिए गए प्रत्येक टिप्पणी और निर्देश को ध्यानपूर्वक देखते चलना चाहिए ताकि वह ठीक रास्ते से भटक न जाय या कहीं मुख्य वर्ग के चुनने ही में वह भूल न कर बैठा हो। उसे केवल तीनों वर्ग-सारांशों पर ही निर्भर नहीं करना चाहिए। उनके द्वारा वह तुरत किसी प्रयोगात्मक निर्णय पर तो पहुँच सकता है किंतु उनमें विषयों के उन सूक्ष्म विषयांतरों का समावेश नहीं होता जिनको जाँच कर किसी अंतिम निर्णय पर पहुँचने के पूर्व अच्छी तरह विचार कर लेना नितांत आवश्यक होता है।

चाहे सीधे तालिकाओं के द्वारा हो अथवा तालिकाओं तक उसकी पहुँच अनु-क्रमणिका के द्वारा हो, वर्गकार जब किसी विशिष्ट वर्ग को अपने पुस्तक के लिए उपयुक्त समझता है तो अंतिम निर्णय के पहले उसके लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वह उस वर्ग के सोपान-क्रम में कुछ सीढ़ियाँ ऊपर चढ़े और हर सीढ़ी पर यह देखता जाय कि उसके पुस्तक का निर्णीत विषय उस वर्ग-क्रम में स्पष्टतया समाविष्ट है या नहीं। सीढ़ी पर चाहे वह ऊपर चढ़ रहा हो या नीचे उतर रहा हो, उसे समझ-समझ कर अपने पग बढ़ाना चाहिए। और उसे ध्यानपूर्वक सब शीर्षकों और टिप्पणियों को (और केंद्रित शीर्षकों को भी) पढ़ते जाना चाहिए।

(शीर्षकों और टिप्पणियों के प्रमुख तत्वों का विवरण आगे 3.32-3.36 अनुच्छेदों में दिया गया है)

3.32 **शीर्षक (Headings)** – प्रत्येक शीर्षक का निर्माण ऐसे व्यापक शब्द या पद के द्वारा किया जाता है जिसमे उसके अधीन सभी संलेख और विषय-पक्ष समाविष्ट होते हैं। तालिकाओं में इन शीर्षकों की शब्द-रचना कहीं-कहीं अपूर्ण जान पड़ती है क्योंकि सोपान-क्रम के सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक शीर्षक एक बड़े शीर्षक-समुदाय का केवल एक अंशमात्र होता है। उदाहरण के लिए, 391.44 वर्गांक के लिए दिया गया विषय-शीर्षक केवल 'बंगला' शब्द है। किंतु उससे तात्पर्य 'बंगला भाषा' का है।

शीर्षक में 'और' से संयुक्त दो शब्द अथवा अर्ध-विराम (,) से संयुक्त तीन या अधिक शब्द प्राय: समवर्गी किंतु अपवर्जी होते हैं। उदाहरण के लिए, 196 स्पेनी और पुर्तगाली दर्शन, 070 पत्रकारिता, प्रकाशन, समाचार-पत्र। कभी-कभी 'और' शब्द से किसी संयुक्त संकल्पना के दो शब्दों को जोड़ा जाता है, जैसे, 021 पुस्तकालय और समाज। यदि किसी शीर्षक में दो शीर्षक पदों के बीच कुछ अंतर छोड़ दिया गया हो तो उसका तात्पर्य यह है कि पहले पद में दूसरा पद समाविष्ट है किंतु पहला दूसरे से अधिक स्थलार्थी है। और उन दोनों शीर्षक-पदों के लिए दिया गया वर्गांक उनमें से किसी एक अथवा दोनों शीर्षकों के लिए प्रयोग किया जा सकता है। जैसे, 954 दक्षिण एशिया   भारत।

प्रत्येक शीर्षक अपने में निहित विषयात्मक संकल्पना को अभिव्यक्त करता है। किंतु कहीं-कही उस शीर्षक के किसी अंश का संलेख उस शीर्षक संबंधी वर्गांक-तालिका में न करके एक अन्य वर्गांक के अंतर्गत किया गया है। ऐसी दशा में अन्यत्र वर्गीकरण करने की निर्देश-टिप्पणी या अंतर्निर्देश-टिप्पणी (देखिए अनुच्छेद 3.356 और 3.357) से उन अलग दिए गए उपशीर्षकों के स्थिति और वर्गांक का संकेत मिल जाता है।

3.33 **परिभाषा, विषय-क्षेत्र-टिप्पणी, उदाहरण-टिप्पणी (Definitions, Scope notes, Example notes)** – कभी-कभी किसी शीर्षक का आशय पूरी तरह

समझने के लिए उसके नीचे एक व्याख्यात्मक टिप्पणी दे देना अपेक्षित समझा गया है। कहीं-कहीं शीर्षक की परिभाषा भी दे दी गई है। उदाहरण के लिए,

336 लोकवित्त
गवर्नमेंट और उसकी इकाइयों का वित्तीय कार्य-प्रबंध।

अन्य कुछ शीर्षकों के नीचे उनकी विषय-क्षेत्र निर्धारक टिप्पणियाँ दे दी गई हैं जो उस विषय और उसके उपविभागों के विशिष्टताओं का निर्देशन करते हैं। जैसे,

680 फुटकल निर्माण
अंतिम उत्पादों का निर्माण-आयोजन, अभिकल्पना, विरचन और निर्माण।

कुछेक शीर्षकों के नीचे उनके विशदीकरण के लिए उदाहरण के रूप में टिप्पणियाँ दे दी गई हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि इस शीर्षक में वस्तुतः किस प्रकार के विषय अथवा विषयात्मक अवधारणाएँ समाविष्ट हैं। उदाहरण के लिए,

320.55 धर्मनिष्ठ राजनैतिक सिद्धांत और वैचारिकी
उदाहरण : गांधीवाद

इन सभी टिप्पणियों की सोपान-क्रमिक मान्यता है और वे उस शीर्षक के अधीन सभी उपशीर्षकों और उपविभागों के लिए भी लागू होते हैं।

3.34 **समावेशक टिप्पणियाँ** (Inclusive notes) – जिन टिप्पणियों में "इसमें ........ समाविष्ट हैं" इस प्रकार का उल्लेख है, वे सोपान-क्रमिक रूप से लागू नहीं होतीं। उनका तात्पर्य केवल ऐसे उपविषयों का उल्लेख करना है जो औपचारिक रूप से उन शीर्षक के विषय-क्षेत्र में नहीं आते किंतु उनसे संबंधित साहित्य इतना पर्याप्त नहीं होता कि तालिकाओं में उनके लिए कोई एक अलग शीर्षक अथवा वर्गांक का प्रावधान किया जाय। जैसे,

371.102 अध्यापन (शिक्षण)
इसमें शिक्षक-विद्यार्थी-संबंध समाविष्ट है।

3.35 **अनुदेश टिप्पणियाँ** (Instruction notes) – तालिकाओं में कहीं-कहीं अधोलिखित प्रकार की अनुदेशात्मक टिप्पणियाँ दी गई हैं –

3.351 **'यहाँ वर्गीकरण कीजिए' टिप्पणियाँ** ('Class here' notes) – "यहाँ (इस शीर्षक या अंकन के अंतर्गत) वर्गीकरण कीजिये" टिप्पणी का सोपान-क्रमिक महत्त्व है। इस प्रकार के टिप्पणी से तात्पर्य निर्दिष्ट विषय को उसी वर्गांक और उसके उपवर्गांकों के अंतर्गत वर्गीकरण करने का है। इस टिप्पणी का उद्देश्य

प्रणाली में ऐसे विषय-संकल्पनाओं का प्रावधान करना है जो किसी शीर्षक के सम-व्यापी हैं। जैसे,

379 शिक्षा और राज्यतंत्र
379.14 पर्यवेक्षण और नियंत्रण
यहाँ विद्यालय-मूल्यांकन और शैक्षिक आयोजन का वर्गीकरण कीजिए।

कहीं-कहीं 'यहाँ वर्गीकरण कीजिए' टिप्पणी का प्रयोग ऐसे विषयात्मक प्रत्ययों के प्रावधान के लिए भी होता है जो प्रत्यक्ष रूप से तो शीर्षक के अंश नहीं होते किंतु उसमें निहित विषय और उसके उपविषयों में सामान्य रूप से लागू होते हैं। जैसे,

725–728 विशिष्ट प्रकार की संरचनाओं से संबंधित वास्तु-कला
इसके अंतर्गत विशिष्ट प्रकार की संरचनाओं का वर्गीकरण कीजिए।

इस टिप्पणी का आशय यह है कि सरकारी इमारतों का 725.1 के अंतर्गत, रेलवे स्टेशन का 725.3 के अंतर्गत या किसी फ़ैक्ट्री की इमारत का 725.4 के अंतर्गत वर्गीकरण कीजिए।

3.351 1 **व्यापक और अंतरविषयी पुस्तकें (Comprehensive & inter-discilplinary works)**—कुछ पुस्तकों में प्रतिपाद्य विषय अत्यंत व्यापक रूप मे निरूपित रहता है जिनके लिए कोई एक ही विषय-वर्गांक पर्याप्त नहीं होता। ऐसी पुस्तकों का वर्गीकरण किसी एक व्यापक वर्ग के अंतर्गत करने का अनुदेश दिया गया है। उदाहरण के लिए,

500 शुद्ध विज्ञान
यहाँ शुद्ध और अनुप्रयुक्त विज्ञान की व्यापक पुस्तकों का वर्गीकरण कीजिए।

इस प्रकार की टिप्पणियों के पूरक के रूप में उन अन्य विषयों के अंतर्गत भी जो इस व्यापक विषय के अंगभूत हैं अंतर्निर्देशक टिप्पणियाँ देना अपेक्षित समझा गया है।

व्यापक कृतियों का एक विशिष्ट प्रकार ऐसी अंतरविषयी पुस्तकें हैं जो कि एक ही विषय का अनेक दृष्टिकोण से निरूपण करती हैं। उदाहरण के लिए,

669 धातुकर्म-विज्ञान
इस शीर्षक के अंतर्गत धातुओं से संबंधित अंतरविषयी कृतियों का वर्गीकरण कीजिए।

इस टिप्पणी से तात्पर्य यह है कि इस शीर्षक के अंतर्गत धातुओं के (अथवा किसी एक धातु के) विभिन्न पक्षों से संबंधित पुस्तकों का, जैसे, धातु-पूर्वेक्षण, खनन,

भौतिकी, रासायनिकी, भू-विज्ञान, औद्योगिक निर्माण अथवा आर्थिक पक्ष संबंधी अंतर-विषयी पुस्तकों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

3.352 **वैकल्पिक प्रावधान (Optional provision)**—कभी-कभी किसी विषय के लिए तालिकाओं में निर्धारित वर्गांक के अतिरिक्त किसी अन्य वर्गांक की भी उपयुक्तता युक्तिसंगत हो सकती है। इसलिए तालिकाओं में कुछ स्थानों पर वैकल्पिक वर्गांकों का प्रावधान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में संपादक ने कहीं-कहीं उनके प्रयोग में अधिमान्यता का स्पष्ट संकेत भी कर दिया है। उदाहरण के लिए,

913–919 विशिष्ट स्थानों का भूगोल
वैकल्पिक रूप में इनका वर्गीकरण 930–990 के अंतर्गत भी किया जा सकता है।

3.353 **अंकन-संश्लेषण (अंकन-निर्माण) (Number building)**—वर्गीकरण-प्रक्रिया में विषय-विशिष्टीकरण के लिए प्रायः वर्गांकों के अथवा वर्ग की अंकन-श्रृंखला के विस्तार की आवश्यकता पड़ती है। कभी-कभी तालिकाओं में अपेक्षित उपविभागों के लिए उपयुक्त और समुचित वर्गांकों का स्पष्ट रूप से प्रावधान भी नहीं होता। ऐसी दशा में अंकन-निर्माण के लिए अधोलिखित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है :—

3.353.1 **"सहायक सारणियों से जोड़िए" ("Add from Auxiliary Tables")**—प्रस्तुत ग्रंथ में तालिकाओं से पहले छः सहायक सारणियों का उल्लेख है। इन सारणियों में जो अंक दिए गए हैं उन्हें वर्गकार तालिकाओं में दिए गए किसी भी वर्गांक में जोड़कर उसे और अधिक विशिष्ट बना सकता है। सहायक सारणियों में दिए गए अंक स्वतंत्र वर्गांक नहीं हैं और उनका स्वतः प्रयोग कभी नहीं करना चाहिए। इस संबंध में तालिका-वर्गांकों के साथ जो टिप्पणियाँ दी गई हैं उनमें स्पष्ट रूप से यह निर्देशित है कि किस सारणी से कौन-से अंक तालिका के किस आधार-अंक में जोड़े जाएँ। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक पुस्तकालयों के वर्गांक 027.43–49 के अंतर्गत दी गई टिप्पणी इस प्रकार है : "क्षेत्रीय निरूपण के लिए सारणी 2 के क्षेत्रीय अंक 3–9 को आधार अंकन 027.4 में जोड़िये।" इसके अनुसार यदि भारतीय सार्वजनिक पुस्तकालयों के लिए अंकन-निर्माण करना हो तो सारणी के क्षेत्रीय अंक –54 को लेकर 027.4 में जोड़ें। इस युक्ति के द्वारा भारतीय सार्वजनिक पुस्तकालयों के लिए 027.454 वर्गांक बन जायगा।

वर्गांकों के आधार अंक (base numbers) जिनमें सारणी के अंक जोड़े जाते हैं और तालिका के शीर्षक संबंधी मूल अंकनों में भिन्नता हो सकती है, जैसे, 336.4–9 वर्गांको का आधार अंक 336 है। अस्तु, किसी वर्गांक अथवा वर्गांक-समूह का जो भी आधार अंक निर्धारित किया गया है उसे संबंधित शीर्षक के साथ दी गई टिप्पणी में स्पष्ट रूप से व्यक्त कर दिया गया है।

कोई-कोई ग्राधार ग्रंक तीन ग्रंकों से कम होता है। ऐसी दशा में यदि संयुक्त ग्रंकन में चार या ग्रधिक ग्रंक हो जाएँ तो तीसरे ग्रंक के पश्चात् दशमलव विन्दु लगा देना चाहिए। उदाहरण के लिए, किसी विशिष्ट स्थान संबंधित भौगोलिक वर्गांक के लिए 91 (भूगोल 910 का ग्राधार ग्रंक) में सारणी 2 के क्षेत्रीय ग्रंक जोड़े जाते हैं। इस प्रकार भारतीय भूगोल के वर्गांक (915.4) का निर्माण 91 (भूगोल का ग्राधार ग्रंकन) ग्रौर –54 (भारत का क्षेत्रीय ग्रंक) दोनो के संयुक्त ग्रंक में तीसरे ग्रंक के पश्चात् दशमलव विन्दु लगा कर किया गया है।

3.353 2 **"तालिकाओं से जोड़िए"** **("Add from schedules")** – इसी प्रकार टिप्पणियों में दिए गए ग्राधार ग्रंक में तालिकाग्रों के ही एक वर्गांक-क्रम से दूसरे वर्गांक-क्रम में ग्रंकों के जोड़ने का निर्देश भी दिया गया है। उदाहरण के लिए,

295.1–9 विशिष्ट तत्त्व

वर्गांक 295 में 291.1–291.9 से 291 के ग्रनुवर्ती ग्रंक जोड़िए।

कभी-कभी किसी पूर्ण वर्गांक को ही दूसरे पूर्ण वर्गांक में जोड़ने का निर्देश किया गया है। जैसे, 658.37 (विशिष्ट उद्यमों ग्रौर व्यवसायों में कार्मिक प्रबंध) के ग्रंतर्गत ग्राधारांक 658.37 में 001–999 से किसी भी उद्यम ग्रथवा व्यवसाय संबंधित वर्गांक जोड़ने का निर्देश है।

3.353 3 **कुछ सामान्य सुझाव (General suggestions) :–**

(ग्र) किसी पुस्तक के वर्गीकरण-प्रक्रम में वर्गकार यदि जब तक संपूर्ण अंकन न बन जाय तब तक दशमलव विन्दु लगाने का विचार स्थगित रखे तो उसके ठीक ग्रंकन बना सकने में सफल होने की ग्रधिक संभावना होती है। इसलिए जब पूर्ण ग्रौर ग्रंतिम रूप से वर्गांक का निर्माण हो जाय तभी वह तीसरे ग्रंक के वाद एक दशमलव विन्दु लगाए।

(ग्रा) वर्गकार दशमलव की दाईं ग्रोर कोई ग्रंक-क्रम कभी शून्य (0) से समाप्त न करे।

(इ) वर्गकार उन्हीं ग्रंकों को जोड़े जिनके संबंध में तालिकाग्रों में स्पष्ट निर्देश दिया गया है। ग्रन्यथा वह इस प्रकार के मिश्र ग्रंकन बना लेगा जिनसे ग्रधिकृत वर्गांकों के प्रयोग में बाधा पड़ेगी।

3.354 **प्रोद्धरण-क्रम (Citation order)** – जैसा कि पहले कहा जा चुका है, कुछ विषयों का उपविभाजन उनके विभिन्न विशिष्टताग्रों के ग्राधार पर किया जा सकता है। जब किसी पुस्तक में उसके प्रतिपाद्य विषय का विभिन्न पक्षों का एक साथ विवेचन रहता है तो वर्गकार के सामने उस पुस्तक के लिए मिश्रगुण वर्गीकरण ग्रौर मिश्र ग्रंकनों के क्रम-निर्धारण की समस्या उपस्थित हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में ग्रंकों के क्रम-निर्धारण के लिए तालिकाग्रों में कोई निश्चित निर्देश नहीं दिया

गया है। इसलिए वर्गकार किसी पुस्तक विशेष के लिए ठीक वर्गांक निर्माण करने और उसमें अनुरूपता बनाए रखने के लिए अधोलिखित नियमों का पालन करे :–

(अ) वर्गीकरण-प्रक्रम में तालिकाओं का जिस वर्ग-क्रम-स्थान पर प्रयोग करना हो वहाँ, अथवा उसी सोपान-क्रम में उससे पूर्ववर्ती विषय के अंतर्गत दिए गए अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और उसी के अनुसार वर्गांक-क्रम-निर्माण संपन्न करे। तालिकाओं में इस प्रकार के अनुदेश आवश्यक स्थानों पर पूर्वतासूचक सारणियों के रूप में अथवा अनुदेश-टिप्पणियों के रूप में दिए गए हैं।

(आ) आरंभ में बिना शून्य (0) निर्मित अंकनों का शून्य (0) से आरंभ होनेवाले अंकनों से पूर्व उल्लेख किया जायगा (क्योंकि बिना 0 के अंकन अधिक विशिष्ट होते हैं)। उसी प्रकार एक 0 (शून्य) वाले अंकनों का दो शून्य (00) वाले अंकनों के पूर्व और दो शून्य (00) वालों का तीन शून्य (000) वालों के पूर्व उल्लेख होगा।

(इ) यदि शून्यों (0) की संख्या में कोई अंतर न हो तो पूर्णांक-निर्माण में सब से पहले विशिष्टतम विषय का, उसके उपरांत उसके भौगोलिक स्थान, फिर ऐतिहासिक काल और अन्त में उसके रूप संबंधित अंकनों का, इसी अनुक्रम में उल्लेख होगा।

3.355 **"अन्यत्र वर्गीकरण कीजिए" टिप्पणी ("Class elsewhere" notes)** अन्यत्र वर्गीकरण करने की निर्देशात्मक टिप्पणियों का प्रयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है। किंतु वस्तुतः उन सभी का तात्पर्य वर्गकार को यह निर्देशित करना है कि वह किसी विशिष्ट विषयी पुस्तक का वर्गीकरण जिस शीर्षक के अंतर्गत यह टिप्पणी दी गई है वहाँ न करके किसी अन्य संश्रित विषय संबंधित शीर्षक के अंतर्गत करे। इस प्रकार की टिप्पणी के प्रमुख उद्देश्य ये हैं :–

(अ) असंगत वर्गीकरण से बचने के लिए उल्लेख-क्रम का स्पष्ट रूप से निर्देश करना;

(आ) किसी केंद्रित शीर्षक में समाविष्ट विषय-संकल्पना संबंधित व्यापक ग्रंथ के वर्गीकरण के लिए एक विशिष्ट अंकन का निर्देश करना;

(इ) किसी विषय के उपविभागों को उनके उपयुक्त क्रम में बिखेरना; और

(ई) वर्गीकरण में संभावित द्विविधा की संभावना के समाधान के लिए अन्य संबद्ध अंकों की ओर संकेत करना।

इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि सभी 'अन्यत्र वर्गीकरण' टिप्पणियों की सोपान-क्रमिक मान्यता होती है।

3.356 **अन्तर्निर्देश (cross references)** – 'अन्तर्निर्देश' एक विशिष्ट प्रकार की निर्देश टिप्पणी है जो वर्गकार को किसी व्यापक विषय-संलेख से उसके ऐसे

अंशभूत विषयों का पता देती है जिनका वर्गक्रम में अन्यत्र उल्लेख होता है। "अन्यत्र वर्गीकरण कीजिए" टिप्पणी वर्गकार को विषय के एक पक्ष से उसके दूसरे पक्ष का (जो अन्य ज्ञान-शाखा के अधीन है) जानकारी कराती है। किंतु 'अंत-निर्देश' टिप्पणी किसी सम्पूर्ण विषय-शीर्षक से उसी ज्ञान-शाखा में अन्यत्र स्थित उसके किसी अंशभूत विषय-शीर्षक की ओर संकेत करती है।

3.36 **मानक उपविभाग (Standard subdivisions)**– उपर्युक्त विधाओं के द्वारा किसी पुस्तक के लिए निर्णीत वर्गांक के बारे में सोपानक्रम के सभी वर्गक्रमों का विश्लेषण करके यह निश्चय कर लेने के पश्चात् कि यही उसके लिए सबसे उपयुक्त और विशिष्ट वर्गांक है, वर्गकार यह विचार करने के लिए प्रस्तुत होता है कि क्या उसके लिए उस वर्गांक की किसी और विशिष्टता को व्यक्त करना अपेक्षित होगा? क्या वह पुस्तक अपने अंतर्विषय संबंधी किसी विशिष्ट प्रविधि, उपकरण या उपादान से संबंधित है (028)? क्या वह पुस्तक अपने विषय से संबंधित कुछ लेखों का संग्रह मात्र है (08) ? क्या वह पुस्तक केवल अपने विषय का भौगोलिक अथवा ऐतिहासिक निरूपण है (09)?

यदि पुस्तक के विषय-प्रतिपादन में इनमें से कोई ऐसी विशिष्टता है तो उसके निर्धारित वर्गांक मे उपर्युक्त प्रकार के मानक उपविभाग सूचक अंक लगाना आवश्यक होगा। मानक उपविभागों की संपूर्ण सूची सारणी (1) मे दी गई है।

मानक उपविभागों के प्रयोग के संबंध में कई ऐसे आवश्यक प्रतिबध है जिन्हें वर्गकार को ध्यान में रखना चाहिए:–

(अ) यदि पुस्तक के लिए निर्धारित वर्गांक उसमें निहित विषय का पूर्ण प्रतिपादन न करके केवल आंशिक अथवा विशिष्ट रूप से बोध कराता हो, और उस वर्गांक में मानक उपविभाग अंकों के लगाने का कोई स्पष्ट निर्देश न हो, तो वर्गकार को उसमें मानक उपविभाग अंक जोड़ने में सावधानी बरतनी चाहिए।

(आ) यदि मानक उपविभाग का प्रयोग अनावश्यक या निवार्य हो तो वर्गकार उन्हें विषय-वर्गांक में न लगाए। जैसे, यदि वर्गांक स्वयं किसी प्राविधिक (तकनीकी) विषय से संबंध रखता हो तो प्रविधि संबंधी मानक उपविभाग अंक (028) उसमें न लगाए।

(इ) अंकन-निर्माण में भ्रामकता और गड़बड़ी मे बचने के लिए एक मानक उपविभाग में दूसरा मानक उपविभाग न जोड़े।

वर्गकार मानक उपविभागों के प्रयोग करने के पूर्व इस बात को अच्छी तरह जाँच ले कि क्या कहीं उस विषय से संबंधित तालिकाओं में ही किसी स्थान पर उनका किसी असंगत वर्गक्रम में अथवा विशिष्ट अर्थ के रूप में उसका समावेश तो नहीं कर लिया गया है।

यदि इसके विपरीत कोई निर्देश न दिया गया हो तो मानक उपविभागों के प्रयोग के नियम उनके उपानुभागों के संबंध में भी लागू होते हैं।

अनेक छोटे पुस्तकालय पुस्तकों के वर्गीकरण में मानक उपविभागों का प्रयोग नहीं करते या 09 (भौगोलिक उपविभाग) के अतिरिक्त अन्य उपविभागों में केवल दो ही अंकों (01, 02, 07 इत्यादि) का प्रयोग करते हैं। 09 में भौगोलिक विशिष्टता व्यक्त करने के लिए वे दो से अधिक अंकों को जोड़ते हैं, जैसे, भारत के लिए 094 5।

3.361 **सामान्य विशिष्ट (General special)**–प्रस्तुत सारणियों में एक विशेष मानक उपविभाग के विषय में कुछ स्पष्टीकरण आवश्यक है। वह है 04 (सामान्य विशिष्ट) उपविभाग। इस उपविभाग के साथ सारणी में अधोलिखित टिप्पणी दी गई है :–

"इस उपविभाग का प्रयोग केवल उन विशिष्ट विषयात्मक प्रत्ययों और संकल्पनाओं के लिए नियत किया गया है जो किसी विषय अथवा ज्ञान-क्षेत्र विशेष के सभी उपविषयों और शाखाओं में सामान्यतः निहित होते हैं। इसका प्रयोग तालिकाओं में दिए गए केवल उन्हीं वर्गांकों के साथ होगा जहाँ उनका विशेष रूप से अनुदेश दिया गया है।"

कुछ विषयों में ऐसी विशिष्ट संकल्पनाएँ निहित होती हैं जो अन्य समवर्गी विषयों में भी सामान्यतया प्रयोग की जा सकती हैं। इस प्रकार की विशिष्ट संकल्पनाओं को 'सामान्य विशिष्ट' शीर्षक के अंतर्गत वर्गीकरण प्रणाली में उन स्थानों में समावेश किया गया है जहाँ किसी अन्य युक्ति से अंकन निर्धारण संभव अथवा साध्य नहीं था। [देखिए वर्गांक 604 (सामान्य प्रौद्योगिकी)]

3.4 **वर्गांकों के चयन में जटिलताएँ (Complexities in selection of class numbers)**–वर्गीकरण के उपर्युक्त नियमों और सिद्धांतों का निरूपण किसी ज्ञान-शाखा के एक ही विषय से संबंधित पुस्तकों के वर्गीकरण के आधार के निमित्त किया गया है। किंतु कभी-कभी पुस्तकों के अंतर्वस्तु के विश्लेषण से यह पता चलता है कि उनमें प्रायः दो या अधिक विषयों का अलग-अलग अथवा अंतर्संबंधित रूप में निरूपण किया गया है। या उनमें एक या अधिक विषयों के एक या अनेक पक्षों का विवेचन है। चूंकि ऐसे सभी प्रकार के विषयात्मक सम्मिश्रणों की प्रत्याशा करना संभव नहीं है इसलिए ऐसी मिश्र विषयात्मक पुस्तकों के वर्गीकरण के संबंध में वर्गकारों के निर्देशन के लिए कुछ आधारभूत सिद्धांतों का यहाँ उल्लेख कर देना अपेक्षित है :–

3.41 **एक से अधिक विषय (More than one subject)**:

(अ) वर्गकार को दो या अधिक अंतर्संबंधित विषयों की पुस्तकों का उस विषय के अंतर्गत वर्गीकरण करना चाहिए जिसे पुस्तक में अधिक महत्त्व दिया गया हो। इस महत्त्व का पता चाहे तो पुस्तक में विषयों के

सापेक्षिक निरूपण-परिमाण से या लेखक के अभिप्राय से, या दोनों से मिल सकता है।

(आ) यदि पुस्तक में प्रतिपादित दो या अधिक विषयों में कोई विशेष अंतर्संबंध न हो तो वर्गकार को उसे ऐसे विषय के अंतर्गत वर्गीकरण करना चाहिए जिस विषय की उस पुस्तक में प्रमुखता अथवा प्रधानता हो।

(इ) यदि पुस्तक मे किसी विषय की प्रमुखता या प्रधानता स्पष्ट न हो और यदि वह किसी स्थूल विषय के अधीन तीन या अधिक उप-विषयों से संबध रखती हो तो उसे मूल (स्थूल) विषय के अंतर्गत वर्गीकरण करे।

(ई) द्विविषयी पुस्तकों मे यदि उनके विषयों का सापेक्षिक महत्त्व या प्रमुखता स्पष्ट न हो तो उनका ऐसे विषय के अंतर्गत वर्गीकरण किया जाय जिसका तालिकाओं में पहले उल्लेख हो।

## 3.42 एक से अधिक विषय-पक्ष (More than one aspect):

(अ) यदि किसी पुस्तक के अंतर्विषय का दो या अधिक ज्ञान-शाखाओं मे संबध हो अथवा वह किसी विषय विशेष के दो या अधिक दृष्टिकोण या पक्ष मे लिखी गई हो तो वर्गकार को उसका वर्गीकरण उस विषय-पक्ष के अंतर्गत करना चाहिए जिसे उस पुस्तक में सब मे अधिक महत्त्व दिया गया हो।

(आ) ऐसी पुस्तक जिसमें किसी विषय के दो या अधिक पक्षों का निरूपण हो किंतु उनका सापेक्षिक महत्त्व स्पष्ट न हो, उसका वर्गीकरण ऐसे विषय-पक्ष के अंतर्गत करे जिसकी पुस्तक में प्रमुखता हो।

(इ) ऐसी पुस्तक जिसमें किसी विषय के दो या अधिक पक्षों का निरूपण हो और उसमें किसी पक्ष विशेष की प्रमुखता स्पष्ट न हो, तो तालिकाओं में अंतर्ज्ञानशाखात्मक पुस्तकों के वर्गीकरण के संबंध में यदि कोई निर्देश दिया गया हो तो उसी के अनुसार उस पुस्तक का वर्गीकरण करे।

(ई) यदि किसी अंतर्ज्ञान-शाखात्मक पुस्तक में किसी पक्ष विशेष के महत्त्व अथवा प्रमुखता का अभाव हो और उसके संबंध में तालिकाओं में कोई स्पष्ट और सुसंगत निर्देश भी न दिया गया हो तो वर्गकार उसका वर्गीकरण ऐसे विषय-पक्ष के अंतर्गत करे जो उसके सभी विषय-पक्षों में अधिक व्यापक और प्रयोजनीय हो।

(उ) किसी अन्य सिद्धांत के अभाव में ऐसी बहुविषयी पुस्तकों का वर्गीकरण तालिकाओं में दिए गए प्रथम उल्लिखित विषय के अंतर्गत करे।

3.43 **अन्य पुस्तकों से संबंधित पुस्तकें (Works related to other works)**– वर्गकार किसी पुस्तक के अनूदित, संक्षेपित अथवा समीक्षात्मक संस्करण तथा उसकी विषयात्मक अथवा शब्दात्मक अनुक्रमणिकाओं का वर्गीकरण उनके मूल ग्रंथ के अनुसार ही करे। किंतु यदि किसी पुस्तक के रूपांतरित संस्करण (adaptation) में मूलपाठ के रूप, विषय-विस्तार, प्रस्तुति अथवा भाषा में परिवर्तन और संशोधन हो तो उसे मूल ग्रंथ के अनुसार वर्गीकृत करना अपेक्षित नहीं होगा। उसके वर्गांक का निर्णय उस ग्रंथ के रूपान्तरण के प्रकार और परिमाण पर निर्भर करेगा।

3.5 **अंक-लघूकरण (Reduction)**–जैसा पहले कहा जा चुका है, दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण गुणधर्म स्थूल और सूक्ष्म दोनों प्रकार की वर्गीकरण योजनाओं के लिए उसकी अनुकूलनीयता है। किसी पुस्तकालय के ग्रंथ-संग्रह का वर्गीकरण कितना स्थूल या सूक्ष्म होना चाहिए यह उसके प्रशासनिक नीति पर निर्भर करता है। किंतु यह संभव नहीं कि कोई भी पुस्तकालय चाहे वह कितना बड़ा अथवा विशिष्ट विषयी हो, अपने प्रत्येक विषय विभाग की सभी पुस्तकों का वर्गीकरण ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के मौलिक, असंक्षेपित संस्करण के अनुसार पूरे अंकन-विस्तार के साथ ही करे। मूल संस्करण के प्रस्तुत चयनात्मक हिंदी अनुवाद में जिन वर्गों का ब्योरा दिया गया है वह संभवतः साधारण आकार के पुस्तकालयों की आवश्यकताओं के लिए ही पर्याप्त हो सकता है। किंतु संभव है कि यह संस्करण भी कुछ पुस्तकालयों के किसी विषय-विभाग के लिए आवश्यकता से अधिक विस्तृत और ब्योरेवार प्रमाणित हो। इसलिए इसकी तालिकाओं में दिए गए अंकनों का भी कहीं-कहीं संक्षेपण और लघूकरण आवश्यक समझा जा सकता है।

3.51 **अंकनों का लघूकरण कैसे किया जाय (How to reduce notation)**– वर्गकार इस बात को अवश्य ध्यान में रखे कि चाहे उसका संग्रह कितना भी छोटा हो, अपनी पुस्तकों के लिए निर्धारित वर्गांकों को तीन अंकों से कदापि कम न करे।

वर्गकार अंकनों के लघूकरण को एक युक्तिसंगत स्थान तक ही, अर्थात् जहाँ तक उसका अंक-समूह अर्थपूर्ण और उपयोगी रहे, सीमित रखना चाहिए। इस सिद्धांत का पालन करने में ऐसे अंकनों के लिए जो जोड़कर बनाए जाते हैं विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, यदि पुस्तकालय में 'आर्थिक परिस्थिति' विषयक पुस्तकों का एक बड़ा संग्रह हो तो वर्गकार 'बम्बई की आर्थिक परिस्थिति' विषयक किसी पुस्तक के लिए 330.954 792 1 जैसा दीर्घ वर्गांक लगाना अपेक्षित समझ सकता है। किंतु बहुत से वर्गकार पुस्तकों के अंकनों का भौगोलिक निरूपण देशीय स्तर से नीचे करना अनावश्यक समझते हैं। इसलिए वे भारतीय अथवा भारत के किसी हिस्से की आर्थिक परिस्थिति विषयक पुस्तक के लिए 330.954 वर्गांक ही पर्याप्त समझेंगे।

वर्गांकों का संक्षेपण कभी इस प्रकार न करे कि कहीं भी दशमलव बिंदु के दाहिनी ओर उसका अंत 0 से हो क्योंकि ऐसा 0 अर्थहीन होता है।

वर्गकार वर्गांक-संक्षेपण के विषय में जो भी निजी निर्णय करे उसे तालिकाओं में उपयुक्त स्थान पर नोट कर ले। किंतु इस प्रकार के निर्णयों को अनुक्रमणिका में नोट करने की आवश्यकता नहीं है।

3.6 **अनुक्रमणिका (Index)** – अनुक्रमणिका के पूर्णतः और सार्थक उपयोग के लिए वर्गकार को यह जान लेना आवश्यक है कि वर्गीकरण प्रक्रिया में उसे अनुक्रमणिका से क्या सहायता मिलेगी, इसका विन्यसन कैसे किया गया है, और इसका प्रयोग कैसे किया जाता है।

3.61 **मूल अंतर्वस्तु (Basic content)** – अनुक्रमणिका में तालिकाओं और सारणियों में समाविष्ट प्रत्येक प्रधान, सार्थक पद और उसके विभिन्न अनुषंगी पक्षों के हवाले का उल्लेख है। अधिकांश संलेखों के साथ-साथ तालिकाओं में दिए गए उनके वर्गांक भी दे दिए गए हैं। कुछ विषयों के लिए पूर्व निर्मित मिश्र वर्गांक भी दे दिए गए हैं। लेकिन अनुक्रमणिका के आकार को अपेक्षित मर्यादा में सीमित रखने के लिए यह साध्य नहीं है कि प्रत्येक विषय जिस पर पुस्तक लिखी जाय उससे संबंधित संलेख का उसमें समावेश किया जा सके या समाविष्ट विषयों के हर पक्ष का उसमें उल्लेख किया जा सके। उदाहरण के लिए, अनुक्रमणिका में प्रत्येक व्यक्ति, नगर, संगठन, खनिज, पादप, पशु, रासायनिक यौगिक, भेषज, निर्मित पदार्थ इत्यादि सभी का नाम समाविष्ट नहीं किया गया है।

3.62 **सापेक्षिकता (समन्वितता) (Relativity)** – ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की अनुक्रमणिका को 'सापेक्षिक' इसलिए कहते हैं कि जब कि तालिकाओं में एक विषय के विभिन्न पक्ष अपने ज्ञान-शाखात्मक संबंध के अनुसार अनेक स्थानों में बिखरे रहते है, अनुक्रमणिका में वे एक ही विषय-शीर्षक के अंतर्गत समन्वित कर दिए जाते हैं और उनके साथ तालिकाओं में उसके विभिन्न स्थानों का उनके वर्गांको द्वारा संकेत भी दे दिया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि वर्गकार को धातु विषयक किसी पुस्तक का वर्गीकरण करना है तो यदि वह अनुक्रमणिका में 'धातु' शीर्षक के अंतर्गत देखे तो उसे धातु के सभी पक्ष और उपपक्ष, जैसे, कला, रसायन, निर्माण-सामग्री, खनिज, खनन, व्यापारिक उत्पाद ये सभी पक्ष उनके सुनिश्चित् विशिष्ट वर्गांकों के हवाले के साथ एक ही स्थान पर मिल जायँगे।

3.63 **अंतर्निर्देशन (Cross reference)**– अनुक्रमणिका में जगह की बचत करने के साथ-साथ अधिकतम सूचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से **प्रत्यक्ष** और **व्यापक** दोनों प्रकार के अंतर्निर्देशों की युक्ति का प्रयोग किया गया है। प्रत्यक्ष निर्देश (direct reference) दो प्रकार के होते हैं – एक वह जिसके द्वारा किसी संलेख का उसी वर्ग-स्तर पर एक पद से दूसरे पद का (जो प्रायः एक पर्यायवाची पद होता है) निर्देश किया जाता है; और दूसरा वह जो उससे स्थूलतर स्तर पर किसी पद का निर्देश करता है, जैसे, पीतल दे० धातु। व्यापक (विकीर्ण) निर्देश (generalized references or scatter) द्वारा विषयों अथवा उपविषयों के विभिन्न प्रयोग, पक्ष, प्रकार, उपयोग, परिघटनाओं इत्यादि का हवाला दिया जाता है।

3.64 **विषय या विषय-पक्ष जिनका उल्लेख अनुक्रमणिका में नहीं हैं** **(Subjects or aspects not found in Index)**—जैसा कि ऊपर कहा गया है, अनुक्रमणिका में सभी विषयों और विषय-पक्षों का उल्लेख नहीं किया गया है। किंतु यह ध्यान में रखना चाहिए कि ड्यूई प्रणाली का मौलिक संघटन ज्ञान-शाखाओं के आधार पर किया गया है। इसलिए अधोलिखित युक्तियों से उन विषयों के लिए भी उपयुक्त अंकन का पता लगा लेना बहुधा साध्य होगा—

(अ) विषयों अथवा विषय-पक्षों की ही संज्ञा के द्वारा; अथवा

(आ) विषय के स्थूलतर संकल्पना की संज्ञा के द्वारा; अथवा

(इ) विषय के पर्यायवाची शब्दों अथवा पदों के द्वारा।

3.65 **तालिकाओं से समन्वय** **(Co-ordination with schedules)**—अनुक्रमणिका के संलेख एक ओर एक दूसरे से और दूसरी ओर तालिकाओं से बड़ी घनिष्टता से समन्वित किए गए हैं। अतएव उनका प्रयोग बड़ी सावधानी और विवेकपूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए। अनुक्रमणिका में अभीष्ट विषय के सामने छपे हुए अंकन को बिना उनके सभी निर्देशों के जाँचे हुए प्रयोग करना वर्गकार के लिए अपेक्षित नहीं। और न हि केवल अनुक्रमणिका मे दिए गए वर्गांकों के आधार पर बिना उन्हं तालिकाओं से मिलाए हुए पुस्तकों का वर्गीकरण करना उचित है, क्योंकि तालिकाओं मं ही उन वर्गांकों के अंतर्गत समाविष्ट और सोपान-क्रमिक ढंग से व्यवस्थित, सभी विषयात्मक सूचनाएँ उपलब्ध हो सकती है।

3.66 **अनुक्रमणी-विन्यास और अन्य सामान्य सूचनाएँ** **(Index arrangement and other general informations)** अनुक्रमणी-संलेख शब्दश: अकारादिक्रम मे विन्यसित है। मुख्य शीर्षक के अंतर्गत दिए गए अनुच्छेदित पद भी समूहात्मक रूप में अकारादिक्रम से व्यवस्थित है। अनुक्रमणिका में दिए गए अनुच्छेदों का तालिकाओं के अनुच्छेदों के समान ही सोपानक्रमिक महत्त्व है। समास-चिह्नित (hyphenated) शब्द एक ही संयुक्त शब्द के समान माने गए हैं।

यदि उनके अंतर्संबंध को व्यक्त करने के लिए पदों के उलटने की आवश्यकता न महसूस की गई हो तो साधारणतया विशेषण-विशेष्य बोधक पदों का उनके सामान्य रूप में ही उल्लेख किया गया है।

अनुक्रमणिका में ऐसे संकेताक्षर जिनके पूर्व एक डैश हो, उनके अंकन सहायक सारणियों से उद्धृत होते हैं। जैसे जिन अंकनों के पूर्व –मा०उ० हो वे सारणी 1 (मानक उपविभाग) से उद्धृत होते हैं। उसी प्रकार –क्षे०उ० से आशय है सारणी 2 के क्षेत्रीय अंकों का।

तालिकाओं में दिए गए वर्गांक और सारणियों के अंक दशमलव की दाहिनी ओर तीन-तीन के ग्रुपों में छापे गए हैं। ऐसा केवल उनके पढ़ने और प्रतिलिपि बनाने की सुविधा के लिए किया गया है। यही पद्धति अनुक्रमणिका में भी अपनायी गई है।

3.7 **एक सामान्य सुझाव** – वर्गीकरण मे एकरूपता और भावी उपादेयता बढाने के लिए वर्गकार को अपने सभी निजी निर्णयों का लेखा रखना अपेक्षित है। विशिष्ट समस्याओं से सबधित निर्णय चाहे तो वह तालिकाओं मे प्रसगोचित स्थान पर लिख ले, या उसका कोई एक अलग लेखा रखे, या आवश्यकतानुसार दोनों विधियों से काम ले।

## 4. संस्तुत प्रयोगों में परिवर्त्तन
## Variations from Recommended Practice

4 1 **उपयोगिता-सिद्धांत (Principle of usefulnes)**–ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की एक महत्त्वपूर्ण विशिष्टता यह है कि इसके अकनो की भाषा ऐसी सार्वभौम है कि यह सभी प्रकार के पुस्तकालयो मे और सभी देशों मे बोधगम्य है। फिर भी यदि कोई वर्गकार अपने पुस्तकालय के उपयोक्ताओ की असामान्य अथवा विशिष्ट आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए यह अनिवार्यत महसूस करे कि इसकी अकन-प्रणाली के किसी अश विशेष को अकनो के सक्षपीकरण के अतिरिक्त किसी और प्रकार से रूपातरित करना अधिक उपयोगी होगा और उस विशिष्ट प्रकार के रूपातरण के लिए यथार्थ और स्थायी आवश्यकता है तो उसे अधिकृत वर्गाकन-प्रणाली मे विवेकपूर्ण ढग से रूपातर करना न्यायोचित होगा। 'यथार्थ' से तात्पर्य यह है कि प्रत्येक रूपातर का एक ऐसा सुस्पष्ट कारण हो जिसका लेखा रखा जा सके और जिसका युक्तिपूर्ण समर्थन किया जा सके। और 'स्थायी' से तात्पर्य यह है कि ऐसी किसी विशिष्ट आवश्यकता को जो अल्पकालिक अथवा अस्थायी हो उसका समाधान वर्गाको के फेर-बदल से न किया जाय।

4.2 **आधिकारिक अनुमति-प्राप्त रूपांतर (Officially recognized variations)**–मूल तालिकाओ में अनेक महत्त्वपूर्ण रूपातरों का उल्लेख किया गया है या उन्हें किसी अन्य ढग से सम्पादकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ऐसे पुस्तकालयो के लिए जिनकी स्थानीय आवश्यकताओं के लिए वे उपादेय हों उनका प्रयोग संस्तुत है।

4.21 **वैकल्पिक प्रावधान (Optional provisions)**–कई विषयों के लिए तालिकाओं में दो या अधिक वैकल्पिक अंकनों का प्रावधान किया गया है जिनमें से किसी एक को कहीं-कहीं सम्पादक ने अधिमान्यता दी है। प्रत्येक वैकल्पिक प्रावधान में अधिमान्य और वैकल्पिक दोनों अंकनों के साथ अनुदेशात्मक टिप्पणियाँ भी दे दी गई हैं। वैकल्पिक अंकन विशेषकर अधोलिखित विषयों के संबंध में दिए गए है :–

(1) शुद्ध साहित्य संबंधी अंकन-क्रमण;
(2) लेखकों की रचनाओं का विवरण, समीक्षा संबंधी अकन-क्रमण;
(3) जीवनचरित्र; और
(4) भूगोल की विभिन्न शाखाओं का निरूपण।

4.22 **ऐसी पुस्तकें जिनका वर्गीकरण अनिवार्य नहीं है (Types of works not classified)**—बहुत से लोक-प्रिय पुस्तकालय किसी-किसी वर्ग की पुस्तकों को (जैसे, उपन्यास, जीवनचरित को) वर्गीकृत न करने की नीति अनुसरण करते हैं और उन्हें लेखक-नाम के अनुसार ही अकारादिक्रम से व्यवस्थित कर देते हैं। इसी प्रकार, कुछ पुस्तकालय अपने जिल्दबंधी हुई पत्रिकाओं को विषय-अनपेक्ष उनकी आख्या के अकारादिक्रम से रखते हैं। इस प्रकार प्रणाली में कुछ फेर-बदल विशिष्ट परि-स्थितियों में उपयोगी हो सकते हैं। लेकिन उन्हें न्यूनतम मात्रा में ही व्यवहार में लाना वर्गकार और पुस्तकालय दोनों के लिए श्रेयस्कर होगा।

ऐसा विश्वास किया जाता है कि मूल दशमलव वर्गीकरण प्रणाली से संबंधित उपर्युक्त सभी सुझाव प्रस्तुत हिंदी संस्करण के उपयोक्ताओं के लिए भी लाभप्रद और उपयोगी होंगे।

## प्रस्तुत हिंदी रूपांतर
## कुछ प्रत्याशाएं कुछ आभारोक्तियां

It is a pleasure to commend to the libraries and librarians of India this version of the Dewey Decimal Classification in Hindi language. We hope that its appearance in public may inspire appropriate persons to work on versions of Dewey in other Indic languages, thus spreading even further the international and intercultural use of Dewey round the world.

Three persons are chiefly responsible for this version. P. N. Gour carried the main burden of adapting, modifying, reducing, expanding, and translating the text; without his efforts there would be no Hindi version. The late Pauline A. Seely, Assistant Executive Director of Forest Press, served as editorial adviser, giving unstintingly of her time and her special knowledge of classification in general and Dewey in particular. Richard B. Sealock, Executive Director of Forest Press, supported the entire project handsomely at the administrative level, and made it all possible.

The Library of Congress
Washington, D.C. 20540
July 24, 1975

Benjamin A. Custer
Editor, Dewey Decimal Classification

# पारिभाषिक शब्दावली
# Glossary

**अंकन** Notation

किसी वर्गीकरण प्रणाली में मुख्य वर्गों और उनके अधीनस्थ वर्ग-विभागों के बोध कराने के लिए प्रयुक्त अंक, अक्षर और/या अन्य कोई प्रतीक।

**अंकन-निर्माण** Number building

किसी वर्गांक में वर्गीकरण प्रणाली के अन्य खंडों से कोई अंक जोड़कर उसे और अधिक विशिष्ट बनाने की प्रक्रिया।

**अंक-लघूकरण** Reduction of numbers

वर्गकार द्वारा सारणियों अथवा तालिकाओं में दिए गए वर्गांकों को लघ्वाकार बनाने के उद्देश्य से उनके एक या अधिक अंतिम अंकों को प्रयोग में न लाना।

**अंतर्ज्ञान-शाखात्मक कृति** Interdisciplinary work

ऐसी पुस्तक जिसमें किसी विशिष्ट विषय का प्रतिपादन एक से अधिक ज्ञान-शाखाओं के दृष्टिकोण से किया गया हो।

**अंतर्निवेश** Cross reference

किसी ऐसे वर्गांक से, जिसके अंतर्गत किसी विषय से संबद्ध व्यापक कृतियों का वर्गीकरण किया जाता हो, उसके अधीनस्थ वर्गांकों का प्रयोग न करके किसी अन्य विषय के उपविभाग-बोधक वर्गांकों के प्रयोग करने के लिए निर्देश।

**अनुप्रयोग** Application

किसी एक विशिष्ट ज्ञान-शाखा संबंधी कोई बुनियादी सिद्धांत, संकल्पना, प्रक्रिया अथवा प्रविधि का किसी अन्य ज्ञान-शाखा में प्रयोग। जैसे 'व्यापार-प्रबंध' में 'मनोवैज्ञानिक प्रयोग'।

**'अन्यत्र वर्गीकरण कीजिए' टिप्पणी** 'Class elsewhere' note

किसी विषय-विशेष के विशिष्ट अथवा संबद्ध विषयांशों को किसी अन्य वर्गांक के अंतर्गत वर्गीकरण करने के लिए उसके शीर्षक के साथ दी गई अनुदेश-टिप्पणी।

**आधार अंक Base number**

किसी वर्गांक-क्रम का वह अंश जो उस क्रम के सभी वर्गांकों में एक समान अपरिवर्तित रूप में प्रयोग किया गया हो। इस वर्गांक-अंश में सारणिओं अथवा तालिकाओं के अन्य अंक-क्रम के अंकों को अनुदेशानुसार जोड़ा जा सकता है।

**कृत्रिम अंक Artificial digit**

कहीं-कहीं विभिन्न भाषा, साहित्य, धर्म, संस्कृति अथवा प्रजातीय जन-समुदायों के लिए तालिकाओं में विशिष्ट स्थान निर्धारित करने के लिए अथवा उनके अंकन के संक्षेपण के लिए प्रयुक्त अक्षर अथवा हिंदसों के अतिरिक्त कोई अन्य प्रतीक।

**केंद्रित शीर्षक Centered heading**

ऐसा कोई संकल्पना-सूचक शीर्षक जिसके लिए अंकन-क्रम-परंपरा में कोई एक विशेष वर्गांक निर्धारित न किया गया हो किंतु जिसके अंतर्गत एक साथ कई वर्गांक समाविष्ट हों।

**क्रम-परंपरा Hierarchy**

विषयों अथवा ज्ञान-शाखाओं का ऐसा क्रमिक विन्यसन जिसके द्वारा उन्हें उनके स्थूल अथवा सामान्य रूप से लेकर सूक्ष्म अथवा विशिष्ट रूप तक सोपान-क्रम से व्यक्त किया गया हो।

दशमलव वर्गीकरण में किसी विषय की विशिष्टता अथवा सूक्ष्मता की मात्रा को सोपान-क्रम के अतिरिक्त कभी-कभी वर्गांकों के आयाम और हाशिये की गहराई के द्वारा भी व्यक्त किया जाता है।

**क्रामक अंक (बोध-अंक, याचन-अंक) Call number**

अक्षरों, अंकों या/और अन्य प्रतीकों का समुच्चय जिसके द्वारा किसी पुस्तक और पुस्तकालय के संग्रह-क्रम में उसके सापेक्षिक स्थान की पूरी तरह पहचान की जा सकती है और जिसमें उसका वर्ग-अंक, पुस्तक-अंक और कभी-कभी उसके बारे में अन्य सूचनाएँ जैसे उसकी प्रकाशन-तिथि, खंड-अंक, भाग-अंक, स्थान-चिन्ह इत्यादि भी शामिल होते हैं।

प्राय: इसी अंक के हवाले से पाठक पुस्तकालय में पुस्तकों की माँग भी करते हैं।

**'जोड़िए' टिप्पणी Add note**

किसी निर्दिष्ट आधार-अंक में तालिकाओं या सारणियों के किसी अंकन-क्रम से प्राप्त अंकों को जोड़ने का अनुदेश।

**ज्ञान-शाखा Discipline**

विशिष्ट प्रकार के विषय-क्षेत्रों और/या उनके विशिष्ट दृष्टिकोण से संबद्ध ज्ञान-क्षेत्र।

**ज्ञानानुशासन दे० ज्ञान-शाखा**

**डी० डी० सी० DDC**

ड्यूई दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के संकेताक्षर।

**डी० डी० सी० अनुभाग Sections of DDC**

दशमलव वर्गांकन प्रणाली का तृतीय सोपान। इसमे 10 मुख्य वर्गों के द्वितीय विभाग-क्रम और 100 वर्ग-विभागों का प्रथम उपविभागक्रम का उल्लेख है। इनका बोध वर्गांक के तृतीय अंक से होता है, जैसे 629 में 9 से। दशमलव प्रणाली में इस प्रकार के 1000 अनुभाग किए गए हैं।

**डी० डी० सी० मुख्य वर्ग Main classes of DDC**

दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के दस प्रमुख वर्ग। इनका बोध किसी वर्गांक के प्रथम अंक से होता है, जैसे, 600 में 6 से।

**डी० डी० सी० वर्ग-विभाग Divisions of DDC**

दशमलव वर्गांकन-प्रणाली के विभाजन का दूसरा सोपान। इसमें दस मुख्य वर्गों के पहले विभाग-क्रम का उल्लेख है। इनका बोध किसी वर्गांक के द्वितीय अंक से होता है, जैसे 620 वर्गांक में 2 से। दशमलव प्रणाली में 10 मुख्य वर्गो के इस प्रकार 100 विभाग किए गए हैं।

**तालिकाएँ Schedules**

दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के दस मुख्य वर्ग और उनके समस्त विभाग, अनुभाग, उपानुभाग और उनके लिए निर्धारित वर्गांक-शृंखलाएँ।

**निलय-वर्गीकरण Shelf classification**

ऐसी कोई वर्गीकरण योजना जिसका उद्देश्य पुस्तकालय में पुस्तकों को केवल निलयों पर उन्हें किसी व्यवस्थित क्रम से रखना न कि उनके विषय-क्षेत्र के अनुसार अथवा अंतर्विषय-संबंध को सूक्ष्मता से व्यक्त करने के लिए।

**पुस्तक-अंक Book number**

पुस्तक के क्रामक अथवा याचन अंक का वह अंश जिससे उस पुस्तक विशेष का विषय-वर्ग में उसका विशिष्ट स्थान निर्धारित किया जाना है। प्रायः इसके लिए लेखक नामांक का प्रयोग किया जाता है।

**प्रविष्टि दे० संलेख**

**प्रोद्धरण-क्रम Citation order**

ऐसा विषय-विभाजन-क्रम जो वर्गकार को किसी मिश्र विषयात्मक पुस्तक के वर्गीकरण के लिए प्रयोग करना अपेक्षित होता है। जैसे, सूती वस्त्र की बुनाई विषयक पुस्तक के लिए पहले उपादान (रुई) और उसके बाद प्रक्रिया (बुनाई) सूचक अंकों को जोड़कर उसके लिए वर्गांक निर्माण करने की युक्ति।

**बोध अंक दे० क्रामक-अंक**

**"भाषाएँ" सारणी 6 "Languages" Table 6**

विभिन्न भाषाओं के नाम सहित अंकनों की सारणी। इस सारणी के अंकनों का प्रयोग अन्य तालिकाओं और सारणियों के अंकनों में 'जोड़िए' टिप्पणी के अनुसार जोड़कर किया जाता है।

**"भाषावैज्ञानिक उपविभाग" सारणी 4 'Subdivisions of individual languages' Table 4**

किसी भाषा के विभिन्न भाषा-शास्त्रीय उपविभागों के नाम सहित उनके बोधक अंकनों की सारणी। इस सारणी के अंकनों का प्रयोग 410–490 वर्गांकों के किसी भी भाषा-वर्गांक के साथ जोड़कर किया जाता है।

**"भौगोलिक क्षेत्र" सारणी 2 'Areas' Table 2**

विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के नाम सहित उनके लिए निर्धारित अंकनों की सारणी। इन अंकनों का प्रयोग सारणियों और तालिकाओं के अन्य अंकनों के साथ 'जोड़िए' टिप्पणी के अनुदेशानुसार जोड़कर किया जाता है।

**"मानक उपविभाग" सारणी 1 "Standard Subdivisions" Table 1**

किसी विषय अथवा विशिष्ट ज्ञान-क्षेत्र के निरूपण के विभिन्न रूपों अथवा विधाओं के नाम सहित उनके बोधक अंकनों की सारणी। इनका प्रयोग तालिकाओं में किसी वर्गांक के साथ जोड़कर किया जाता है।

**"मानव-जातीय, प्रजातीय और राष्ट्रीय जन-समुदाय" सारणी 5 "Racial, Ethnic, National groups" Table 5**

विशिष्ट मानव-जातीय, प्रजातीय और राष्ट्रीय जन-समुदायों के नाम सहित उनके बोधक वर्गांकों की सारणी जिनका प्रयोग तालिकाओं के वर्गांकों में 'जोड़िए' टिप्पणी में दिए गए अनुदेश के अनुसार जोड़कर किया जाता है।

**'यहाँ (इस शीर्षक के अंतर्गत) वर्गीकरण कीजिए' टिप्पणी 'Class here' note**

ऐसे विषयों को जो किसी शीर्षक विशेष से अधिक व्यापक हों अथवा उसके अंश न हों उसी शीर्षक के अंतर्गत वर्गीकरण करने की अनुदेश टिप्पणी।

**याचन-अंक दे० क्रामक-अंक**

**लेखक-अंक Author number**

किसी लेखक के नाम को संक्षिप्त रूप में बोध कराने के लिए प्रयुक्त अक्षरों और/या अंकों के मिश्रण से बनाया गया प्रतीक।

**वर्ग Class**

(1) ऐसे विषयों अथवा पदार्थों का समूह जिनमें कोई सामान्य विशिष्टता (भेदक गुण) हो और जिसका बोध किसी अंकन विशेष से किया जाता हो।

(2) दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के दस प्रमुख विषय-समूहों में, जिनके लिए 0–9 अंक निर्धारित किए गए हैं कोई एक वर्ग-समूह। इन्हें 'मुख्य वर्ग' भी कहा जाता है।

(3) दशमलव वर्गीकरण प्रणाली में प्रयुक्त किसी भी सूक्ष्मता-स्तर का कोई विषय-उपविभाग।

**वर्गांक (वर्ग-समंक) Class number**

क्रामक अंक (याचन-अंक) का वह अंश जिससे किसी कृति के विषय-वर्ग का बोध होता है।

**वर्गांक-संश्लेषण** **Synthesis of notation**

दे० अंकन-निर्माण

**वर्गीकरण** **Classification**

(1) सम्यक् ज्ञान-क्षेत्र अथवा उसके किसी विशिष्ट अंश को एक युक्तिपूर्ण क्रम से वर्गों में व्यवस्थित करना।

(2) उपर्युक्त क्रम अथवा प्रणाली के अनुसार पुस्तकों को व्यवस्थित करने की कला या प्रविधि।

**वर्गीकृत सूची** **Classified catalogue**

किसी वर्गीकरण प्रणाली में निर्धारित वर्गांक-क्रम के अनुसार (न कि अकारादिक्रम से) व्यवस्थित पाठ्य-सामग्री-सूची।

**विषय** **Subject**

अध्ययन की एक विशिष्ट इकाई। (यह इकाई ज्ञानात्मक विषय के अतिरिक्त व्यक्ति, जनसमुदाय, पदार्थ, स्थान, प्रक्रिया, कार्य-कलाप, गति-विधि अथवा कोई अमूर्त संकल्पना भी हो सकती है)

**विषय-पक्ष** **Aspect**

किसी विषय का वह भाग अथवा अंश जिसका किसी विशिष्ट अध्ययन-क्षेत्र से संबंध हो।

**विस्तार** **Expansion**

तालिकाओं अथवा सारणियों के सूक्ष्मतर उपविभाजन के लिए किसी विषयात्मक संकल्पना अथवा संकल्पना-शृंखला के विस्तरण की प्रक्रिया।

**वैकल्पिक प्रावधान** **Optional provision**

प्रयोक्ताओं की सुविधा के लिए दशमलव वर्गीकरण प्रणाली के मुद्रित सारणियों और तालिकाओं में दिए गए निर्धारित वर्गांकों के विकल्प रूप में प्रकारांतरित वर्गांकों का समावेश।

**व्यापक कृति** **Comprehensive work**

किसी विशिष्ट अध्ययन-क्षेत्र के अंतर्गत किसी विषय से संबंधित ऐसी कृति जिसमें उस विषय के सभी अथवा अधिकांश पक्षों अथवा उपविभागों का प्रतिपादन हो।

**शीर्षक Heading**

किसी वर्ग विशेष की मंज्ञा या उसको व्यक्त करने के लिए शीर्षपद।

**संलेख Entry**

(1) सारणियों और तालिकाओं मे उल्लिखित कोई स्वतःपूर्ण इकाई जिसमें वर्गांक, उससे सबद्ध शीर्षक और एक या अधिक टिप्पणियाँ सम्मिलित हों।

(2) अनुक्रमणिका मे उल्लिखित कोई पद जिमके माथ उससे संबद्ध वर्गांक की सूचना या अन्य किसी पद का निर्देश प्राप्त हो।

**समन्वितता दे० सापेक्षिकता**

**सापेक्षिकता Relativity**

दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की अनुक्रमणिका का एक विशेष गुण जिसके द्वारा प्रत्येक विषय का उसके अकारादि क्रम के अतिरिक्त उससे संबद्ध सभी विशिष्ट अध्ययन-क्षेत्रों का, जिनके अधीन उनका प्रयोग होता है, एक ही शीर्षक के अंतर्गत अनुक्रमणीयन किया गया है। इम प्रकार इस अनुक्रमणिका मे सभी अध्ययन-क्षेत्रो मे प्रयुक्त उस विषय के विभिन्न पक्षो का हवाला एक ही शीर्षक के अंतर्गत मिल जाता है।

**सामान्य-विशिष्ट संकल्पना General Special concept**

किसी विषय की ऐसी विशिष्टता के आधार पर विभाजन करने की युक्ति जिसका प्रयोग विभिन्न प्रकार की विशिष्टताओं पर आधारित उसके अन्य विषय-विभागों के लिए भी किया जा सकता हो।

**सारणी Table**

विभिन्न विषयों और ज्ञान-शाखाओं के अंतर्गत बार-बार प्रयोग में आनेवाली कुछ विशिष्ट अवधारणाओं और संकल्पनाओं के बोधक उपवर्गांकों की क्रमबद्ध सूची। इनका केवल वर्गांक-निर्माण के लिए प्रयोग किया जाता है, स्वतंत्र रूप मे नही।

**सारांश Summary**

(1) किसी विषय के विस्तृत विभाजन के पूर्व उनके वर्गांको के साथ दी गई उसके मुख्य उपविभागों की सारांशित सूची।

(2) संपूर्ण वर्गीकरण प्रणाली के तीन सारांश (जिनमें उनके मुख्य वर्ग, वर्ग-विभाग और वर्ग-अनुभाग समाविष्ट है) और जो तालिकाओं के पहले इस पुस्तक में मुद्रित है।

**"साहित्यात्मक उपविभाग" सारणी 3 'Subdivisions of individual literatures' Table 3**

किसी साहित्य के विभिन्न रूपात्मक उपविभागो के नाम सहित उनके बोधक अकनो की सारणी। इनका प्रयोग 810–890 वर्गांको के अतर्गत किसी भी साहित्य के साथ जोडकर किया जा सकता है।

**सूक्ष्म वर्गीकरण Close classification**

(1) ऐसा वर्गीकरण जिसमे विषयो का सूक्ष्म (सविस्तार) उपविभाजन का प्रावधान हो।

(2) उपर्युक्त प्रणाली के अनुसार पाठ्य-सामग्री का विन्यसन।

**स्थूल वर्गीकरण Broad classification**

(1) ऐसा वर्गीकरण जिसमे बिना विषयो का सविस्तार उपविभाजन किए केवल उनके सामान्य वर्गों का प्रयोग किया गया हो।

(2) एसी वर्गीकरण-प्रणाली जिसमे विषयो के सूक्ष्म उपविभाजन का प्रावधान न हो।

**स्मरणोपकारी युक्ति Mnemonic device**

विभिन्न प्रसगो म किसी एक विषय के लिए एक ही प्रकार के किसी अक के प्रयोग करने की युक्ति।

# सारणियाँ

# सारणियों का प्रयोग

आगे दी गई सारणियाँ सहायक (auxiliary) सारणियाँ हैं और इनका प्रयोग वर्गीकरण तालिकाओं के किसी वर्गांक में जोड़कर ही किया जाता है। कभी-कभी इनमें से एक सारणी के अंक दूसरी सारणी के अंकों में भी जोड़े जा सकते हैं। किन्तु इनके अंकों अथवा संयुक्त अंकों का प्रयोग तालिकाओं के किसी उपयुक्त वर्गांक के साथ ही किया जाता है, उनसे अलग नहीं।

अंकों के पूर्व लगाए गए रेखा-चिन्ह (—) से यह स्पष्ट विदित है कि इन अंकों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग नहीं किया जाता। जब सारणी का कोई अंक तालिकाओं के किसी वर्गांक के साथ जोड़कर कोई पूर्णांक बनाया जाता है तो यह रेखा-चिन्ह हटा दिया जाता है।

प्रत्येक सारणी के आरंभ में उसके प्रयोग संबंधी अनुदेश का उल्लेख कर दिया गया है।

# सारणी 1. मानक उपविभाग
## Table 1. Standard Subdivisions

अधोलिखित मानक उपविभाग किसी भी विषय के विभिन्न पक्षों से संबंध रखते हैं। इनके अंकनों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग नहीं किया जाता। किन्तु इनका प्रयोग सामान्य वर्ग-तालिकाओं के किसी भी वर्गांक के साथ आवश्यकतानुसार किया जा सकता है। उदाहरण के रूप में, आधुनिक भारतीय भाषाओं (तालिका वर्गांक 491·4) के वर्गीकरण (सारणी अंक —012) संबंधी पुस्तक के लिए 491.401 2 संयुक्त वर्गांक का प्रयोग होगा।

इस युक्ति से निर्माण किए गए किसी भी संयुक्त वर्गांक में तीसरे अंक के पश्चात् दशमलव विंदु का प्रयोग आवश्यक है।

### सारणी-सारांश

- —01 **दर्शन और सिद्धांत Philosophy & theory**
- —02 **प्रकीर्णक Miscellany**
- —03 **कोश, विश्वकोश, शब्दानुक्रमणिकाएं Dictionaries, encyclopedias, concordances**
- —04 **सामान्य विशिष्ट General special**
- —05 **क्रमिक प्रकाशन Serial publications**
- —06 **संगठन, संस्थाएं Organizations**
- —07 **अध्ययन और अध्यापन Study and teaching**
- —08 **संग्रह, संकलन Collections**
- —09 **ऐतिहासिक और भौगोलिक निरूपण Historical and geographical treatment**

**—01 दर्शन और सिद्धांत Philosophy and theory**

—012 वर्गीकरण Classification

विषयों का विभाजन और उनका अंतर्संबंध

—013 मूल्य Value

—014 भाषाएं (शब्दावली) और संचार Languages (Terminology) and communication

—014 7 अशाब्दिक भाषाएं Non-verbal languages

—014 8 शब्द-संक्षेप और शब्द-प्रतीक Abbreviations and symbols

—014 9 रचना-प्रविधि Technique of writing

वैकल्पिक और अधिमान्य वर्गांक 808·066

—015 वैज्ञानिक सिद्धांत Scientific principles

विषयों के विश्लेषण, विवरण और तत्संबंधित क्रियाओं के लिए शुद्ध विज्ञान का प्रयोग

—015 में शुद्ध विज्ञान तालिका के 510-590 वर्गांकों से 5 के अनुवर्ती अंक जोड़ें। उदाहरण के लिए, गणितीय सिद्धांत के लिए —015 1

—विषयों के वैज्ञानिक और सांख्यिकीय रीति-विधान (methodology) का वर्गीकरण —018 के अंतर्गत होगा

—विषयों के मनोवैज्ञानिक सिद्धांत के लिए देखिए —019

—016 अनुक्रमणिकाएं Indexes

—017 व्यावसायिक और वृत्यात्मक नीति Professional and occupational ethics

वैकल्पिक और अधिमान्य वर्गांक 174

—018 शोध तथा अनुसंधान संबंधी रीति-विधान Methodology

सांख्यिकीय रीति (statistical method), क्रियात्मक शोध (operations research) इत्यादि

—019 मनोवैज्ञानिक सिद्धांत Psychological principles

—02 **प्रकीर्णक Miscellany**

साररूप (synopses), प्रारूप (outlines), पुस्तिकाएं (manuals), हास्यात्मक (humorous), श्रव्य-दृश्यात्मक (audio-visual) निरूपण इत्यादि।

—021 सारणीकृत और संबंधित सामग्री Tabulated and related materials

सारणियां, (tables), सूत्र (formula), विशिष्ट विवरण (specification), आंकड़े (statistics), सूचियां (lists, catalogs, inventories) इत्यादि

—022 निदर्शन-चित्र और प्रतिरूप Illustrations and models

चित्र, चार्ट, अभिकल्प (designs), आरेख (diagrams), योजना-चित्र (plans), इत्यादि

—022 8 प्रतिरूप Models

—023 विषय का व्यावसायिक अथवा वृत्यात्मक निरूपण The subject as a profession, occupation, hobby

वैकल्पिक वर्गांक 331·76

—025 निर्देशिकाएं Directories

—027 पेटेंट Patents

—028 **प्रविधियाँ (तकनीकें) Techniques**

विभिन्न शिल्प तथा कौशल संबंधी प्रविधियां, यंत्र और साधन
-प्रयोग-शाला-पुस्तिकाएं भी इसी अंकन के अंतर्गत वर्गीकृत होंगी

—028 5 डेटा-प्रस्तुतीकरण Data processing

—029 व्यापारिक प्रकीर्णक प्रकाशन Commercial miscellany

व्यापारिक संस्थाओं के मुख-पत्र, विवरणिकाएं, मूल्य-सूचियाँ, व्यापारिक पदार्थ-सूचियाँ इत्यादि

**—03 कोश, विश्वकोश, शब्दानुक्रमणिकाएं Dictonaries, encyclopedias, concordances**

**—04 सामान्य-विशिष्ट General special**

इस उपविभाग का प्रयोग केवल उन विशिष्ट विषयात्मक प्रत्ययों और अवधारणाओं के लिए आरक्षित किया गया है जो किसी विषय अथवा ज्ञान-क्षेत्र विशेष के सभी उपविषयों और उपशाखाओं में सामान्य रूप से निहित होते हैं। इसका प्रयोग तालिकाओं में दिए गए केवल उन्हीं वर्गांकों के साथ होगा जहाँ उनका विशेष रूप से अनुदेशन किया गया है

**—05 क्रमिक प्रकाशन, पत्रिकाएं Serial publications**

—संस्थाओं के प्रशासनिक प्रतिवेदन और वृत्तों का वर्गीकरण उपविभाग —06 के अंतर्गत होगा

**—06 संगठन, संस्थाएं Organizations**

स्थायी एवं अस्थायी अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय राजकीय एवं अराजकीय संगठनों और संस्थाओं और व्यापारिक संगठनों के इतिहास, अधिकार-पत्र, नियमावली, सदस्य-सूचियां, प्रशासनिक प्रतिवेदन और वृत्त इत्यादि

—060 1 अंतर्राष्ट्रीय International

—060 3-060 9 राष्ट्रीय, देशीय, प्रांतीय, स्थानीय National, state, provincial, local

—आधार-अंक —060 में सारिणी 2 से 'क्षेत्रीय अंक' 3-9 जोड़िए।
उदाहरण के लिए, भारतीय राष्ट्रीय संस्थाएँ : 060 54

—065 व्यापारिक संगठन Business organizations

**—07 अध्ययन और अध्यापन Study and teaching**

—माध्यमिक, उच्च और प्रौढ़ शिक्षण संस्थाएँ एवं पाठ्य-क्रम, तत्संबधी शोधकार्य, विद्यार्थी एवं प्रशिक्षार्थी-प्रतियोगिताएँ एवं पुरस्कार और पारितोषिक, पूर्वयोजित पठन-पाठन, अध्यापन-यन्त्रों का प्रयोग, इन सभी से संबंधित सामग्री का वर्गीकरण इस उपविभाग के अंतर्गत होगा।

—प्राथमिक विद्यालय संबंधी सामग्री का वर्गीकरण 372·1 और उनके पाठ्य-पुस्तकों और पाठ्य-क्रमों का वर्गीकरण 372·3-372·8 वर्गांकों के अंतर्गत होगा

—07 उपविभाग का प्रयोग पाठ्यपुस्तकों के लिए नहीं किया जाएगा

—072 शोध और अनुसंधान Research

ऐतिहासिक, विवरणात्मक अथवा प्रयोगात्मक अनुसंधान के द्वारा तथ्यों के उद्भेदन एवं संस्थापन संबंधी क्रियाएँ और सुविधाएँ

—074 संग्रहालय और उनमें प्रदर्शित सामग्री Museums and exhibits

संग्रह-सूचियां, निर्देशिकाएँ

—075 विशिष्ट पदार्थों का संग्रहण एवं संग्रह Collecting and collections of objects

—076 पुनरीक्षण और अभ्यास-सामग्री Reviews and exercises

अभ्यास-पुस्तिकाएँ, प्रश्नावलियां, प्रश्नोत्तर पुस्तिकाएँ इत्यादि

—077 पूर्वयोजित शिक्षा-क्रम और शिक्षोपार्जन Programed teaching and learning

**—08 संग्रह, संकलन Collections**

—साहित्यिक निबंधों का वर्गीकरण वर्गांक 800 के अंतर्गत होगा

**—09 ऐतिहासिक और भौगोलिक निरूपण Historical and geographical treatment**

---

090 1-090 4 ऐतिहासिक काल

—090 1 आदिकाल से 500 ई० तक

—090 2 500-1500

—090 3 आधुनिक काल 1500-1900

—090 4 बीसवीं सदी 1900-2000

—091 सामान्य क्षेत्रात्मक निरूपण Treatment by areas, regions, places in general

इतिहास और वर्णन

—इस प्रकार के सामान्य क्षेत्रात्मक निरूपण के लिए सारणी 2 के क्षेत्रीय अंकन 1 को इस सारणी के आधारांक —09 में जोड़ें; उदाहरण के लिए, उष्णकटिबंध संबंधी विषय के लिए —091 3

—092 क्षेत्र-निरपेक्ष व्यक्त्यात्मक निरूपण Persons regardless of area, region, place

किसी विषय विशेष से संबंधित व्यक्तियों की कृतियों, जीवनियों और आत्म-संस्मरण का विवरण अथवा समीक्षात्मक मूल्यांकन

—जीवनियों का वर्गीकरण वैकल्पिक रुप से 920.1-920.9 वर्गांकों के अंतर्गत किया जा सकता है

—विषय-निरपेक्ष जीवनियों का वर्गीकरण 920 वर्गांक के अंतर्गत होगा

—093-099 विशिष्ट महाद्वीप, देश, स्थान अथवा भूमंडलेतर लोक आधारित निरूपण
Treatment by specific continents, countries, localities and extraterrestial worlds

विषयों का विशिष्ट क्षेत्रात्मक इतिहास एवं वर्णन

–इस प्रकार के विशिष्ट क्षेत्रात्मक निरूपण के लिए सारणी 2 के क्षेत्रीय अंकन 3-9 को इस उपविभाग के आधारांक —09 में जोड़ें। उदाहरण के लिए, भारत संबंधी विषय के लिए —095 4

# सारणी 2. भौगोलिक क्षेत्र
## Table 2. Areas

अधोलिखित क्षेत्रीय अंकनों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग नहीं किया जाता। किन्तु इनका प्रयोग सामान्य वर्ग-तालिकाओं के किसी भी वर्गांक के साथ सीधे अथवा सारणी 1 के मानक उपविभाग अंकन —09 को बीच में जोड़कर किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, भारत (इस सारणी के अंकन —54) में पारिवारिक जीवन (तालिका-वर्गांक 301.42) के लिए 301·425 4 संयुक्त वर्गांक का प्रयोग होगा। अथवा भारत (सारणी अंकन —54) में रेल-मार्ग (परिवहन तालिका-वर्गांक 385) के लिए 385·095 4 संयुक्त वर्गांक का प्रयोग होगा।

इन अंकनों का प्रयोग अन्य सारणियों के उन अंकनों के साथ भी किया जा सकता है जहाँ इनका विशेष रूप से निर्देश किया गया है। जैसे सारणी 1 के मानक उपविभाग —025 के साथ।

इस युक्ति से निर्माण किए गए किसी भी संयुक्त वर्गांक में तीसरे अंक के पश्चात् दशमलव-विंदु का प्रयोग आवश्यक है।

### सारणी-सारांश

**—1** सामान्य भौगोलिक क्षेत्र, प्रदेश, स्थान **Areas, regions, places in general**

**—2** क्षेत्र, प्रदेश स्थान, निरपेक्ष व्यक्ति **Persons regardless af area, region, place**

**—3** प्राचीन विश्व **The ancient world**

**—4-9** आधुनिक विश्व **The Modern World**

**—4** यूरोप **Europe**

**—5** एशिया, प्राच्य-प्रदेश, दूर पूर्व **Asia, Orient, Far East**

**—6** अफ़्रीका **Africa**

**—7** उत्तरी अमरीका **North America**

**—8** दक्षिणी अमरीका **South America**

**—9** विश्व के अन्य प्रदेश, भूमंडलेतर लोक, प्रशांत महासागर द्वीपपुंज (ओशेनिया) **Other parts of the world and extraterrestrial world, Pacific Ocean Islands (Oceania)**

**—1 सामान्य क्षेत्र, प्रदेश, स्थान Areas, regions, places in general**

किसी महाद्वीप, देश अथवा स्थान विशेष से असीमित

---

## —11-13 कटिबंधीय प्रदेश Zonal regions

—11 शीत कटिबंध Frigid Zones

—12 शीतोष्ण कटिबंध Temperate Zone

—13 ऊष्ण कटिबंध Torrid Zones (Tropics)

---

## —14-16 भौताकृतिक प्रदेश Physiographic regions

—14 स्थल और स्थलीय आकृति Land and land forms

—141 महाद्वीप Continents

—142 द्वीप Islands

—143 पर्वत, पठार Mountains, plateaus

—144 घाटियाँ Valleys

—145 मैदान (समतल भूमि) Plane regions

—146 तटवर्ती प्रदेश Coastal regions

—148 मिट्टी Soil

—15 वनस्पति के प्रकार Types of vegetation

—152 वन Forests

—153 घासभूमि Grasslands

—154 मरुभूमि Deserts

—16 वायु और जल Air and water

—161 वायुमंडल Atmosphere

—162 महासागर और सागर Oceans and seas

—163 ऐटलांटिक महासागर Atlantic Ocean

इस अंक में बाल्टिक सागर, नार्थ सागर,, ब्लैक सागर, मेक्सिको की खाड़ी इत्यादि समाविष्ट हैं।

—163 2 उत्तर ध्रुवीय सागर (आर्कटिक महासागर) North Polar Sea (Arctic Ocean)

—163 8 मेडीटेरैनियन सागर Mediterranean Sea

—164 प्रशांत महासागर Pacific Ocean

—165 हिंद महासागर Indian Ocean

—165 33 लाल सागर Red Sea

—165 35 फ़ारस की खाड़ी Persian Gulf

—165 37 अरब सागर Arabian Sea

—165 64 बंगाल की खाड़ी Bay of Bengal

—167 दक्षिण ध्रुवीय जलाशय Antarctic waters

—17 सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति-आधारित प्रदेश Socio-economic-regions

—171 राजनीति-आधारित संहति Political orientation

साम्राज्य, संघ, पाश्चात्य गुट, अमरीकी-एशियाई गुट, गुट-निरपेक्ष राज्य, साम्यवादी गुट इत्यादि

—172 आर्थिक-प्रगति आधारित प्रदेश Degrees of economic development

—173 जनसंख्या-संकेंद्र-आधारित प्रदेश Concentration of population

नगरीय, उपनगरीय, ग्रामीण प्रदेश

—174 विशिष्ट जाति-समुदाय-प्रधान प्रदेश Regions where specific racial, ethnic, national groups predominate.

आधारांक —174 मे सारणी 5 के अंकन 01-99 जोड़िए

—175 विशिष्ट भाषाप्रधान प्रदेश Regions where specific languages predominate

आधारांक —175 में सारणी 6 के अंकन 1-9 जोड़िए

—176 विशिष्ट धर्मप्रधान प्रदेश Regions where specific religions predominate

—18 अन्य प्रकार के भौमिक प्रदेश Other kinds of terrestrial regions

—181 गोलार्ध Hemispheres

पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, दक्षिणी गोलार्ध

—182 महासागर और समुद्रों के कछार Ocean and sea basins

प्रमुख जलाशयों के निकटवर्ती महाद्वीप और द्वीपपुंज, जैसे एटलांटिक प्रदेश, मेडीटेरैनियन प्रदेश इत्यादि

—182 4 हिंद महासागर प्रदेश Indian Ocean region

—19 अंतरिक्ष Space

भूमंडलेतर लोक के लिए —99

**—2 क्षेत्र, प्रदेश अथवा स्थान विशेष निरपेक्ष व्यक्ति Persons regardless of area region, place**

क्षेत्रीय आधार निरपेक्ष व्यक्तियों की जीवनी, संस्मरण, उनकी कृतियों का विवरण और मूल्यांकन इत्यादि

—22 संगृहीत Collected
—24 वैयक्तिक Individual

---

## —3-9 विशिष्ट महाद्वीप, देश, स्थान, भूमंडलेतर लोक Specific continents, countries, localities, extraterrestrial worlds

**—3 प्राचीन विश्व The ancient world**
—31 चीन China
—32 मिस्र Egypt
—33 फ़िलिस्तीन Palestine
—34 भारतवर्ष India
—35 मेसोपोटामिया और ईरानी पठार Mesopotamia and Iranian plateau
—36 इतालवी प्रायद्वीप के उत्तर और पश्चिम स्थित यूरोप Europe north and west of Italian Peninsula
—362 बृटिश द्वीपपुंज British Isles
—363 जर्मन प्रदेश Germanic regions
—364 केल्टी प्रदेश Celtic regions
—366 आइबेरियाई प्रायद्वीप Iberian Peninsula
—37 इतालवी प्रायद्वीप और निकटवर्ती प्रदेश Italian Peninsula and adjacent territories
इसमें सिसिली, माल्टा, सार्डीनिया, कार्सिका समाविष्ट हैं
इटली स्थित रोमन साम्राज्य का वर्गीकरण इसी अंक के अंतर्गत होगा
—38 यूनान् (ग्रीस) Greece
—39 प्राचीन विश्व के अन्य भाग Other parts of ancient world
—391 ईजियन सागर द्वीपपुंज Aegean Sea islands
—392 एशिया माइनर Asia Minor
—393 साइप्रस Cyprus
—394 सीरिया और अरब Syria and Arabia
—395 ब्लैक सागर और काकेशस प्रदेश Black Sea and Caucasus regions
—396 मध्य एशिया Central Asia
—397 उत्तरी अफ्रीका North Africa
—398 दक्षिण-पूर्व यूरोप South-east Europe

## —4-9 आधुनिक विश्व; भूमंडलेतर लोक
## The modern world; extraterrestrial worlds

—4 **यूरोप Europe**

—41 स्काटलैंड Scotland

—415 आयरलैंड Ireland

—416 अल्स्टर उत्तरी आयरलैंड Ulster Northern Ireland

—42 ब्रिटिश द्वीपपुंज इंगलैंड British Isles England

—421 लंदन London

—429 वेल्स Wales

—43 मध्य यूरोप जर्मनी Central Europe Germany

**फ़ेडरल रिपब्लिक ऑफ़ जर्मनी का वर्गीकरण इस अंक के अंतर्गत होगा। स्विट्ज़रलैंड के लिए दे० —494**

—431 पूर्व जर्मनी (जर्मन डिमॉक्रेटिक रिपब्लिक) East Germany (German Democratic Republic)

**इसमें ब्रैंडनबर्ग (Brandenburg), मेक्लेनबर्ग (Mecklenburg), सैक्सनी-ऐंहाल्ट (Saxony-Anhalt), सैक्सनी (Saxony), और थुरिंजिया (Thuringia) समाविष्ट हैं**

—431 5 बर्लिन Berlin

—436 आस्ट्रिया Austria

—436 1 वियना नगर Vienna

—437 ज़ेकोस्लोवाकिया Czechoslovakia

—437 1 प्राहा (प्राग) Praha (Prague)

—438 पोलैंड Poland

—438 4 वार्संजावा (वार्सा नगर) Warszawa (Warsaw city)

—439 हंगरी Hungary

—439 1 बुडापेस्ट Budapest

—44 फ्रांस और मोनाको France and Monaco

**इसमें कार्सिका भी समाविष्ट है**

—443 पेरिस Paris

—45 इटली और निकटवर्ती प्रदेश Italy and adjacent territories

—456 रूम (रोम) और वैटिकन नगर Rome and Vatican City

—458 सिसिली और निकटवर्ती द्वीपपुंज Cicily and adjacent islands

**माल्टा का वर्गीकरण इस अंक के अंतर्गत होगा**

—459 सार्डीनिया Sardinia

—46 आइबीरियाई प्रायद्वीप और निकटवर्ती द्वीपपुंज स्पेन Iberian Peninsula and adjacent islands Spain

—464 मैड्रिड Madrid

—468 जिब्राल्टर Gibraltar

—469 पुर्तगाल Portugal

—469 4 लिस्बन Lisbon

—47 पूर्व यूरोप सोवियट संघ Eastern Europe Soviet Union

—471 फ़िनलैंड Finland

—473 मास्को Moscow

—474 सोवियट संघ का बाल्टिक सागर क्षेत्र Baltic Sea area of Soviet Union

इस अंक में एस्टोनिया, लैट्विया, लेनिनग्रैड, लिथुएनिया भी समाविष्ट हैं

—477 सोवियट संघ का ब्लैक सागर क्षेत्र Black Sea area of Soviet Union

इस अंक में यूक्रेन, मोल्दाविया, क्रीमिया समाविष्ट हैं

—478 सोवियट संघ का पूर्वी क्षेत्र Eastern area of Soviet Union

इस अंक में वोल्गा नदी और यूराल पर्वत समाविष्ट हैं

—479 सोवियट संघ का काकेशस क्षेत्र Caucasus area of Soviet Union

इस अंक में कैस्पियन सागर, ऐज़रबाईजान, सोवियट आर्मीनिया, जॉर्जिया समाविष्ट हैं

—48 उत्तरी यूरोप स्कैण्डिनेविया Northern Europe Scandinavia

—481 नार्वे Norway

—482 आस्लो नगर Oslo city

—485 स्वीडेन Sweden

—487 स्टाकहोम नगर Stockholm city

—489 डेनमार्क Denmark

—489 1 कापेनहैगेन नगर Copenhagen city

—49 यूरोप के अन्य भाग Other parts of Europe

—491 आइसलैंड Iceland

—492 नेदरलैंड (हालैंड) Netherlands (Holland)

—492 3 ऐम्सटडम, हेग Amsterdam, The Hague

—493 बेल्जियम Belgium

—493 3 ब्रुसेल्स Brussels

—494 स्विट्ज़रलैंड Switzerland
—494 5 जिनेवा, बर्न, ज्यूरिच Geneva, Berne, Zurich
—495 यूनान (ग्रीस) Greece
—495 1 एथेंस Athens
—496 बाल्कन प्रायद्वीप Balkan Peninsula
—496 1 यूरोपीय तुर्की European Turkey
—496 5 अल्बेनिया Albania
—497 यूगोस्लाविया Yugoslavia
—497 1 बेल्ग्रेड Belgrade
—497 7 बुल्गेरिया Bulgaria
इस अंक में बाल्कन पर्वत और सोफ़िया समाविष्ट है
—498 रूमानिया Romania
—498 2 बुकारेस्ट Bucharest
—499 ईजियन सागर द्वीपपुंज Aegean Sea Islands
—499 8 क्रीट Crete

**—5 एशिया दूरपूर्व Asia Far East**

**सारांश**

**—51 चीन और निकटवर्ती क्षेत्र China and adjacent areas**
**—52 जापान और निकटवर्ती द्वीपपुंज Japan and adjacent islands**
**—53 अरब प्रायद्वीप और निकटवर्ती क्षेत्र Arabian Peninsula and adjacent areas**
**—54 दक्षिण एशिया भारत South Asia India**
**—55 ईरान (फ़ारस) Iran (Persia)**
**—56 मध्यपूर्व (निकटपूर्व) Middle East (Near East)**
**—57 साइबेरिया (एशियाई रूस) Siberia (Asiatic Russia)**
**—58 मध्य एशिया Central Asia**
**—59 दक्षिण-पूर्व एशिया South-east Asia**

—51 चीन और निकटवर्ती क्षेत्र China and adjacent areas
—511 उत्तर-पूर्व चीन Northeastern China
किआंग्सू, शांतुंग, होपेह, शान्सी और होनान प्रांत
—511 5 पीकिंग नगर Peking municipality

—512 दक्षिण-पूर्व चीन और निकटवर्ती क्षेत्र Southeastern China and adjacent regions

हुपेह, हुनान, कियाग्सी, अंह्वाई, चिकियांग, क्वांटुंग, क्वांग्सी प्रांत।

—512 4 तायवान (फ़ार्मोसा) Taiwan (Farmosa)

—512 5 हांगकांग Hongkong

—512 6 मकाओ Macao

—513 दक्षिण-पश्चिम चीन Southwestern China

क्वीचाऊ, यूनान, ज़ेचवान प्रांत

—514 उत्तर-पश्चिम चीन Northwestern China

शेंसी, कांसू, सिंघाई प्रांत

—515 तिब्बत स्वायत्त प्रदेश Tibet Autonomous Region

—516 सिंकियांग स्वायत्त प्रदेश Sinkiang-Ulghur Autonomous Region

—517 मंगोलिया Mongolia

—518 मंचूरिया Manchuria

—519 कोरिया Korea

—519 3 उत्तर कोरिया North Korea

—519 5 दक्षिण कोरिया South Korea

—52 जापान और निकटवर्ती द्वीपपुंज Japan and adjacent islands

होंशू, क्यूशू, शिकोकू, होकेडो, र्यूक्यू, बोनिन द्वीप

—521 टोकियो नगर Tokyo city

—53 अरब प्रायद्वीप और निकटवर्ती क्षेत्र Arabian Peninsula and adjacent region

—531 सिनाई प्रायद्वीप Sinai Peninsula

—533 यमन Yemen

—533 5 अदन Aden

—535 ओमान Oman

—536 फ़ारस की खाड़ी प्रदेश Persian Gulf region

क़तार, बहरीन, कुवैत

—538 सऊदी अरब Saudi Arabia

—54 दक्षिण एशिया भारत South Asia India

इस अंक के अंतर्गत हिमालय पर्वत, सिंधु नदी और ब्रह्मपुत्र नदी का भी वर्गीकरण होगा

**सारांश**

**—541 उत्तर-पूर्व भारत North-eastern India**
**—542 उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh**
**—543 मध्य प्रदेश Madhya Pradesh**
**—544 राजस्थान Rajasthan**
**—545 पंजाब प्रदेश (भारतीय) Panjab region of India**
**—546 जम्मू और कश्मीर Jummu and Kashmir**
**—547 पश्चिम भारत Western India**
**—548 दक्षिण भारत Southern India**
**—549 पाकिस्तान और अन्य प्रदेश Pakistan and other jurisdictions**

---

—541–548 भारत India

भारतवर्ष संबंधी व्यापक कृतियों का वर्गीकरण —54 के अंतर्गत होगा

—541 उत्तर-पूर्व भारत North-eastern India
–इस अंक के अंतर्गत 'गंगा नदी' का वर्गीकरण होगा

—541 2 बिहार Bihar
–इस अंक के अंतर्गत पूर्ववर्ती प्रांत 'बिहार और उड़ीसा' का भी वर्गीकरण होगा

—541 21 पटना Patna

—541 3 उड़ीसा Orissa

—541 31 भुवनेश्वर Bhuvaneshwar

—541 4 पश्चिम बंगाल West Bengal
–इस अंक के अंतर्गत प्राक्स्वतंत्रता अविभाजित बंगाल प्रांत का वर्गीकरण होगा
–स्वतंत्रोपरांत 'पूर्व बंगाल' के लिए दे० —549 2

—541 41 कलकत्ता Calcutta

—541 5 त्रिपुरा Tripura

—541 51 अगरतला Agartala

—541 6 असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय Assam, Arunachal Pradesh, Nagaland, Meghalaya

—541 62 असम Assam

—541 621 गोहाटी Gauhati

—541 63 अरुणाचल प्रदेश Arunachal Pradesh

—541 631 शिलांग Shillong

—541 64 मेघालय Meghalaya
—541 65 नागालैंड Nagaland
—541 651 कोहिमा Kohima
—541 66 मिज़ोराम Mizoram
—541 7 मणिपुर Manipur
—541 71 इम्फ़ाल Imphal
—542 उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh
—542 1 लखनऊ Lucknow
—543 मध्यप्रदेश Madhya Pradesh
